ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 08.01.2024 वर्ष 11, अंक 08 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

जो व्यक्ति पवित्र और साहसी है, वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

## क्विक न्यूज

### हिमाचल के पांच शहरों का पारा माइनस में

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में तापमान शून्य से नीचे रिकार्ड किया गया है। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाके तक भीषण शीतलहर की चपेट में हैं।मौसम विभाग ने 10 जनवरी को प्रदेश के मैदानी भागों में वर्षा और पहाड़ी इलाकों में बर्फ गिरने की संभावना जताई है। पहाड़ों की रानी शिमला और पर्यटन नगरी मनाली में सैलानी सीजन की पहली बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को चार जिलों लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और मंडी के पांच शहरों का न्यूनतम पारा माइनस में दर्ज किया गया।

### श्रीकांत शिंदे, सुकांत मजूमदार सहित पांच सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है. इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की. भाजपा के सुधीर गुप्ता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया है. इन सांसदों को 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।संसद रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को, जबकि संसद महारत्न पुरस्कार लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए जाते हैं.

### जंगली हाथियों के हमले में दो की मौत

**कामरूपा :** राज्य के कामरूप और ग्वालपाड़ा जिलों में जंगली हाथियों के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है। हाथियों ने कई घरों को क्षतिग्रस्त कर जमकर उत्पात मचाया।वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कामरूप।जिला के बोको बरखाल में जंगली हाथियों के झुंड से निकले हाथी ने गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथी को खदेड़ने के दौरान हाथी ने हमला कर दिया, जिससे बड़खाल के कमलेश्वर बोड़ो (55) की मौत हो गयी, जबकि दूसरा अमल राभा (40) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर इलाज के लिए गुवाहाटी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) रेफर कर दिया गया है।दूसरी घटना ग्वालपाड़ा जिलांतर्गत बलबला के फाफोंगा में हुई। वन विभाग ने रविवार को बताया है कि शनिवार रात 40-50 सदस्यीय जंगली हाथियों के एक समूह इलाके में जमकर उपद्रव मचाया। जंगली हाथियों ने 10 से अधिक घरों को नष्ट कर दिया। जंगली हाथियों के हमले में श्यामजीत मोमिन की मौत हो गयी।

### टीएमसी नेता की गोली मार कर हत्या

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता सत्येन चौधरी की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटना रविवार दोपहर को बहरामपुर के चलटिया में हुई. जानकारी के मुताबिक कुछ लोग बाइक पर आए और नजदीक से टीएमसी नेता को गोली मार दी. इस घटना के बाद सत्यन चौधरी को मुर्शिदाबाद ले जाया गया.सूत्रों ने बताया कि सत्येन कभी अधीर रंजन चौधरी के करीबी हुआ करते थे, लेकिन बाद में वह तृणमूल कांग्रेस में चले गए. हाल ही में सत्येन की सत्ताधारी पार्टी से दूरियां काफी बढ़ गई थीं. रविवार दोपहर बदमाशों ने कथित तौर पर नजदीक से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी.जिला महासचिव सत्येन चौधरी को हमलावरों ने करीब से गोली मारी. गोली लगने के बाद उन्हें आननफानन में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23° |
| न्युनतम | 10° |

**मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का किया शुभारम्भ**

## स्वदेशी होने का परिचायक है खादी : हेमंत सोरेन



**रांची :** खादी सिर्फ एक पहनावा मात्र नहीं है। यह हमारी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी होने का परिचायक है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2023-24 का उद्घाटन करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि हम सभी इस बात से भली-भांति वाकिफ हैं कि खादी के साथ महान शख्सियत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जुड़ा है,जिन्होंने देश-दुनिया में खादी को अलग पहचान दी। ऐसे में हम सभी को खादी से जुड़ने की जरूरत है।ताकि हम अपनी पारंपरिक ग्रामीण और स्वदेशी व्यवस्था को और मजबूत करते हुए आगे ले जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भौतिकवादी युग और तकनीक का जमाना है। मशीनों के साथ हम जी रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अपनी परंपरा, संस्कृति और सभ्यता को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमाना चाहे जितना आगे बढ़ जाए,लेकिन हमारे देश और राज्य में आज भी ग्रामीण तथा स्वदेशी व्यवस्था की अहमियत बरकरार है। खादी जैसा ग्राम उद्योग इसी का एक उदाहरण है।

### रोटी, कपड़ा और मकान की हर किसी को जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत हमारे पूर्वजों को भी थी। हमें भी है और आने वाली पीढ़ी को भी रहेगी। इसके बिना हमारी जिंदगी आगे नहीं बढ़ सकती है। ऐसे में हर व्यक्ति तक इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार काम कर रही है।

### पलाश ब्रांड के जरिए सखी मंडलों की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को उपलब्ध करा रहे हैं बाजार

**मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण और देसी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हमारे राज्य में सखी मंडलों से जुड़कर लाखों दीदियां तरह-तरह के उत्पाद बना रही हैं। इन उत्पादों में किसी भी प्रकार के केमिकल का इस्तेमाल नहीं होता है। ये स्वदेशी उत्पाद हैं। सरकार इन दीदियों के उत्पादों को पलाश ब्रांड के माध्यम से बाजार उपलब्ध करा रही है, ताकि उनकी आजीविका के साधनों को और मजबूत कर सके। इसके लिए लोगों को भी इनकी द्वारा निर्मित उत्पादों से जुड़ना होगा।**

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

**पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मालदीव में हलचल**

# मालदीव के मंत्री समेत तीन निलंबित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना मालदीव के मंत्रियों को भारी पड़ा। मालदीव सरकार ने अपनी मंत्री मरियम शिउना को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा दो अन्य मालशा और हसन जिहान पर भी कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, विवादित बयान देने वाले दोनों मंत्री और एक सांसद को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया।

### भारत ने जताई थी नाराजगी

मालदीव की मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पर भारत ने नाराजगी जताई थी और मामले को मोहम्मद मुइज्जू सरकार के सामने उठाया था। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है।



### क्या है पूरा मामला

मालदीव के एक महिला मंत्री मरियम शिउना समेत कई राजनेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया लक्षद्वीप यात्रा का मजाक उड़ाने के बाद विवाद पैदा हुआ. मालदीव में युवा अधिकारिता उप मंत्री मरियम शिउना ने एक्स पर पोस्ट की और पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की. मालदीव के नेता ने पीएम मोदी को कठपुतली भी कहा. हालांकि माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स से अब उन्होंने अपना यह बयान डिलीट कर दिया.

मंत्री शिउना के अलावा, एक अन्य मंत्री, जाहिद रमीज़ सहित मालदीव के अन्य अधिकारियों ने भी पीएम मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों का सोशल मीडिया पर मज़ाक उड़ाया था और कई लोगों ने इसकी तुलना मालदीव से की थी.इस मामले में मामले में भारतीय उच्चायुक्त ने मंत्री की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई.

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने लक्षद्वीप दौरे की तस्वीरें पोस्ट की थीं और भारतीयों से इस आइलैंड पर घूमने आने की अपील की थी. इस पर मालदीव की युवा सशक्तिकरण मामलों की उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी के पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.

### मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भी लताड़ा

इस मामले में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भी मंत्रियों और सांसद की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि मैं सोशल मीडिया पर मालदीव सरकार के मंत्रियों की भारत के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही घृणास्पद भाषा की निंदा करता हूं। भारत हमेशा मालदीव का एक अच्छा दोस्त रहा है और हमें इस तरह की कठोर टिप्पणियों को हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव डालने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

### पूर्व उपराष्ट्रपति अहमद अदीब बोले : ऐसे बयान स्वीकार्य नहीं

मालदीव के पूर्व उपराष्टपति अहमद अदीब ने भी भारत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है, जो नहीं होनी चाहिए थी। जब आप एक निर्वाचित पद पर होते हैं, तो आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होता है। अधिक जिम्मेदार होना होता है। वैश्विक नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ये अपमानजनक टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हैं। हम अपने पर्यटन को सहिष्णुता, सद्भाव, मित्रता और आतिथ्य के आधार पर बनाते हैं। यह किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है।

## पहली बार रात में सुपर हरक्यूलिस विमान की कारगिल में कराई सफल लैंडिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय वायुसेना को बड़ी सफलता मिली है। दरअसल वायुसेना ने अपने सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान को रात के समय कारगिल हवाई पट्टी पर उतारने में सफलता हासिल की है। इस दौरान वायुसेना के गरुड़ कमांडोज को भी सुपर हरक्यूलिस विमान में बिठाकर कारगिल भेजा गया। यह कमांडोज की ट्रेनिंग का भी हिस्सा था कि कैसे आपात स्थिति में उनकी जल्द से जल्द मोर्चे पर तैनाती की जा सकती है। गरुड़ कमांडो फोर्स, वायुसेना की स्पेशल फोर्स है। ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में एयरक्राफ्ट की लैंडिंग हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहती है। ऐसे में कारगिल जैसे ऊंचे पहाड़ों वाले इलाके में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग एक बड़ी सफलता है। इससे पहले वायुसेना के पायलटों ने उत्तराखंड में धारासू में सुपर हरक्यूलिस विमान की सफल लैंडिंग कराई थी। खास बात ये है कि ये लैंडिंग एक चुनौतीपूर्ण मौसम में कराई गई थी। धारासू में जहां लैंडिंग कराई गई, वह 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित जगह है। अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन कंपनी द्वारा बनाया गया सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान एक ट्रांसपोर्ट विमान है, जो वायुसेना की 12वीं फ्लीट का हिस्सा है। इन्हें साल 2011 में वायुसेना में शामिल किया गया था।बता दें कि कारगिल चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है. ऐसे में यहां पर लैंडिंग करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है. सर्दियों के समय होने वाली बर्फबारी तो लैंडिंग को भी ज्यादा मुश्किल बना देती है. ऊपर से रात के समय बर्फबारी के बीच विमान को एयरस्ट्रिप पर लैंड करना बेहद मुश्किल होता है. विमानों को लैंडिंग के दौरान रात के अंधेरे में न सिर्फ पहाड़ों से बचना होता है, बल्कि लैंडिंग के लिए सिर्फ नेविगेशन का ही सहारा लेना पड़ता है.



### गरुड़ कमांडो ने टेरेन मास्किंग ट्रेनिंग को दिया अंजाम

सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए भारतीय वायु सेना ने कहा,पहली बार वायुसेना के सी-130जे एयरक्राफ्ट ने कारगिल एयर स्ट्रिप पर रात के समय लैंडिंग की है। इस ट्रेनिंग के दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया।बता दे कि टेरेन मास्किंग एक सैन्य रणनीति है, जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ों, पहाड़ियों, जंगलों जैसे प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका उद्देश्य दुश्मन से छिपकर अपने मिशन को अंजाम देना होता है।

## टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर समेत पांच नक्सली गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** प्रखंड क्षेत्र के कोयलांचल में कंपनियों और संवेदकों से रंगदारी और लेवी की फिराक में जुटे टीएसपीसी सबजोनल कमांडर आदेश कुमार गंझु उर्फ प्रभाकर समेत पांच नक्सलियों को टंडवा पुलिस ने धर दबोचा। साथ ही गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 0.315 बोर का एक राइफल, दो देशी पिस्टल, पांच चक्र जिंदा गोली, 9 एमएम का तीन चक्र जिंदा गोली, एक एयर पिस्टल, विभिन्न कंपनियों का 6 मोबाइल फोन, दो धारदार चाकू, 18 पीस नक्सली पर्चा, पर्चा लिखने में प्रयुक्त मार्कर व नक्सलियों का चितकबरा बैग बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों का पुलिस को आधा दर्जन मामलों में लंबे समय से तलाश थी। एसपी राकेश रंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सबजोनल कमांडर के नेतृत्व में संगठन का हथियारबंद दस्ता इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर टंडवा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। टीम ने प्रोफेशनल तरीके से कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से सब जोनल कमांडर समेत सभी नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों ने टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया स्थित रेलवे पुल निर्माण कंपनी में लगे पोकलेन मशीन, पानी टैंकर में आगजनी समेत विभिन्न कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर हमला कर कार्यरत कर्मियों के साथ मारपीट व आग लगी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किए गए सबजोनल कमांडर के साथ संगठन के सक्रिय सदस्य उपेंद्र उर्फ भोला, लालदेव गंझू, पिंटू कुमार व राजेश कुमार सभी टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि संगठन के कुछ अन्य नक्सलियों को पूर्व में ही एके 56 समेत अन्य हथियारों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023: ओडीएफ और स्टार रेटिंग में मध्यप्रदेश ने फिर फहराया परचम

**एजेंसी**

**भोपाल :** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की अधिकृत घोषणा की गई है। इसके अनुसार राज्य के इंदौर, भोपाल, महू कैंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद एवं बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के रूप में मध्यप्रदेश को भी सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली में 11 जनवरी को सम्मानित करेंगी। यह जानकारी रविवार को जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात जारी स्वच्छ सर्वेक्षण परिणामों में खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। इन परिणामों के अनुसार मध्यप्रदेश के शहरों ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के 378 शहरों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले निकायों की संख्या अब बढ़कर 361 हो गई है। यह पिछले वर्ष तक 324 थी। इसके अलावा मलजल प्रबंधन के लिए प्राप्त होने वाले वॉटर प्लस प्रमाणीकरण में प्रदेश के 6 शहरों को इस साल यह प्रतिष्ठित प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है।

## कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को निर्वाचन अधिकारी से मिलने की दी अनुमति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी से नामांकन पत्र दाखिल करने के सिलसिले में मिलने की अनुमति दे दी है. विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर यह निर्देश पारित किया. न्यायाधीश नागपाल ने पहले सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए उनके पुनः नामांकन से संबंधित कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी थी. न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को सिंह को 8 और 10 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी के सामने पेश करने का निर्देश दिया, ताकि वह उक्त चुनाव के संबंध में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकें. सिंह ने कहा कि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है और निर्वाचन अधिकारी ने इस सीट पर चुनाव के लिए 2 जनवरी को नोटिस जारी कर दिया है. बता दें कि धनशोधन रोधी एजेंसी ने सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को रिश्वत के बदले लाभ हुआ.



### 20 हजार नशीली गोलियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कछार (एजेंसी) :** कछार पुलिस ने एक अभियान चलाकर 20 हजार नशीली गोलियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। कछार के पुलिस अधीक्षक ने आज मीडिया को बताया कि अवैध मादक पदार्थों के परिवहन के खिलाफ आज विशेष अभियान चलाया गया। कछार पुलिस और सीआरपीएफ की 147वीं/बी बटालियन ने इस अभियान के दौरान 20 हजार नशीली गोलियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### 500 लोगों के बीच किया गया कंबल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** रंका प्रखंड के खपरो में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से 500 वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि हेमंत सरकार में कोई भी गरीब एवं सहायक व्यक्ति ठंड से नहीं ठिठुरेगा। जितने भी गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोग हैं सभी को ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो आज कंबल लेने नहीं आ सके और उन्हें कंबल की आवश्यकता है वे झामुमो के पदाधिकारी से संपर्क करें। निश्चित रूप से ऐसे असहाय लोगों को कंबल दिया जाएगा। मौके पर झामुमो के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने मृतक इंद्रदेव सिंह के परिजनों से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने रविवार को हाथियों के झुंड के चपेट में आने से मौत होने के बाद मृतक इंद्रदेव सिंह के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया, तथा उनके परिजनों को ढांढस बनाया और सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया वही जिला अध्यक्ष ने मृतक के परिवार वालो को राशन देकर मदद किया, वही जिला अध्यक्ष ने कहा मृतक के परिवार वालो को जल्द विभागीय मुआवजा दिलाया जायेगा, इसकी पहल डीएफओ से बात करने की बात कही, विदित हो की बीते गुरुवार को केतमा गांव निवासी इंद्रदेव सिंह उम्र 45 वर्ष की मौत हाथियों के झुंड के चपेट में आने से हो गई थी मृतक पेशे से भैंस पालता था, वह दिनचर्या की तरह भैंस को जंगल में चराने जाता था।

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की नम आंखों से मनी पहली पुण्यतिथि

# पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल रहे पुत्र विधायक भानु प्रताप शाही

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** पूर्व मंत्री स्व0 लाल हेमंत प्रताप देहाती के प्रथम पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम अपने पैतृक आवास केतार प्रखंड अंतर्गत रविवार को बतों कला में मनाया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनके पुत्र पूर्व मंत्री सह वर्तमान भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने पिता श्री देहाती के फोटो पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित होकर बारी-बारी से श्री देहाती के फोटो पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया और लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती अमर रहे की जयघोष किया। वही कई नेताओं ने लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के द्वारा जीवन में किए गए अमूल्य कार्यों की सराहना करते हुए कहा की 8 अगस्त 1932 में जन्मे लाल



हेमंत प्रताप देहाती ऐसे व्यक्ति थे जो राज परिवार से जन्म लेने के बाद भी उन्होंने राज परिवार की रूढ़िवादी परंपराओं का खुलकर विरोध किया था और छुआछूत की लड़ाई लड़ते हुए अमीरी गरीबी का व्याख्या ही बदल दिया था। सभी को साथ लेकर चलते हुए उन्होंने क्षेत्र का सेवा करते हुए उस समय एकीकृत बिहार राज्य में विधायक के रूप में सदन में जाकर विधानसभा के कर्मियों की स्थाईकरण, कनहर की पानी से पलामू क्षेत्र की खेतों में सिंचाई इत्यादि अन्य मामले उठाकर तत्कालीन सरकार का नींद उड़ा दिया था। तत्पश्चात सरकार को लाल हेमंद्र प्रताप देहाती की मांगों को मनाना पड़ा था। गौरतलब हो कि उक्त भूतपूर्व मंत्री सादगी जीवन जीने वाले व्यक्ति थे जीवन में उन्होंने वीआईपी कल्चर का विरोध करते हुए आम जीवन व्यतीत किया। भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी ने अंत में कहा कि देहाती जी ने जीवनकाल में जनता से लिए हुए सभी वादे को पूर्ण कर लिया थे परंतु खुद का देखा हुआ सपना कनहर के पानी को खेतों तक पहुंचाने वाला कार्य अधूरा छोड़कर ही इस दुनिया से विदा ले लिए अंत समय में भी उन्होंने कनहर का पानी के लिए ही चिंता व्यक्त किया था इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि उनके द्वारा देखे गए सपने को हर हाल में पूर्ण करते हुए नगर और गढ़वा में उनका प्रतिमा लगाकर उन्हें उचित मान सम्मान देने का कार्य करना है। पुण्यतिथि के अवसर पर विधायक भानु प्रताप शाही ने उपस्थित सैकड़ों वृद्ध असहाय महिला पुरुषों के बीच कमल का वितरण किया और चना एव सूजी का हलवा अपने हाथो से वितरण कर सभी को पुण्यतिथि कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, मनोज पहाड़िया, भगत दयानंद यादव, बबलू पटवा, कृपाल सिंह, राजा सिंह, लक्ष्मण राम, बीएम कॉलेज प्राचार्य आरपी शुक्ला, अनिल चौबे, प्रवीण सिंह, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, अखिलेश सिंह अनय सिंह सहित सड़को भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में मृतक परिजन को मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने रविवार को अपने आवासीय ग्राम ताली सड़क दुर्घटना में हुई मृतक परिजन को श्रद्धा एवं भोज कार्यक्रम करने को लेकर 50 केजी आटा के साथ-साथ आर्थिक सहयोग राशि देकर सहयोग किया है। वहीं उक्त मुखिया ने परिजनों को सड़क दुर्घटना में विभाग से मिलने वाला राशि एवं पारिवारिक लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर अरविंद गुप्ता, विमलेश साह मणिलाल कुमार गुप्ता, लालजी साह, राम सेवक साह, सुनील राम, डमरु गुप्ता, राजेश गुप्ता, अंकित गुप्ता, श्याम देव गुप्ता, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## ज्ञान महायज्ञ की चल रही है भव्य तैयारी

# मुक्ति धाम कथावाचक गौरव कृष्ण पाठक के द्वारा होगा श्रीमद भागवत कथा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी जोर शोर से चल रही है। यह कार्यक्रम रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा आयोजन कराई जा रही है, यह ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत 16 जनवरी से लेकर 24/1/2024 तक कार्यक्रम चलेगी, यज्ञ समिति की ओर से कथावाचक को बुलाया जा रहा है द्य कथावाचक मुक्तिधाम गया श्रीमद् भागवत कथा, गौरव कृष्ण पाठक के द्वारा लोगों को रसपान कराया जाएगा, वही इस कार्यक्रम के करता धर्ता मिथिलेश कुमार मिश्रा ने बताया, यह



आयोजन पहली बार कराई जा रही है, और इसी तरह हर साल कराई जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से क्षेत्रीय जनता को इस कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। मौके पर उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक राम लखन पांडे, विनोद पांडे, मिथिलेश मिश्रा, आयोजन करता कमेटी उपाध्यक्ष शिवराज मिश्रा, महासचिव विनोद पाठक, उपसचिव सोनू तिवारी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार पांडे, मणिकांत पाठक, अनुज कुमार मिश्रा, पंडित राजन मिश्रा, अनुज मिश्रा, राकेश पांडे, विक्की मिश्रा, दिलीप चंद्रवंशी, लालमोहन पासवान, साहब।

### आशी केयर हॉस्पिटल में 9 जनवरी को होगा चर्म रोग का इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आशी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड़ रेड़मा में दिनाँक 09/01/2024 दिन मंगलवार को चर्म रोग जैसे सफेद दाग, खुजली, मुँहासे, छाई, झुर्रियां, लहसन, गोदना, पुराने से पुराना दाग, किसी भी तरह के ऑपरेशन के दाग तथा बाल से संबंधित समस्याओं के लिए एक बार जरूर मिले। राँची के मशहूर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार एमडी उपलब्ध है। समय- 10 बजे से 2 बजे तक। स्थान- आशी केयर हॉस्पिटल, पांकी रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर पंजीयन के लिए संपर्क करे- 9060604072

## हरिहरगंज के खाप कटैया, अररुआ पैक्स केंद्र में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज खाप कटैया पैक्स एवं अररुआ पैक्स केंद्र में रविवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रतिनिधि अजीत सिंह, जिला पार्षद मंजू देवी एवं हरिहरगंज सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुये अजित सिंह ने कहा कि हरिहरगंज में दो धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को अब औने पौने दामों में धान नहीं बेचना पड़ेगा, किसानों को उचित मूल्य पर धान क्रय केंद्र पर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के विधायक हरिहरगंज पिपरा में कई महत्वपूर्ण सड़क एवं



अन्य योजनाओं की स्वीकृति दिलाने का काम किया है उनके कार्यकाल में चौतरफा विकास हो रहा है। अरुण मिश्रा ने कहा की धान क्रय केंद्र खुल जाने के बाद किसानों को धान बेचने में सहुलियत होगी। खाप कटैया पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा की सभी किसानों का धान लिया जायेगा। मौके पर कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, खाप कटैया पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह, अररुआ पैक्स अध्यक्ष अभय सिंह, खाप कटैया केंद्र के क्रय पदाधिकारी सच्चिदानंद राम, राकांपा नेता सरोज प्रसाद, मनिश कुमार सिंह, अखिलेश मेहता, उपेन्द्र सिंह, सिताराम सिंह, श्यामबिहारी सिंह, राजेश राम, अजय सिंह, रविन्द्र सिंह, कंधा सिंह, बब्लू सिंह, राजेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आर के पब्लिक स्कूल अधौरा में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह व विद्यालय के प्राचार्य एल के ओझा ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। खेल कूद प्रतियोगिता में बच्चों के लिये 400 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर की दौड़, रिले रेस, मेढ़क रेस, सेफ रेखा, कुर्सी रेस का आयोजन किया गया वहीं अभिभावकों व शिक्षकों के लिये 100 मीटर, 50 मीटर की दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व विद्यालय के प्राचार्य द्वारा मेडल तथा प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश चौबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल भी आवश्यक है.खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों आपसी भाई चारे के साथ साथ प्रतियोगिता की भावना जागृत होता है.उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित होना चाहिये। प्राचार्य एल के ओझा ने भी खेल के महत्व की चर्चा विस्तार से किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य एल के ओझा ने पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अखिलेश पांडेय, अमर कुमार, रूपेश गुप्ता, अमित चौबे, भावना ओझा, अमृता चौबे, रविकांत चौबे, दिव्या रानी, सुप्रिया पांडेय, श्वेता चौबे, सुप्रिया चौबे, नवनीत रंजन, प्रीति देव, प्रतिभा, प्रीति देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में रविवार को विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, बीडीसी चिंतामणि देवी, जेएस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनन्जय कुमार ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि



केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने तथा उसका लाभ लोगों को ऑन स्पॉट दिलाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुये उक्त योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। जेएस एल पी एस द्वारा धरती कहे पुकार के विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के आगमन पर उसका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में योजनाओं के लाभुकों ने किस तरह अपनी समस्याओं का निदान किया इसकी जानकारी दिया। कार्यक्रम में पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी, एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर, बीटीएम विजय यादव, वार्ड सदस्य किशोर कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथलेश ठाकुर, रोजगार सेवक ज्ञानरंजन चतुर्वेदी, बीपीएम धनन्जय कुमार, निधि भारती, प्रतिमा सिंह, विनोद महतो, वार्ड सदस्य इस्लामुद्दीन अंसारी, स्वयं सेवक सत्येंद्र कुमार, विपिन कुमार, किसान मित्र परशु राम, सुनीता देवी, प्रितिका देवी, अंतर देवी, गीता देवी, प्रेमशीला देवी, निक्की देवी, ममता देवी, सोनी देवी, विमला देवी सहित बड़ी संख्या में पंचायत के महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामुहिक रूप से सत्यानु शरण ग्रंथ, नारी नीति ग्रंथ, शाश्वती ग्रंथ व अनुश्रुति ग्रंथ का पाठ किया गया। चंचला गुप्ता, वृंदा देवी व दीप माला अम्बष्ट ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि



अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। अहंकार के कारण ही मनुष्य का उत्थान नही होता है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य वर्तमान पुरुषोत्तम के शरण मे जाता है तो उसके अहंकार का नाश हो जाता है। तब वह मंगलप्रद हो जाता है। एकानूरक्ति से अमृतत्व की प्राप्ति सम्भव है। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी प्रकृत पुरुष हैं, इसलिये वे सभी जीवों से प्रेम करते थे। उनके अनुसार मनुष्य भी पेड़ पौधों व अन्य जीवों पर निर्भर करता है, इसलिये मनुष्य को भी सभी जीवों से प्रेम करना चाहिये। उन्होंने कहा कि मनुष्य को मनुष्य की विशेष सम्पति कहा गया है। उन्होंने आगामी 9 जनवरी को वनभोज दिवस मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि यह दिवस सत्संग जगत के लिये विशेष महत्व रखता है। सत्संग में गोविन्द दा, प्रत्यूष कुमार, धृतिदीप्त, सृष्टि कुमारी, प्रमिला देवी, सौम्या कुमारी, मधु कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सौ से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रंका :** रंका प्रखंड के खपरो में रविवार को आयोजित झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन महाजुटान सह वनभोज कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में आस्था व्यक्त करते हुए एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा व आईएमआईएम छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगो को जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी की ओर से पहनकर माला पहनाकर और सदस्यता रशिद काट कर माटी के पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल किया गया। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से सफीउल्लाह अंसारी, मुस्तफा अंसारी, फिरोज अंसारी, मो. सरफराज, यासीन अंसारी, नूर हसन अंसारी, हुसैन अंसारी, मसउवर अंसारी, आफताब आलम, जावेद अंसारी, गुलाम गौस, सदाम अंसारी, तबरेज आलम, हारुण अंसारी, तौहीद अंसारी, इनाम अंसारी, असगर अंसारी, जुबैर अंसारी, इताज अंसारी, रमेश राम, फौज अहमद, संजय राम, नन्दू नट, हसनैन अंसारी, अकलीम अंसारी, उमर अंसारी, नसीर अंसारी, नबी हुसैन अंसारी, बसीर अंसारी, नूरजहां अंसारी, सलीम अंसारी आदि का नाम शामिल है।

## प्रगतिशिल पत्रकार मंच ने काला बिल्ला लगाकर किया आवाज बुलंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद शराब कारोबारी द्वारा एक अखबार के प्रधान संपादक अशुतोष चतुर्वेदी और स्थानीय संपादक विजय पाठक को फोन पर धमकी देने और आरोपी के कहने पर पुलिस द्वारा संपादकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में प्रगतिशील पत्रकार मंच हुसैनाबाद ने कड़े शब्दों में निंदा की है।हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच के सदस्यों ने रविवार को काला बिल्ला लगाकर इसका विरोध प्रदर्शन किया। मंच के अध्यक्ष सैयद नौशाद ने कहा कि सरकार शराब कारोबारी को संरक्षण दे रही है। उन्होंने संपादकों पर



किए गए मुकदमा वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सीधे प्रेस की आज़ादी पर हमला है। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं इस आंदोलन का समर्थन करते हुऐ रांची प्रेस क्लब के प्रवक्कता अरबिंद कुमार गुप्ता ऊर्फ चुनमुन ने कहा की संपादकों पर प्राथमिकी दर्ज कराना लोकतंत्र की हत्या है, मौके पर जितेंद्र प्रसाद, जफर हुसैन, सत्येंद्र कुमार चंदेल, अनुज कुमार, संजय ओझा, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय गुप्ता, बदलता झारखंड के संपादक बिनोद सागर, अखिलेश कुमार, गौतम पटेल, विकाश कुमार, लक्ष्मी रमण, दीपक कुमार, यशवंत कुमार सिंह, कुंदन चौरासिया, हिमांशु तिवारी, समेत अन्य पत्रकार शामिल थे।

# रोटरी स्कूल में इन हाउस ट्रेनिंग का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत रोटरी स्कूल के प्रशाल में इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके रिसोर्स पर्सन विजय पांडेय थे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यतिथि व रिसोर्स पर्सन के स्वागत रोली चंदन के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्लेष कुमार पांडेय ने पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सर्वप्रथम सीओई पटना के श्री तरुण कुमार को ऐसे कार्यक्रम का विद्यालय में आयोजन कराने हेतु साधुवाद दिया तथा इसकी आवश्यकता पर जोर शोर से देते हुए कहा कि शिक्षण कार्य में लगे शिक्षक विद्वान हैं, इस मे संदेह नहीं है फिर भी गुणवत्ता में वृद्धि हेतु



प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय समय पर विद्यालय में आयोजन किया जाना बहुत ही आवश्यक हैं। ऐसा किए जानें से कार्यकुशलता पर पड़े धूल को साफ कर कार्यकुशलता की गुणवत्ता को पुनः बहाल किया जा सकता है। हर क्षेत्र में नित्य नए अनुसंधान हो रहे है जिसके माध्यम से हम पूर्वापेक्षा अधिक विकास कर रहे है। शिक्षा को भी प्रभावशाली, सरल और उपयोगी बनाने में यह कार्यक्रम बहुत कारगर साबित होगा। रिसोर्स पर्सन विजय पांडेय को भी मैं धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय दे कर बहुत अच्छे ढंग से यह बतलाया की हम अपने व्यवहार तथा क्रिया कलाप से छात्र/छात्राओं के तनाव को कैसे कम कर सकते हैं। रिसोर्स पर्सन श्री विजय पांडेय ने बहुत अच्छे ढंग से टॉपिक पर व्याख्यान दिया और कार्यक्रम बोझिल न बने इसके लिए कई व्यावहारिक व ज्ञानवर्धक क्रियाकलाप भी कराए। उन्होंने कहा कि जीवन में स्ट्रेस आते रहता है। जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों होता है। किसी परिस्थिति में अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। हर कार्य को जिम्मेवारी समझ कर करना चाहिए। सफलता निश्चित मिलेगी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभीशिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया और बीच बीच में अपने विचार शेयर किए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की उपप्राचार्या सुश्री रितुल मुस्कान के द्वारा किया गया।

## खरोह स्कूल के मिड डे मील में बच्चें की थाली में मिला कीड़ा लगा चावल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत का टोला खरोह के राजकीय कृत नव उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरोह में एक बार फिर शिक्षा महकमा चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल विद्यालय में मध्यान भोजन योजना के तहत बच्चों को खाना परोसा जा रहा था इसी बीच गुरुवार को खाने में कीड़ा निकला। बच्चों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और खाना खाने से इंकार कर दिया। बता दे की बच्चों ने कहा कि कुछ समय पहले भी चावल में कीड़ा मिला था।मौके पर शुक्रवार को प्रमुख गायत्री देवी ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और बच्चों से जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के छात्र छात्राओ ने



प्रमुख को बताया कि गुरुवार को दोपहर का भोजन में कीड़ा मिला था जिसके कारण हमलोगों ने तबियत खराब होने के डर से खाना नही खाया और खाना में कीड़ा होने का जानकारी प्रधानाध्यापक राम पवन राम को बताया और रसोईया सिलवंती देवी पति अशोक पासवान और मीना देवी पति सुनील भुईयां से शिकायत किया की खाना में कीड़ा है और चावल महक रहा हैं जिस पर प्रधानाध्यापक राम पवन राम और रसोईया शिलवंती देवी एवं मीना देवी ने कहा कि वर्षा का पानी रिशाव होने से रसोईया रूम में चावल खराब हो गया था। इसीलिए कीड़ा भोजन में दिखाई दे रहा था थोड़ा बहुत चावल खराब है जिसके कारण चावल में कीड़ा नजर आ रहे हैं इसमें हमलोग क्या कर सकते हैं।खराब चावल खतम होगा तभी न अच्छा चावल आगे खाने के लिए बच्चों को मिल पाएगा। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि अच्छा चावल रसोईया रूम में पड़ा हुआ फिर भी खराब चावल को उबाल कर बच्चों को रसोईया द्वारा क्यों दिया जा रहा हैं जिसमे कीड़ा है और बच्चों द्वारा शिकायत करने पर भी प्रधानाध्यापक द्वारा बेतुका बच्चों को जवाब दिया जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## महिला प्रो सीरीज़ नेशनल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन आज

**रांची।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित महिला प्रो सीरीज़ नेशनल टेनिस टूर्नामेंट का मुख्य ड्रा मैच सोमवार को रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के टेनिस स्टेडियम मेगा में शुरू होंगे। इस प्रतियोगिता में एकल एवं युगल दोनों मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का आधिकारिक उद्घाटन सुबह 11 बजे निर्धारित है, जिसमें मुख्य अतिथि सुशांत गौरव (आई.ए.एस.) - निदेशक खेल, झारखंड सरकार होंगे। संजीव शेखर- प्रमुख-कॉपीराइट मामले, अदानी पावर और पुनित पोद्दार, प्रेमसंस मोटर उद्योग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।इस टूर्नामेंट के रेफरी समित केसरी हैं जो उत्तर प्रदेश से आते हैं। टूर्नामेंट के तकनीकी निदेशक बिपुल कुमार हैं और सहायक मैच रेफरी रफीक, शहरयार और आसिफ हैं।

## अयोध्या का पूजित अक्षत पहुंचाया जा रहा घर-घर

**रांची :** रांची के इंद्रप्रस्थ कालोनी जोड़ा तालाब बरियातू में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाया जा रहा है। अभी तक लगभग 1500 परिवारों तक अक्षत पहुंचाया गया है। इसके तहत इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जोड़ा तालाब बरियातू स्थित पीरी टोला जनजातीय बस्ती अक्षत, श्रीराम मंदिर का फोटो, निमंत्रण पत्र बांटा गया और लोग से 22 जनवरी को घर पर कम से कम पांच दीप जलाकर दीपावली मनाने आग्रह किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रकाश चंद्र सिन्हा, मुकेश कुमार, ओम पांडे, रवि पाठक, अमित मंडल, मनोज गोस्वामी, बबलू सिंह, गणेश चंद्र सोरेन, आकाश बास्की, अंकित उरांव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पुलिस कर्मियों के लिए नया भवन 2024 में ही बन जायेगा : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन रांची के चडरी तालाब स्थित कार्यालय परिसर में नवनिर्मित भोजनालय भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के रांची सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि भाजपा के रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के बाद नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फिर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें चुनाव से लेकर कई विषयों पर चर्चाएं हुई। इस मौके पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, अरविंद प्रसाद यादव, महामंत्री अक्षय कुमार राम, संयुक्त सचिव महताब आलम ,रंजन कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार , प्रक्षेत्रीय मंत्री रांची प्रक्षेत्र धर्मेंद्र सिंह,अभिनव पाठक, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, नामकुम थाना सुनील सिंह, अरविंद सिंह, वेंकटेश प्रसाद, भीम सिंह , सहित नव प्रोन्नत डीएसपी व विभिन्न थानों के थानेदार, एएसआई, ट्रैफिक पुलिसकर्मी आदि शामिल थे।

2024 में एंबुलेंस और नई इमारत - झारखंड पुलिस एसोसिएशन परिसर में भोजनालय उद्घाटन करने के बाद सभी पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि 2024 में ही झारखंड पुलिस एसोसिएशन की जो मांगे हैं नए भवन और एक एंबुलेंस की और इसी साल ये दोनों मांगे पूरी कर दी जाएगी । संजय सेठ ने कहा कि पुलिसकर्मी हमारी सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं , जिस परिस्थितियों से वह गुजर बसर कर रहे हैं मैंने पुलिस लाइन में भी जाकर उनकी स्थिति को देखा है । इनकी जरूरतों को देखते हुए उनकी जो मांगे हैं उसे पूरा किया गया है। आगे भी पूरी की जाएगी। वहीं रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि 24 घंटा अपना सारा काम ,पर्व सबकुछ छोड़कर हम लोगों की सुरक्षा में लगे रहते हैं ऐसे पुलिसकर्मियों की सुविधाओं के लिए हम सभी को सोचना चाहिए । अभी तो इनका भोजनालय के लिए जो भवन का उद्घाटन हुआ है और उनकी जो आगे भी मांग रखी है , उसे भी पूरा किया जाएगा। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा भवन ऐसा हो जो देश भर के पुलिसकर्मियों को देखकर लगे कि अगर पुलिस कर्मियों के लिए कहीं भवन बनाया गया है तो वह रांची में ही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जो भी ज़रूरतें थी वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। पहले पुलिसकर्मियों के लिए भोजनालय भवन की जगह नहीं थी, वह भी सांसद संजय सेठ के मद से बनकर तैयार हो गया है। बिजली की दिक्कतें होती थी इसके लिए भी नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। अब रांची विधायक सीपी सिंह और सांसद संजय सेठ से हमारी दो और मांगें है कि पुलिस कर्मियों के लिए एंबुलेंस और नया भवन का भी व्यवस्था की जाए ।

# महिला ने सदर अस्पताल के चिकित्सक के खिलाफ स्वास्थ्य मंत्री से की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** सदर अस्पताल, रांची के डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की लापरवाहियों के संबंध में तस्मीना खातुन पति राहिल वारसी पता- शाहबाग, गाड़ीखाना, हरमूरोड़, रांची की निवासी ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से लिखित शिकायत की है। जिसमें पीड़िता ने लिखा है कि प्रसव की उम्मीद से थी जिसका इलाज सदर अस्पताल के करा रही थी। डाक्टरों ने 16 जनवरी 2024 का प्रसव कराने का समय दिया था लेकिन 2 जनवरी 2024 को प्रसव पीड़ा बहुत ज्यादा होने के कारण घरवालों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। 2 जनवरी 2024 को सुबह 9 से 10 के बीच भर्ती होने के बाद से मुझे अत्याधिक प्रसव पीड़ा होनी शुरू हो गयी थी, रात में प्रसव पीड़ा बहुत ज्यादा बढ़ गयी लेकिन उस समय डियूटी पर मौजूद डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने प्रसव कराने से इंकार करते हुए कहा कि अभी प्रसव नहीं कराएंगे। 3 जनवरी 2024 को सुबह 8:30 बजे प्रसव हुआ जिसके बाद बच्चे की हालत ज्यादा खराब हो गयी, डाक्टरों ने उसे आई सी यू में भर्ती कर दिया। 3 जनवरी 2024 को सुबह जब दूसरे डाक्टर ने बच्चे की खराब हालत को देखकर कहा कि प्रसव रात में ही होना चाहिए था देर होने की वजह से बच्चे ने गंदा पी लिया है जिससे इसकी हालत बहुत खराब हो गयी है। 3 जनवरी 2024 से 6 जनवरी 2024 तक बच्चा सदर अस्पताल के आई सी यू में रहा 6 जनवरी 2024 को बच्चे की बिगडती हालत को देखते हुए डाक्ट व नर्सो ने मेरे घरवालों को दबाव बनाकर रिम्स रेफर कर दिया। इस समय मेरा बच्चा आई सी यू में मौत और जिंदगी के बीच झूल रहा है। डाक्टरों और नर्सो की घोर लापरवाही से मेरा बच्चा मौत के मूह में जाने से तो ईश्वर ने बचा लिया लेकिन वो अभी गंभीर अवस्था में है। और तो और मेरे घरवालों ने जच्चा और बच्चा के सही देख रेख एवं ससमय दवा व इलाज हेतु उनसे मांग की तो उन लोगों ने हमारे घरवालों को जेल भिजवा देने की धमकी देते हुए पुलिस को भी बुला लिया । हालांकि हमारे घर से केवल महिलाएं थी और हमारी कोई गलती नहीं थी मैं और मेरा बच्चा गंभीर अवस्था में था। इन तमाम पहलुओं को देखते हुए पुलिस ने भी हमारे साथ हमदर्दी दिखायी और समझा कि हमारी कोई गलती नहीं, सभी को समझा बुझाकर चली गयी। सदर अस्पताल रांची के डाक्टरों और नर्सिंग स्टाफों को आम जनों के साथ विनम्र और सहयोग पूर्ण व्यवहार सुनिश्चित कराने की कृपा करें ताकी हम जैसे गरीब तबके के लोग बिना डर भय के सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज कराने जा सके और सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। जो हमारे साथ हुआ वैसा किसी और के साथ न हो।

## अक्षत कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकल गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माधव नगर के अंतर्गत मेकन कॉलोनी स्थित दुर्गा हनुमान मंदिर प्रांगण से अक्षत कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकल गया। शोभा यात्रा में पूरे मेकन कॉलोनी का भ्रमण कर लोगों को अयोध्या से आए अक्षत देकर निमंत्रण दिया गया। साथ ही राम मंदिर का चित्र और पत्रक बांटा गया और लोगों से अपील की गई कि आगामी 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों में भगवा झंडा एवं दीप जलाकर प्रभु राम के आगमन पर स्वागत करें । इस अवसर पर महावीर मंडल डोरंडा केंद्र समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा, मंदिर के अध्यक्ष अजय सिंह, बादल बाटीक, निर्मला पांडे, रोहित ठाकुर, निर्भय सिंह ,पंकज श्रीवास्तव, शिव सिंह, शोभा पांडे ,सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## क्रिप्टो के नाम पर 20 करोड़ रुपये का ठगी करने वाला सीआईडी के हत्थे चढ़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** क्रिप्टो के नाम पर कम दिन में अधिक पैसे कमाने का लालच देकर करोड़ों में पैसे की ठगी जारी है। झारखंड के करीब दर्जनों लोगों को करीब 20 करोड़ रुपये का चुना बिहार के एक युवक ने लगाया है. पैसा उड़ाने के बाद आरोपी दोस्तों के साथ विदेश घूमने चला जाता था। मौज मस्ती करने में लोगों के पैसे को उड़ाया करता था. साथ ही घर और गाँव के लोगों को पैसे का श्रोत बॉलीवुड बताता था। इसका खुलासा सीआईडी ने किया है। आरोपी शशि शंकर कुमार को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है।

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि आरोपी लोगों के पैसे उड़ाने के बाद विदेश की यात्रा करता था.दुबई और रसिया जाकर खूब मौज मस्ती किया करता था। आरोपी ने इतना विदेश की यात्रा किया है कि उसका पासपोर्ट भी पूरा फुल हो चुका है। करोड़ों रुपये की ठगी कर एक भी पैसा खुद के पास नहीं रखता था.पूरे देश में दर्जनों लोगों को चूना लगा चुका है। युवक लोगों को शहश्रश्चड्ड4.द्बठ्ठ पर इन्वेस्ट करने के लिए खूब लुभावने वादा किया करता था. बताया करता था की 300 प्रतिशत तक प्रॉफिट होगा। 500 के नोट को फाड़ कर बताता था की आप लोगों के पास यह पैसा है। कल रहे ना रहे इस वजह से क्रिप्टो में इन्वेस्ट कीजिए। आने वाले दिनों में यह नोट बंद भी हो जाएगा।

## 46 लाख परिवार तक निमंत्रण देने का तय किया गया लक्ष्य : डॉ बिरेन्द्र साहु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्याधाम से आया पूजित अक्षत व नूतन मंदिर का चित्र लेकर झारखंड प्रांत के सभी जिलों में सातवें दिन भी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक घर-घर जाकर परिवार को निमंत्रण दिए। अभियान में विश्व हिंदू परिषद सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुसांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की सहभागिता रह रही है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू ने कहा पूजीत अक्षत को भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला के प्रसाद के रूप पाकर जहां एक ओर रामभक्त परिवार अपने को धन्य समझ रहे हैं, वहीं सभी कार्यकर्ता रामजी का दूत बनकर घर-घर पूजीत अक्षत व नूतन मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण देना अपने आप को परम सौभाग्यशाली मान रहे हैं। उन्होंने कहा सात दिनों के अभियान में झारखंड के लगभग चार हजार पंचायत के लगभग बीस हजार गांव तक पहुंचकर लगभग 18 लाख परिवार को निमंत्रण दे दिया जा चुका है। रांची के अभियान में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू, प्रांत संगठनमंत्री देवी सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू , प्रचार प्रसार प्रांत सहप्रमुख प्रकाश रंजन, रांची विभाग मंत्री किशुन झा, गुमला जिला में प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार व बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, रांची ग्रामीण में प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो सहित कई पदाधिकारी ने अलग-अलग जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर अभियान को गति प्रदान की।

## मृतक नितेश विश्वकर्मा के पोस्टमार्टम जांच को लेकर दी गई अनुमति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितीस लोहरा उर्फ नितेश कुमार, उम्र-28 वर्ष, पिता-स्व0 रमेश विश्वकर्मा, पत्ता-लोअर पी0एन0बोस, कम्पाउण्ड, थाना-लालपुर, जिला-राँची के मृत्यु के संबंध में अन्त्यपरीक्षण कराये जाने की अनुमति दी गई है। मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितीस लोहरा उर्फ नितेश कुमार को - 06-01-2024 को उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ड्ड) के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। जिसे गिरफ्तारी के बाद उत्पाद कार्यालय न्यू पुलिस लाइन कांके में हजात निगरानी में रखा गया था। अभियुक्त द्वारा हजात के बाथरूम में आत्महत्या का प्रयास किया गया था। जिसके बाद तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त को मृत घोषित किया गया। उक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर राँची द्वारा मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितीस लोहरा उर्फ नितेश कुमार के शव का मृत्यु सीमक्षा प्रतिवेदन दण्डाधिकारी के स्तर से कराने एवं शव के अन्त्यपरीक्षण हेतु मोडिकल बोर्ड / विडियोग्राफर के साथ दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराने का अनुरोध किया गया था। इस आलोक में सम्यक विचारोपरान्त उक्त मृतक के शव का मृत्यु समीक्षा प्रतिवेदन दण्डाधिकारी के स्तर से कराने एवं शव के अन्त्यपरीक्षण हेतु मोडिकल बोर्ड गठित कर दण्डाधिकारी की उपस्थिति में विडियोग्राफर के साथ अन्त्यपरीक्षण कराये जाने की अनुमति दी गई है। इस कार्य हेतु दण्डाधिकारी के रूप में साधना जयपुरियार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, सदर, राँची (मो.नं.- 9431710690) को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**मृतक के परिजनों ने किया हंगामाः** मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नितीस लोहरा के शव को लेकर परिजनों ने लालपुर थाना पहुंचे और जमकर हंगामा किया। मौके पर पुलिसकर्मी गण उपस्थित थे।

## एआईएमआईएम की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अंजुमन इस्लामिया रांची में एआईएमआईएम की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साकिर साहब ने किया। संचालन महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी ने की। धन्यवाद ज्ञापन संगठन सचिव समीर अली ने की। बैठक में प्रदेश के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आने वाले 2024 के लोकसभा विधानसभा, नगर निगम चुनाव की तैयारी। झारखंड के मौजूदा सरकार की कमियां और खामियों पर भी चर्चा हुई। महानगर जिला एवं झारखंड प्रदेश मजबूती प्रदान में जैसे मुद्दों पर चर्चा। अंजुमन इस्लामिया रांची में एआईएमआईएम के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई,इस दौरान संगठन को मजबूत करने तथा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर ने बताया कि राज्य में हो रही भ्रष्टाचार लूट बेरोजगारी से लिप्त हैं। राज्य की जनता भाई भूख भ्रष्टाचार अत्याचार और बेरोजगारी से त्रस्त है संगठन की बूथ स्तर तक मजतूती के साथ ही साथ आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में सर्व सहमति से यह भी ताई हुई के जल्द से जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी एवं झारखंड प्रभारी जब माजिद हुसैन से झारखंड की एक प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करेंगी और तमाम बिंदुओं पर रोशनी डालेगी । रांची महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी बताया कि झारखंड में गरीब, दलित, अल्पसंख्यक जैसे मुद्दों पर झारखंड सरकार काम नहीं की हमारी पार्टी आने वाले चुनावों में उन्हें आईना दिखाएगी। अब्दुल अशरफ, मोहम्मद शाहरुख, मोहम्मद अफसर, रिजवान खान , राजेश कच्छप ने सदस्यता लिया। इस बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद साकिर, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी , परमेश्वर लोहरा, शाहिद अन्वर, अहमद रिजवान मोजबी, सीमा परवीन , मोकीद आलम, लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय एन.सी.सी., रांची द्वारा आई.यू.ए.सी. के तहत समाजिक सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधि (एस.एस.सी.डी.) के अंतर्गत मारवाड़ी महाविद्यालय परिसर एवं भवन के अंदर सफाई/स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सह एन.सी.सी. केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो की उपस्थिति में वरीय एवं नए 40-केडेटों ने भाग लिया । कार्यक्रम के बाद केयर टेकर ऑफिसर द्वारा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया । उनके द्वारा कैडेटों को बतलाया गया कि अपने आसपास की सफाई से परिसर तो साफ रहता ही है, इससे तन और मन भी स्वच्छ रहता है जिससे हमारे कार्य भी अच्छे ढंग से हो जाते हैं । इससे बीमारी पर रोक लगाकर हम स्वस्थ शरीर से पढ़ाई के साथ अन्य सारे कार्य भी आसानी से कर सकते हैं । इससे हमारे बीच सेवा की भावना भी जगती है । अगर हम हर कार्य अपने से शुरू करें तो अन्य भी इससे प्रेरित और प्रोत्साहित होंगे । यदि हमें विकसित भारत के लक्ष्य को पाना है तो सेवा भाव को जगाना ही होगा । भारत को विकसित बनाने में हमलोगों का यह छोटा-सा योगदान होगा । सफाई से तन-मन साफ रहता है द्य तन-मन की स्वच्छता से किसी भी कार्य को सरल रूप से किया जा सकता है और अंतिम मुकाम हासिल की जा सकती है ।स्वच्छता कार्यक्रम के बाद उनकी नियमित कक्षाएं भी ली गई । उक्त जानकारी डॉ. अवध बिहारी महतो सहायक प्राध्यापक सह एन.सी.सी. केयर टेकर ऑफिसर 4/3- मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची, झारखंड ने दी।

## 13 आईपीएस अधिकारियों को 8-16 जनवरी तक ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद भेजे जाएंगे

**रांची।** झारखंड कैडर के 13 आईपीएस अधिकारियों को 8-16 जनवरी तक ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद भेजे जाएंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। ये सभी आईपीएस हैदराबाद स्थित पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे। सरोजिनी लकड़ा, अमेल्ड एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, विजय आशीष कुजूर, अजय कुमार सिन्हा, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार और अजय कुमार शामिल हैं।

# चिली महिला हॉकी टीम पहुंची रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** चिली महिला हॉकी टीम रांची में पहुंची, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स रांची 2024 में ऐतिहासिक ओलंपिक क्वालीफिकेशन का लक्ष्य चिली को पूल ए में रखा गया है और उनका पहला मुकाबला 13 जनवरी को जर्मनी के साथ होगा। आंतरराष्ट्रीय मैदान पर अपनी पहली जगह पर पहुंचने की उम्मीद से चिली महिला हॉकी टीम ने रविवार को रांची में उतरा। वैश्विक रैंक में 14वें स्थान पर होने के बावजूद, चिली की टीम ने एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स रांची 2024 की बहुत मुहायत पर कौशल और संघर्ष का मिश्रण लाया है। सह-कप्तानों कमीला कराम और मानुएला उर्रोज के नेतृत्व में और हेड कोच सेर्जियो विगिल के मार्गदर्शन में, चिली ने आंतरराष्ट्रीय मैदान पर अपनी पहचान बनाने का लक्ष्य बनाया है। चिली पूल ए में है और उनका कैम्पेन 13 जनवरी को जर्मनी के साथ एक तेज़ मुकाबले से शुरू होगा। इसके बाद, उन्हें 14 जनवरी को चेक रिपब्लिक के खिलाफ मुकाबले में होगा, जिसमें उनकी दक्षता को दिखाने का वादा है। उनके पूल मैचों का समापन 16 जनवरी को जापान के खिलाफ होगा। यहां यह भी ध्यान देने योग्य है कि पूल बी में मेजबान भारत, न्यूजीलैंड, इटली, और संयुक्त राज्य हैं। इस टूर्नामेंट और उनकी आकांक्षाओं की महत्वपूर्णता को बताते हुए, कप्तान मानुएला उर्रोज ने कहा, हम यहां पहुंचने पर वाकई खुश हैं। हम हॉकी की भावना और माहौल को महसूस कर रहे हैं। हम बहुत दूर से आए हैं। हमने इसके लिए बहुत समय से काम किया है क्योंकि हम चाहते हैं कि हम अपने सपने को पूरा करें कि हम अभी भी पेरिस ओलंपिक्स 2024 जा सकते हैं। हम सभी प्रतियाशियों के लिए यह कठिन टूर्नामेंट होगा और आशा है कि हम इसे पूरा कर सकें। हमारे पैन-अमेरिकन खेलों के बाद, हमने और अधिक प्रशिक्षण शुरू किया है। हम पाँच बार हर हफ्ते प्रशिक्षण लेते हैं, तो हम अपने तैयारियों से बहुत खुश हैं।

## झारखण्ड में राहुल गांधी की यात्रा 804 किमी की दूरी तय करेगी: ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं मंत्री आलमगीर आलम ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता रियाज अंसारी उपस्थित थे।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, तीनों विषयों, देश के बुनियादी मुद्दों पर हम ये यात्रा निकाल रहे हैं। पहले जो हमारी भारत जोड़ो यात्रा थी, कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुआ और अब मणिपुर से लेकर मुम्बई तक होने जा रहा है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जो 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा की सीटों से होकर 20 मार्च तक यात्रा विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी। झारखण्ड में यह यात्रा 804 कि.मी. की दूरी आठ दिनों में तय करेगी। यह यात्रा झारखण्ड में दो चरणों में होगी। आज हम ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा हक मिलने तक'' का स्टीकर जारी कर रहे हैं, जो विभिन्न जिलों में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो पहिया, चार पहिया वाहनों में लगायी जायेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग राहुल के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो सके।




प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे बेरोजगारी, मंहगाई, महिलाओं पर अत्याचार, किसानों एवं खिलाड़ियों पर हो रहे अत्याचार से ध्यान भटकाने का प्रयास करते रहते हैं। अंतिम संवाददाता सम्मेलन देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने किया था। वो ऐसा नहीं कर रहे हैं, इसीलिए जन जागरण करने के लिए ही हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं।

## रांची के पुस्तक मेले में सर्वाधिक लोकप्रिय बना तुलसी का रामचरितमानस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन का गवाह बनने वाला है। इस दिन अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इसकी तैयारियां देशभर में की जा रही हैं। रांची में 29 दिसंबर से लगे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में सबसे ज्यादा गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस को पसंद किया जा रहा है। गीता प्रकाशन से जुड़े कन्हैया लाल पटेल का कहना है कि यह प्रभु राम के प्रति राजधानीवासियों के अपार प्रेम ही है कि मेले में सबसे अधिक लोग धार्मिक पुस्तकों को खरीद रहे हैं। उसमें भी सबके ज्यादा रामचरित मानस को लोग अपने घर के पूजा स्थल पर जरूर रखना चाहते हैं। कन्हैया लाल पटेल कहते हैं कि इस वर्ष गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित मानस के साथ साथ वाल्मीकि रचित रामायण भी लोगों को खूब भा रहा है। पुस्तक मेले में पहुंची गायत्री बर्णवाल हों या गणेश विश्वकर्मा, हर किसी की चाहत यही कि वह भले ही 22 जनवरी को अयोध्या में होने अलौकिक कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पायेंगे, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं है। रामचरितमानस तो वह घर ले ही जा रहे हैं। 22 जनवरी को घर में दीया भी जलाएंगे। गायत्री कहती हैं कि भगवान आने वाले हैं। इसलिए 22 जनवरी को दीपावली मनाने की पूरी तैयारी है।

# रानी खटंगा पंचायत में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर जल नल योजना का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** रविवार को रानी खटंगा पंचायत में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर जल नल जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से नारियल फोड़कर व शीलापट से पर्दा हटाकर मुखिया राजेन किस्पोट्टा पंचायत समिति सदस्य रांथु मिंज ने संयुक्त रूप से किया।। इस दौरान कार्यक्रम मे आये सभी ग्रामीणों को मुखिया और विधायक प्रतिनिधियों के द्वारा बताया कि गर्मी के मौसम में पानी का स्तर जमीन मे बहुत ही नीचे चला जाता है, जिस कारण पानी की बहुत बड़ी समस्या गांव गांव एवं शहर शहर मे बन जाती है। और गर्मी मे पानी के लिए खास कर महिलाओ को मिलो दूर तक पैदल जाना पड़ता है। साथ ही पानी की समस्या ज्यादा सुनने को मिलती है। विधायक के पहल से पानी की समस्या को दूर करने के लिए हर घर जल नल योजना को पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत के गांव गांव मे उतारने की कोशिश किया गया हैं। और लगभग सभी पंचायत मे इस योजना का शिलान्यास कर दिया गया है, और इस पर काम होना भी शुरु हो गया है, इस योजना से आपके पूरे पंचायत के ग्रामीणों को गर्मी के समय पानी से जुझना नही पड़ेगा। इस योजना के तहत गांव के आस पास , लगभग 36 जगहों पर बोरिंग करके मशीन के माध्यम से पानी को टंकी मे एकत्र किया जायेगा और टंकी से पाइपलाइन के माध्यम से सभी के घर - घर मे पानी देने का काम किया जायेगा।। इस योजना का लाभ सभी घरों को देनी की बात कही गयी है।। इस योजना को पुरा कराने मे ग्रामीणों को भी अपनी सहभागिता देने की जरूरत है। जहाँ निजी भूमि की जरूरत पड़े तो भूमि उपलब्ध कराने मे मदद करें. मौके पर प्रमुख किरण उरांव ,अबु माज, सुनील मिंज, बलराम गोप ,उरूज अंसारी , ताहिर अंसारी, लखन लकड़ा, रहमान अंसारी, मंजर अंसारी, मोहित गोप, शक्ति, मगदली मिंज, सूरज, अनिल सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

# अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज द्वारा बैठक सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज समन्वय समिति खलारी पिपरवार का बैठक सह मिलन समारोह वनभोज कार्यक्रम मानकी सपही नदी तट पर रविवार को किया गया।जिसमे खलारी,बहेरा,डकरा,राय बचरा आदि क्षेत्र के विश्वकर्मा एंव राणा समाज के लोग शामिल हुए।समारोह की अध्यक्षता रामजीवन शर्मा एवं संचालन अजय विश्वकर्मा ने किया।इस बैठक में सभी लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में फैली कुरूतियो को दूर करने, समाज के जरुरतमंद परिवार को मदद करने,समाज का विकास करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया।इस मौके पर अजय विश्वकर्मा,बसंत विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, कमलेश शंकर विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, जगदीश विश्वकर्मा, रामअवतार विश्वकर्मा, रामजीवन विश्वकर्मा, मंटू राणा, सुनील राणा, रामविलाश राणा, मथुरा मिस्त्री, मनोहर राणा, संतोष राणा,राहुल कुमार,सुधीर विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा,बिनोद विश्वकर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप जी के सौजन्य से खिजरी विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन खिजरी विधायक के निवास स्थान लुपुंगटोली, नामकुम में किया गया । मौके पर उपस्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह रांची लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कहा कि आने वाले लोकसभा सभा की चुनाव में हमें बुथ कमिटी नहीं टोला और गांव का बुथ कमिटी चाहिए। आपको हर हालत में चुनाव जीतना है। एक-एक कार्यकर्ता को अपने बुथ पर जीत हासिल करना है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सभी को नववर्ष पर शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। विधायक ने कहा कि आज हमारी गठबंधन हेमंत सरकार जनहित में अच्छा काम कर रहा है। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अच्छा पहल की है ,जो पूरे विधानसभा के कार्यकर्ता को एक साथ मिलन समारोह कर रहे हैं। मौके पर झारखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, ज्योति सिंह मथारू, प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा, मेरी तिर्की, नीतू देवी, सतीश पंडा, नामकुम प्रमुख आशा कच्छप, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, ओरमांझी उप प्रमुख रिजवान अंसारी, प्रेमनाथ मुण्डा, राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, विजय टोप्पो, माधो कच्छप, अनगड़ा उप प्रमुख जयपाल हजाम, सरिता देवी, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, कमिश्नर मुण्डा, महादेव मुण्डा, बीरु साहु, मन्टू लाला, इंद्रजीत सिंह, दिवाकर सिंह, शिलास टुटी, सुरेश साहू, दुतीनाथ महतो, रोशन कुजूर, धरमु नायक, अशफाक आलम, रंजन यादव, चमन रजक, रंजीत बड़ाईक, कल्याण लिण्डा एवं अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नागदेव मुन्गा बुरू पुजा व टुसु मेंला 18 को

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह के दोसिमा में आगामी 18 जनवरी को नागदेव मुन्गा बुरू पुजा व टुसु मेंला का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेला के भव्य आयोजन को लेकर सारी तैयारी पुरी ली गई है। मेले के दौरान खेलकूद, टुसु प्रतियोगिता, मुर्गा लड़ाई, नाटक, झुमरी एवं क्षेत्रीय संगीत के अलावे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

# स्नेह मिलन व सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 07/01/ 2024 दिन रविवार को राँची जिला ग्रामीण अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वाधान में खिजरी मंडल अंतर्गत नामकुम प्रखण्ड के कुटियातू पंचायत के चटकपुर ग्राम में कार्यकर्ता स्नेह मिलन सह सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन समय अपराह्न 1बजे किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री बाबूलाल मरांडी जी ने अपने संबोधन मे कहा की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता व भा ज पा नीति व सिद्धांत के चलते आज सैक्डो लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे है।विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी जी , सांसद माननीय श्री संजय सेठ जी, प्रदेश महामंत्री श्री प्रदीप वर्मा,पूर्व विधायक राम कुमार पाह न,सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद सिंह,रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी,महिला नेत्री आरती सिंह,आरती कुजुर, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा,टाटीसिल्वे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा,अशोक नायक,महेंद्र महतो,बिरसा मुंडा,गोरख नाथ सिंह,पिंटू सिंह,इत्यादि के साथ सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिल्ली पुलिस ने चोरी कर भाग रहे हाइवा को पकड़ा, चालक व एक अन्य गिरफ्तार

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पुलिस ने तेज गति से भाग रहे हाइवा( ओडी 09 के 2521 ) को पकड़ लिया। चालक और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग इस हाइवा को उड़ीसा के बड़बिल से चोरी करके भाग रहे थे। पुलिस ने हाइवा को जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि जांच चल रही है आशंका है कि इस घटना में वाहन चोरी करने वाले बड़े गिरोह शामिल हो सकते है। जानकारी के मुताबिक यह हाइवा बड़बिल में आयरन माइंस में चलता है। इस हाइवा को इसके चालक ने शाम को काम समाप्ति के बाद गैरेज में खड़ा करके खाने चला गया था। थोड़ी देर बाद हाइवा अपने जगह से गायब मिला तो इसने इसकी सूचना अपने मालिक और मैनेजर को दी। हाइवा में लगे जीपीएस से इसका लोकेशन झारखंड की सीमा में मिला। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई इसका पीछा करने लगे पुलिस शनिवार की सुबह सिल्ली में रांची पुरुलिया मार्ग से पकड़ लिया।

# जिला प्रशासन के दिशा-निर्देश पर कर्रा सीओ ने आठ हाईवा जब्त किया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी के दिशा-निर्देशानुसार अंचलाधिकारी कर्रा वंदना भारती ने सघन छापामारी अभियान चलाकर रविवार को कर्रा व जरियागढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से अवैध बालू उत्खनन के मामले में आठ हाईवा को जप्त किया. अंचल अधिकारी कर्रा वंदना भारती से मिली जानकारी के अनुसार कर्रा-गोविन्दपुर मुख्य सड़क से बालू सहित चार हाईवा को जप्त करके कर्रा थाना भेजा गया. वही तिमड़ा, तिलमी व उड़िकेल के पास बालू गिराकर भागते चार हाईवा को खदेड़ कर जप्त किया गया. जिसमें चार हाईवा जरियागढ़ थाना में रखा. लेकिन समाचार लिखे जाने तक जरियागढ़ में प्राथमिक दर्ज करने को लेकर प्रक्रिया जारी है एवं कर्रा थाना में चार हाईवा चालक व मालिक के विरूद्ध प्राथमिक दर्ज किया जा चुका है।

# झारखंड राज्य ग्राम प्रधान महासंघ ने मंत्री को लिखा पत्र

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हो। इसी मांग को लेकर झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव के नेतृत्व में रविवार को ग्राम प्रधानों का एक प्रतिनिधि मंडल सूबे के ग्रामीण विकास विभाग एवं संसदीय कार्य पंचायती राज विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर पत्र सौंपा है।मंत्री को प्रेषित पत्र में ग्राम प्रधान महासंघ की ओर कहा गया है कि सरकार की मंशा है कि अबुआ आवास योजना का लाभ प्रदेश के गरीबों और असहायों को प्राथमिकता के आधार पर देना है।अहर्ता रखने वाले पात्र लाभुकों का अंतिम चयन ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में होना है।पत्र में कहा गया है कि झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था है और यहां पेशा कानून भी प्रभावी है।अधिसूचित और अनुसूचित क्षेत्र में पेशा कानून 1996 के तहत सरकारी योजनाओं का चयन व क्रियान्वयन ग्राम सभा के माध्यम से होना है।पेशा कानून में दिए गए अधिकार के अनुसार ग्राम सभा की अध्यक्षता परंपरागत ग्राम प्रधान मुंडा,मानकी,मांझी,पाहन व महतो ही कर सकते हैं।कानून में दिए गए प्रावधान के तहत गैर अधिसूचित व गैर अनुसूचित क्षेत्र में ही पंचायत के मुखिया ग्राम सभा की अध्यक्षता कर सकते हैं।परंतु वर्तमान में ऐसा न होकर अबुआ आवास की अंतिम प्रतीक्षा सूची का चयन ग्राम सभा में ग्राम प्रधान को दरकिनार और नियम कानून को ताक में रख कर मुखिया की अध्यक्षता में की जा रही है।जो नियम और कानून के खिलाफ है।इस का झारखंड राज्य ग्राम प्रधान महासंघ पुरजोर विरोध करती है।मंत्री को प्रेषित पत्र में ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव ने कहा है कि इस पर अविलंब संशोधन और रोक लगाने से संबंधित आदेश पंचायती राज विभाग,राज्य के सभी उपायुक्तों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया जाए।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने ग्राम प्रधान महासंघ के प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मेरी ओर से इस पर सुधार करने को लेकर तुरंत संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा।

# समाज को आगे बढ़ाने में युवाओं को आगे आना होगा : डॉ परमेश्वर भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत पंचायत मुड़मा के मासमानो गांव में गांव के युवाओं के नेतृत्व में जन समस्याओं को लेकर की गई बैठक। जिसमें शामिल हुए समाजसेवी सह उप विकास आयुक्त डॉ परमेश्वर भगत। ग्रामीणों के द्वारा अनेक तरह के समस्याओं को डॉ भगत के समक्ष रखा गया। श्री भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड बने 23 साल के बाद भी आज हमारे सुदूरवर्ती गांव कि यह दशा देखकर बहुत ही अफसोस होती है चाहे वो कृषि के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में हो या चिकित्सा के क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों संगठित होकर संघर्ष करते हुए शिक्षा पर जोर देने का आहवान किया। साथ ही ग्रामीणों को भरोसा दिलाया की उनके हक की आवाज उठाने के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर प्रोफेसर डॉक्टर नफर अली, फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी, दिलीप लोहरा, कलीम अंसारी, कृष्णा उरांव, जावेद अंसारी, अनिल लोहरा, आजाद अंसारी, सोमरा उरांव एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित हुए।

# हरि सुमित्रा प्रसाद बाल विकास विधालय लोटा के छात्राओं ने राज्य स्तरीय गोजू रियू काराटे चेम्पियनशिप में सिल्वर व ब्रोंच मेडल जीते



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** हरि सुमित्रा प्रसाद बाल विकास विधालय लोटा में अध्यनरत छात्राओं ने रविवार को राज्य स्तरीय काराटे प्रतियोगिता टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेल गाँव रांची में आयोजित 07 जनवरी 2024 झारखंड स्टेट गोजू रियू काराटे चेम्पियनशिप में किरण कुमारी ने सिल्वर मेडल एवं कुमारी बसुंधरा, माया कुमारी, प्रिती कुमारी ने ब्रोंच मेडल जीत कर लोटा सिल्ली का नाम रोशन किया है! झारखंड स्टेट गोजू रियू काराटे चेम्पियनशिप में विजय प्राप्त छात्रोंओ को काराटे प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो एवं विधालय संचालक नरसिंह प्रजापति ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# न्यायमूर्ति डॉ एस.एन पाठक, जज झारखंड उच्च न्यायालय की उपस्थिति में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान का खूंटी में आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कन्या मध्य विद्यालय सभागार में आज लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम खूंटी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखण्ड उच्च न्यायालय के जस्टिस डॉ एसएन पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विश्वासी टोपनो और चंद्रावती ने घरेलू हिंसा और डायन प्रताड़ना के अनुभव साझा किए। न्यायमूर्ति डॉ एस.एन पाठक, जज झारखंड उच्च न्यायालय ने महिलाओं के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करने का सामूहिक शपथ लिया गया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को जागरूक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। झारखण्ड उच्च न्यायालय के जस्टिस डॉ एसएन पाठक द्वारा उपस्थित दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़े होने की मानसिकता से आज बाहर निकलने की जरूरत है, न्याय होने से ज्यादा जोर न्याय के दिखने पर हो और यह तभी संभव है जब सभी प्रकार की कुरीतियां दूर हो जाएंगी. हमारा संविधान हमारे लिए है, न्याय प्रणाली यहां के लोगों के लिए है। उन्हीं कहा कि खूंटी में बदलाव सिर्फ आधारभूत संरचनाओं को खड़ा करने से नहीं हो सकता बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े लोगों विशेषकर महिलाओं को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाकर और उसमें न्याय प्रणाली की भूमिका सुनिश्चित करने से होगा। महिलाओं को संबल प्रदान करने के लिए खूंटी में पिछले एक दशक में हुए परिवर्तन की चर्चा करते हुए जस्टिस एस एन पाठक ने कहा कि अपने दौरे के क्रम में उनका मुख्य जोर स्थानीय कोर्ट और उसके पदाधिकारियों के साथ साथ जिला प्रशासन से मिलकर महिलाओं के उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन पर रहा है ताकि महिलाओं को आसानी से अन्य जिलों व राज्य से जोड़ा सके। इस दिशा में हुए सकारात्मक पहल से कई बदलाव भी हुए हैं लेकिन अभी भी अक्सर होने वाली महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं को देखते हुए सजग और संवेदनशील होने की जरूरत है ताकि समाज में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके। खूंटी व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश द्वारा बताया गया कि महिलाएं ही अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझती हैं परिवार चलाती हैं घर संभालती हैं और समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाती हैं, महिलाएं ही घर की निर्माता हैं। खूंटी उपायुक्त, लोकेश मिश्रा ने कहा कि खूंटी जिले के लिए यह कार्यक्रम विशेष महत्व रखता है चूंकि आज भी कुछ क्षेत्रों में डायन बिसाही के मामले, घरेलू हिंसा और मानव तस्करी के मामले आते रहते हैं। ऐसे में हमें जरूरत है आगे आकर इन कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने की। अपने अधिकारों के प्रति सचेत होकर हमें लोगों को जोड़ते हुए प्रयास करने हैं। महिलाओं को भी अपने अधिकारों को समझकर जागरूक बनना है। सभी सामूहिक प्रयासों के प्रतिफल से उचित परिणाम मिलेंगे। उपायुक्त ने बताया कि 25 नवंबर से इस राष्ट्रीय अभियान चल रहा है जिसके तहत जिले में सखी मंडल के द्वारा रैली, नुक्कड़ नाटक, खेल, जेंडर प्रशिक्षण, विधिक जागरूकता, कैंडल मार्च इत्यादि गतिविधियां चलाई जारही है। जिले में अभीतक 4 गरिमा केंद्र( जेंडर रिसोर्स सेंटर) भी गठन कियागया है जहां महिलाएं अपने शिकायत खुद आकर कर सकेंगी। अभीतक की गई कुल शिकायत ः डायन प्रताड़ना-515, घरेलू हिंसा 250, मानव तस्करी 35, योन शोषण 25, बाल विवाह एवं साइबर क्राइम 19 एवं बाल मजदूरी का कुल 3 मामला आया है। ष्ठ्रस्ज्ञ और पुलिस के सहयोग से स्न्ढ्ढक्र लॉज करने में भी सहयोग मिली है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक छ्रस्क्क खूंटी श्री गौरव जैसवाल ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए सामाजिक विकास प्रभाग के अंतर्गत लैंगिक हिंसा की रोकथाम हेतु छ्रस्क्क खूँटी के द्वारा क्रियान्वयन की जारही बिभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ एक फ़िल्म के माध्यम से रास्ट्रीय जेंडर अभियान को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा एवं डायन कुप्रथा से पीड़ित दो दीदियों ने अपना अनुभव भी साझा किया कि किस तरह वो समूह से जुड़कर समाज की अन्य दीदीयों को हिंसा का शिकार होने से रोक रहे हैं। उन दोनों दीदियों को माननीय न्यायाधीश ने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में ष्ठष्ठ-त्नयङ्क से प्रशिक्षण लेकर रोजगार हेतु बालंकेल रानिया की सुनीता कुमारी को नियुक्ति पत्र, सैनिटरी पैड निर्माण हेतु रानिया ष्टरुस्न को 1047692 लाख का चेक, गरिमा केंद्र का गठन हेतु खूँटी को 5 लाख का चेक, रोशनी समूह अनिगाडा को 6 लाख का बैंक लिंकेज का चेक भी प्रदान किया गया।

# टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने सांसद जयंत सिन्हा को कराया क्षेत्र की समस्या से अवगत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के डेमोटांड ऋषभ वाटिका आवास पर आयोजित नववर्ष कार्यकर्ता मिलन समारोह मे पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा और टंडवा प्रमुख रीना कुमारी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात किया।वही सांसद जयंत सिन्हा ने प्रमुख रीना कुमारी को सैकड़ो आदिवासी महिला समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने पर बधाई दिया। इस दौरान प्रमुख रीना कुमारी एवं मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने पिपरवार क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं से सांसद को अवगत कराया।जिसमे कारों से लेकर चौकीटांड होते हुए दोमुहान की रोड एवं पुल बनाने की मांग की।इसके अलावे राय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव,सड़क निर्माण रोड सहित कई समस्याओं को प्रमुखता के साथ सांसद जयंत सिन्हा को अवगत कराया।इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,टंडवा प्रमुख रीना कुमारी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, अरूण उरांव,अरविंद सिंह, संजय कुमार भोगता,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, अजय सिंह,विजय लाल, गोपाल सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजधर साइडिंग के सीसीएल कर्मचारी का हुआ निधन, कई लोगों ने जताया शोक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के राजधर साईडिंग मे कार्यरत सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद पप्पू का रांची के एक अस्पताल मे निधन हो गया।बताया जाता है कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और रांची के आर्किड अस्पताल मे उनका ईलाज चल रहा था।इसी दौरान इलाज के क्रम में बीती रात उनका निधन हो गया।वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गावं का निवासी था।उनके निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने दुख प्रकट किया है।

# बचरा दक्षिणी पंचायत में वोटर आईडी कैंप का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में रविवार को विशेष मतदाता शिविर का आयोजन किया गया।बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में कुल 45 लोगों ने नया वोटर आईडी कार्ड और शुद्धिकरण के लिए अपना आवेदन जमा किया।मुखिया रीना देवी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा के निर्देश पर यह कैंप का आयोजन किया गया है।इस मौके पर बीएलओ गीता देवी,बाला कुमारी,शीला देवी, डॉली कुमारी,कावित्री देवी सहित पंचायत के कई बीएलओ और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती खूंटी के कचहरी मैदान में विशाल सरना धर्म कोड महारैली, कई जिले के हजारों सरना धर्मावलंबी शामिल हुए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सरना धर्म समंवय समिति के तत्ववधान में खूंटी के कचहरी मैदान में विशाल सरना धर्म कोड महारैली आयोजित की गई. खूंटी के विभिन्न मार्गो से सरना धर्मावलंबियों का जत्था खूंटी पहुंचा. जहां विशाल महारैली में तब्दील हो गया. लोग बैनर, सरना झंडा, ताख्ती तथा पोस्टरों के साथ पहुंचे और सड़क व मैदान सरना धार्मिक नारों से गूंज उठा. कई सरना कोड महारैली के समर्थन में शरीर पर सरना धर्म कोड की मांग पेंट कर शामिल हुए. सरना धर्मावलंबी मैदान में इकट्ठा होने के पश्चात धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा एवं धर्मगुरु भैयाराम मुंडा की अगुवाई में गांव के पहानों एवं सरना धर्मावलंबियों साथ पूजा-पाठ कर भगवान सिडबोंगा से खुशहाली की कामना की.

महारैली को संबोधित करते हुए धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है. यह सभी धर्मो का आधार और संरक्षण है. सरना धर्म की अपनी धार्मिक विधि-विधान, बहुमूल्य जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श है जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था-विश्वास है परंतु राजनीतिक महत्वकांक्षा के कारण भारत सरकार व राज्य सरकार सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है. सरना धर्म कोड के अभाव के कारण न केवल आदिवासियों के धार्मिक एवं सामाजिक एकता टूटी है बल्कि सरना धर्म पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है. धर्मांतरण के कारण आदिवासियों के धार्मिक तथा सामाजिक एकता कमजोर होती जा रही है जिससे आदिवासियों में जल-जंगल-जमीन के प्रति लगाव कम होता जा रहा है.

सरना, जायर, देशाउलि, श्मशान, जतरा स्थल नष्ट होता जा रहा है. अतः केंद्र सरकार यथाशीघ्र सरना धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पहल करें.

महारैली को संबोधित करते हुए सोमा मुंडा ने कहा कि आजाद भारत में सरना धर्मावलंबियों को धर्म कोड न देना एक क्रूर मजाक तथा मानवीय अधिकारों पर कुठाराघात है. 2011 की जनगणना में धर्मावलंबियों की संख्या 50 लाख से अधिक अंकित करने के बावजूद अन्य के अंतर्गत रखा जा रहा है जबकि जैन धर्मावलंबियों की संख्या 44 लाख पर कोड आवंटित है. इससे साफ जाहिर होता है कि भारत सरकार का मंशा सरना धर्मावलंबियों के प्रति नाकाम साबित हुई है. अतः हमें निकट भविष्य में वृहत जनआंदोलन कर सढयंत्र को नाकाम करना चाहिए और सरना धर्म कोड हासिल करना चाहिए.

**महारैली में छः सूत्री प्रस्ताव पारित :** 1. सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें. 2. सरना धर्मावलंबियों के प्रत्येक त्योहारों के उचित सरकारी छुट्टी का प्रावधान हो. 3. देश के अन्य धर्मावलंबियों की तरह प्रकृति पूजक सरना धर्मावलंबियों के लिए तीर्थयात्रा हेतु राशि निर्गत किया जाए. 4. सरना धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सरना बोर्ड का गठन हो. 5. सरना धर्मावलंबियों की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर यथा पहनई, डालीकतारी, सरना, अखड़ा, जतरा, मसना, देशाउली इत्यादि संवर्धन किया जाए. 6. पांचवीं अनुसूची तथा जल-जंगल-जमीन की सुरक्षार्थ को सारे नियम शक्ति से लागू किया जाए.

महारैली में सनिका मुंडा, मथुरा कंडीर, बुधराम बोधरा, बिरसा कंडीर, सुभासिनी पुर्ती, महादेव मुंडा, विश्राम टुटी, सुखराम मुंडा, सोमा मुंडा, मसीह गुड़िया, सुखराम पुर्ती, दुर्गावती ओड़ेया, नारायण उरांव, सुकरा तिर्की, मोदेस्ता तोपनो आदि ने विचार रखा.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# राजगीर से गिरफ्तार हुआ गैंगस्टर अखिलेश का मुख्य शूटर हरीश सिंह

## मोबाइल, फर्जी सिम व फर्जी आधार कार्ड जब्त, जमशेदपुर के विभिन्न थानों में 30 मामले हैं दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिहार के राजगीर से गिरफ्तार गैंगस्टर अखिलेश सिंह के मुख्य शूटर हरीश सिंह को रविवार को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एससपी किशोर कौशल ने बताया कि विगत कुछ दिनों से जमशेदपुर शहर में कुख्यात अपराधकर्मी हरिश कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह द्वारा अपने सहयोगियों से मिलकर मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शहर के व्यापारियों एवं कारोबारियों को धमकी देकर रंगदारी मांगे जाने तथा किसी



अप्रिय घटना को अंजाम देने की जानकारी मिल रही थी। इसके बाद एक टीम गठित कर उसे ट्रैप किया गया जिसमें पुलिस को सफलता मिली और उसे बिहार के राजगीर से गिरफ्तार किया गया। हरिश कुमार सिंह के खिलाफ सीतारामडेरा थाना में हत्या, रंगदारी, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट जैसे आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सीमावर्ती जिलो के विभिन्न थानों में कुल 30 कांड दर्ज है। एससपी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए हरीश ने पुलिस को काफी चकमा देने का प्रयास किया, मगर अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि हरीश सिंह द्वारा जाली आधार कार्ड बनाकर उसे असली रूप में प्रयोग करते हुए मोबाइल का सिम खरीदा गया तथा होटल में जाली आधार कार्ड का प्रयोग किया गया। उसके पास से दो फर्जी आधार कार्ड, फर्जी सिम एवं चार स्मार्ट मोबाइल भी बरामद हुए है, जिसे विधिवत जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि हरीश के खिलाफ 40 हजार का ईनाम घोषित था।

# डहरे टुसू परब शोभायात्रा में डिमना से साकची तक उमड़े संस्कृति प्रेमी

## वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के आह्वान पर सड़क पर दिखी झारखंडी संस्कृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की ओर से डिमना से साकची तक आयोजित डहरे टुसू में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी। पिछले बार की तुलना में इस साल ज्यादा संख्या में बृहद झारखंड क्षेत्र के कुड़मी समुदाय ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ डिमना तिलका माझी चौक से हुआ और समाप्त अम्बेडकर चौक साकची में किया गया। इसमें महिलाएं अपने हाथों में चौड़ल लेकर नृत्य करते हुए चल रही थीं। पीले रंग में पूरा सड़क पट गया था। महिलाएं पीली साड़ी और पुरुष पीला गमछा लेकर चल रहे थे। लोक कलाकार माइक पर अपना लाईव टुसू गीत प्रस्तुत करते




माहौल को भक्तिमय बना रहे थे।बिरसा मुंडा चौक में नाचते गाते हुए डहरे टुसू 2024 समाप्त किया गया। साथ ही अगले साल यानि 2025 को जनवरी के पहले सप्ताह 5 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। अपनी माटी में अपनी भाषा संस्कृति को फिर से स्थापित करने के संकल्प के साथ इस साल का डहरे टुसू संपन्न हुआ।

## देवघर के पंडित करेंगे शिरकत, भव्य होगा नजारा, जलेंगे 11 हजार श्रीराम ज्योत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर के रामभक्तों में जोश और उमंग है। कहीं दीपोत्सव की तैयारियां है तो कहीं वृहद धार्मिक अनुष्ठान और कीर्तन होंगे। जमशेदपुर के रामभक्तों और हिंदुवादी धार्मिक संगठनों में भी जबरदस्त उत्साह देखी जा रही है। बागबेड़ा के रोड नंबर चार स्थित माई दरबार मन्दिर में 22 जनवरी को लेकर जोरदार उत्सव की तैयारियां की जा रही है। माई दरबार सेवा संघ के सदस्यों ने रविवार को बैठक आयोजित कर दीपोत्सव मनाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया। समिति ने निर्णय लिया कि 22 जनवरी को श्रीराम लला 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के उपरांत अयोध्या मन्दिर में विराजित होंगे।

### बांगुड़दा प्रीमियर लीग में दूसरे दिन बीएसएनएल व बिड़रा क्रिकेट टीम ने जीते मैच

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा क्रिकेट मैदान में चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को प्रतियोगिता का पहला मैच बीएसएनएल क्रिकेट टीम व जी स्टार क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसएनएल ने 12 ओवर में 7 विकेट पर 138 रन बनाकर जी स्टार को 139 रन लक्ष्य दिया। बीएसएनएल की ओर से मृणाल गोराई ने 65 रन और राकेश महतो ने 35 रन बनाया। 139 रन लक्ष्य का पीछा करने उतरी जी स्टार के खिलाड़ी 9.3 ओवर में 47 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गया। इस तरह बीएसएनएल 91 रन से मैच जीत लिया। बीएसएनएल के गेंदबाज दीपक ने 3 और अमित व सहदेव ने 2- 2 विकेट लिए। बीएसएनएल क्रिकेट टीम के ऑपनर बल्लेबाज मृणाल गोराई को उनके शानदार अर्धशतक की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच मुदीडीह क्रिकेट टीम और बिड़रा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मुदीडीह ने 12 ओवर में 6 विकेट पर 126 रन बना कर बिड़रा के समक्ष 127 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बिड़रा ने 11.4 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। बल्लेबाज पानू ने सर्वाधिक 67 रन की पारी खेली जिसके चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मौके पर बीएसएनएल क्रिकेट टीम के सुमित सिंह, राजेश सिंह, भक्तो गोराई, दीपक गोराई, अरविंद मिश्रा ,जगन्नाथ प्रमाणिक, इंद्रजीत दत्त, सनत कवि, वशिष्ठ गोप, सुजीत गोराई, कपिल मिश्रा व अजीत गोराई आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### तुरियाबेड़ा में बीटीएमए ने माताल स्पोर्टिंग को 5-4 से हराया

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी सारना क्लब की ओर से रविवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया गया। आदिवासी सारना क्लब द्वारा आयोजित एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला बीटीएमए बालीगुमा व माताल स्पोर्टिंग क्लब के बीच हुआ। फाइनल में पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से बीटीएमए बालीगुमा टीम विजयी हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, जेबीकेएसएस के युवा नेता बिश्वनाथ महतो, तुरियाबेड़ा के ग्राम प्रधान कन्हैया सिंह, दामू पूर्ति, राखाल सोरेन, सुनील हेम्ब्रम, माणिक चंद्र बेसरा, मंगल टुडू, अमित टोप्पो, विजय सोय, दयासागर महतो व गणेश कुम्भकार आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा दास मेमोरियल ट्रस्ट के मेगा हेल्थ कैम्प में 300 मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संगठन दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा जमशेदपुर के धतकीडीह स्थित कम्यूनिटी सेंटर, सेंट्रल मैदान में रविवार को मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें 300 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया। मरीजों को रक्त जांच और दवा भी संस्था की ओर से मुफ्त उपलब्ध कराई गई। मेगा हेल्थ कैम्प में स्वर्गीय दुर्गा दास दत्ता को तीसरे पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। कैम्प में 200 वृद्ध और गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कैम्प में ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सौरभ दत्ता, डॉ शजिया परवीन, डॉ शादाब शैफी, डॉ अंशुमन पटनायक, आदि का कैम्प में सराहनीय योगदान रहा।

### सोनारी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न, पांच सौ से अधिक लोगों ने उठाया लाभ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरव हीलिंग टच और टाटा स्टील फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार दिनांक को कागलनगर कम्यूनिटी सेंटर, सोनारी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न हुआ। शिविर का 536 मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में सहयोग देनेवाले डॉक्टरों में मुख्यतः न्यूरो सर्जन, जनरल सर्जन, जनरल फिजिसियन , हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्किन स्पेशलिस्ट थे। मौके पर सम्मानित अथितियों में एडवोकेट सुधीर कुमार पप्पू (सचिव, शांति समिति, सोनारी) , बिरधान मरांडी (एरिया ऑफिसर, टीएसएफ), अशोक कुमार सिंह (अध्यक्ष, श्रीराम मंदिर सोनारी), नबीन चन्द्र दास (एरिया ऑफिसर, टीएसएफ) उपस्थित थे।

### साकची में नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन समारोह आज

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा श्री भगवान महावीर विकालांग सहायता समिति के सहयोग से रविवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन (आम बागान मैदान के पास) में दो दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ हुआ। सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल एवं सचिव कविता अग्रवाल के सयुक्त नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ शाखा की पूर्व अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर कायक्रम संयोजिका ऊषा चौधरी एवं खुशबू काउंटिया ने बताया कि इस शिविर में 200 जरूरतमंद लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया है। शिविर में जरूरत के अनुसार कृत्रिम हाथ, पांव, कैलिपर्स, वैशाखी, सुनने की मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इसका आयोजन स्वर्गीय अशोक अग्रवाल की पुण्यतिथि में उनके अनुज कमल अग्रवाल (कमल फार्मास्यूटिकल्स) के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का समापन समारोह सोमवार की शाम 4.30 बजे होगा। समापन समारोह में मरवाड़ी समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में मारे गए 6 लोगों के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव वर्ष के पहले दिन सड़क दुर्घटना में मृतकों के प्रति संवेदना जताने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रविवार को बाबा आश्रम कॉलोनी, आदित्यपुर 2 में सभी छह मृतकों के घर पहुंचे। मंत्री ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री ने सड़क दुर्घटना में मारे गए युवाओं के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने और सरकारी स्तर पर प्रावधान के तहत मुआवजा का भुगतान परिजनों को कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सरायकेला खरसावां रितेश पासवान, सुरेश धारी, अवधेश सिंह, देबू चटर्जी, अजमल बल्कि, संजीव कुमार सिंह, जगदीश नारायण चौबे, समरेंद्र तिवारी, रोहित दास चकरी, बृजेश सिंह उपस्थित थे।

# देश की सबसे लंबी बेबी लीग जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग ग्रैंड फिनाले के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने आज टीएफए ग्राउंड में देश की सबसे लंबी बेबी लीग, जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया। यह लीग पिछले वर्ष 26 फरवरी को शुरू हुई थी जो 10 महीने की यात्रा के साथ रविवार को संपन्न हुआ। जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में 106 टीमों की भागीदारी देखी गई, जिसमें 971 युवा फुटबॉल प्रेमी शामिल थे। लीग ने उभरती प्रतिभाओं के लिए सुंदर खेल के प्रति अपने कौशल और जुनून को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य



किया। लीग में फुटबॉलरों ने कुल 11,928 मिनट खेले और 1,525 गोल किए। पांच प्रतिष्ठित जमशेदपुर एफसी ग्रासरूट फुटबॉल स्कूल - लोयोला स्कूल, कार्मेल जूनियर कॉलेज, जेपीएस स्कूल, हिलटॉप स्कूल और डीएवी बिस्टुपुर स्कूल ने सक्रिय रूप से भाग लिया और लीग की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर एफसी के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी विशिष्ट अतिथि खालिद जमील, जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल चौधरी, मुख्य कोच रिजर्व स्टीवन डायस और खिलाड़ी री ताचिकावा, रिकी, लल्लवमावमा और प्रोने हलदर उपस्थित थे।

**प्रत्येक श्रेणी में चैंपियन-** अंडर 5 श्रेणी: विजेता- सागर स्टार उपविजेता- लोयोला टिक-टोक, अंडर 7 श्रेणी: विजेता- विश्वजीत मणि मेला टाइगर्स, उपविजेता - हिल टॉप। स्कूल लिटिल चैलेंज- 9 से कम श्रेणी: विजेता- रेड डेविल्स, उपविजेता- जेपीएस जूनियर्स। अंडर 11 श्रेणी: विजेता - सरना फाइटर एफसी, उपविजेता - कार्मेल अल्फा। अंडर 13 श्रेणी- विजेता- लायन हार्ट, उपविजेता - आई-एन एफसी।

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने पेंशन स्वीकृति पत्र के साथ कंबल का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में राज्य सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर व साकची के रहने वाले वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के 923 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया। अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित महिला एवं पुरुषों के बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का भी वितरण किया। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे, संजय तिवारी, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबन शुक्ला, माजिद अख्तर, इरशाद हैदर, अमित कुमार, तुला दा, सुमित ठाकुर, बिशू दा, आयून, शिवा, आदि उपस्थित थे।

## कुईयानी में पंचायत समिति सदस्य के फूस का मकान जल कर राख, हजारों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पदमदा :** बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी गांव निवासी पंचायत समिति सदस्य शिबू सिंह के फूस के मकान में रविवार को सुबह 7 बजे किसी अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में उनके घर में रखा चावल, धान, टीवी सहित अनेक सामान जल कर राख हो गया। अनुमान के मुताबिक लगभग 70 हजार का नुकसान परिवार को हो गया। पीड़ित शिबू सिंह ने कहा कि आज रविवार होने के कारण कोई पदाधिकारी नहीं आए। कल अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी आयेंगे।

# एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में तैलिक साहू महासभा का वार्षिक मिलन समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा (साहू समाज) का वार्षिक महासम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह में साहू समाज की एकजूटता और संगठन मजबूती पर चर्चा हुई। साथ ही समाज, शिक्षा, चिकित्सा, वैवाहिक वर-वधु का फोटो बायोडाटा जमा करने आदि मुद्दे पर मंथन किया गया। मौके पर सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि प्रदेश भर में संगठन को मजबूत करना और एक-दूसरे का सहयोग करना ही हमारा उद्देश्य है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि मजबूत संगठन से ही समस्याओं का समाधान तथा सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक उत्थान संभव है। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रवक्ता चंदन काशी एवं नंदकिशोर शाह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतिगोयिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद थे ।

## झाराअ कर्मचारी महासंघ, झाचि व जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा के संयुक्त अधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सरायकेला खरसावां के संयुक्त अधिवेशन की तैयारी हेतु अनिल सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में आगामी 24 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाले अधिवेशन हेतु राजेश कुमार द्विवेदी जिला मंत्री झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के समक्ष स्वागत समिति का गठन किया गया।

**जिसमें नामित किए गए पदाधिकारी एवं सदस्य गण इस प्रकार हैं:** स्वगताध्यक्ष विजय कुमार (कृषि) स्वागत मंत्री (महासंघ) राजेश कुमार द्विवेदी, संयुक्त मंत्री अमित कुमार महतो (कृषि) करमू महतो, स्वागत मंत्री अनिल सिंह, संयुक्त मंत्री मंगल हेंब्रम, कोषाध्यक्ष महासंघ कृष्णा पितंडी/ कामेश्वर पड़िहारी,स्वागत सदस्य सुशीला कुमारी, राजेश्वर पंडित, आनंद कुमार, अमित कुमार महतो, विशु हाइबुरू, प्रदीप कुमार महतो, सूर्यमणि, वीणा कुमारी, चूड़ामणि मूर्मू, बद्री महतो, विंबी गुप्ता, उषा कुमारी, भीम उपाध्याय, हरेंद्र महतो, रिंकू महतो, गुणाधर दास, मनोज कुमार रजक एवं अन्य नामित किए गए।

# विमल बैठा पहुंचे माचा सीएचसी, स्वास्थ्य सहियाओं की समस्याओं से हुए अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा नेता विमल बैठा रविवार को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में स्वास्थ्य सहियाओं के बुलावे पर पटमदा प्रखंड की माचा स्थित सीएचसी पहुंचे। मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने पहुंचे सभी सहिया दीदीयों ने विमल बैठा के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। सहियाओं ने बैठा को बताया कि प्रोत्साहन राशि के रूप में सिर्फ दो हजार रुपये दिया जाता है। जिससे परिवार चलना मुश्किल हो



गया है। बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। बताया कि प्रोत्साहन राशि की बढ़ोत्तरी के लिए पूरे राज्य भर के सहिया साथियों ने आंदोलन किया और सरकार ने मानदेय में बढ़ोत्तरी करने का आश्वासन देकर आंदोलन को खत्म कराया। कई महीने बीत जाने के बावजूद सरकार ने किसी तरह मानदेय की बढ़ोत्तरी नही किया है। इस दौरान काजल महतो, आशा महतो, श्रीदेवी माझी, कल्पना महतो, ठाकुरमनी महतो, पानमनी मांडी व चंचला महतो आदि मौजूद थे।

# डिमना लेक में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का सम्मान सह मिलन समारोह संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार को झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पटमदा तथा बोड़ाम प्रखंड के संयुक्त तत्वावधान में डिमना लेक कुटिमाकुली फुटबॉल मैदान में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश महासचिव निखिल मंडल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष गिरीजा प्रसाद मिश्र व पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह मौजूद थे। इस दौरान निखिल मंडल, गिरीजा



प्रसाद मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, अमरेंद्र प्रताप मिश्र, टिप्रु तीयू, डॉ समीर कुमार, अरबिंद कुईला, प्रदीप कुमार व सुधीर चंद्र मुर्मू आदि ने संबोधित किया। समारोह में मुख्य रूप से शिक्षक मुकुल कुमार पांजा, सुखेंदु सिंह, सौमेंदु सतपथी, शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, पिनाकी गोस्वामी, यशवंत सिंह, देवेन्द्र नाथ सिंह, आदि शामिल हुए। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज कुमार बास्के, सुभाष चन्द्र महतो, कालु सिंह सरदार तथा निर्मल चंद्र मांझी को स्मृति चिह्न देकर और साल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की गई।

## चोकेगाड़िया में लखटकिया फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# संथाल परगाना की टीम ने किया टूर्नामेंट पर कब्जा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चोकेगाड़िया फुटबॉल मैदान में कुकड़ू अंचल समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो नेता बिनोद राय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, समाजसेवी खगेन महतो व कल्याण चंद्र सिंह, कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राकेश कुमार गोप, तिरुलडीह थाना प्रभारी



चित्तरंजन कुमार समेत कई गणमान्य शामिल हुए ओर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। फाइनल मैच संथाल परगाना फुटबॉल टीम बनाम डिजिटल सेवा तुता के बीच खेला गया। संथाल परगाना की टीम पेनाल्टी शूटआउट से विजयी हुई। प्रथम पुरस्कार संथाल परगाना फुटबॉल टीम को एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार डिजिटल सेवा तुता को 75 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार आदिवासी मूलवासी स्पोर्टिंग को 50 हजार रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार शांति बॉयज पिटी तिरुलडीह को 50 हजार रुपये नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में बेस्ट गोलकीपर, मैच ऑफ द मैच, मैन ऑफ द टूर्नामेंट समेत कई खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल से पहले अतिथियों ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर जिप प्रतिनिधि सुनील कुमार महतो, आजसू नेता देवराज महतो, सांसद प्रतिनिधि सचिदानंद महतो, उप प्रमुख मो. एकराम, प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, बिष्णु कुमार, बसंत पोद्दार, निरंजन महतो, इद्रजीत महतो, छात्र नेता बिकाश ठाकुर, रंजीत महतो, अरुण कुमार महतो,बिष्णु कुमार, कमेंटर गुलाब टुडू, रमेश महतो, रामभजन कुमार, नरोत्तम गोप आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ता कर रहे श्रमदान से रास्ता का निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला- खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत पातकुम, बान्दू व गौरांगकौचा पंचायत के बिसुंडीह से लेकर हुरलूंग तक करीब 1 किमी तक मिट्टी मोरम सड़क का निर्माण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। बिसुंडीह व हुरलुंग के बीच आवाजाही की यह मुख्य सड़क है, जिससे दर्जनों गांव के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। उसकी स्थिति बद से बदतर हो गई थी। रविवार को वहां के ग्रामीणों के सहयोग एवं मुख्य रूप से ईचागढ़ विधानसभा के भाजपा नेता सह युवा मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य बिनोद राय के सहयोग से 1 किमी तक कच्ची सड़क बनाई जा रही है। मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष फटिक गोराई, दुखु टुडू, सजंय सोरेन, विश्वनाथ उरांव, राजेन मुंडा व पतिराम माझी आदि थे ।

## सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसलों के रूप में जाना जाएगा साल 2023

सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसलों के रूप में साल 2023 जाना जाएगा. क्योंकि देश की सर्वोच्च अदालत ने इस साल आर्टिकल 370, जल्लीकट्टू, समलैंगिक विवाह, दिल्ली में सरकार बनाम उपराज्यपाल, नोटबंदी और मैला ढोने की प्रथा के साथ-साथ दीर्घकालिक मुद्दों पर भी फैसला सुनाया. इतना ही नहीं चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल 1 जनवरी से लेकर 15 दिसंबर तक 52 हजार 191 केसों का निस्तारण करके एक रिकॉर्ड भी बनाया. पिछले साल ये आंकड़ा 40 हजार का था. 2023 के पहले वर्किंग डे पर सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने 2016 की नोटबंदी योजना की वैधता को बरकरार रखा था. साल का अंत अदालत के एक और ऐतिहासिक फैसले के साथ हुआ, जिसने नरेंद्र मोदी सरकार के 2019 के आर्टिकल 370 के फैसले को बरकरार रखा. साल की शुरुआती महीने जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि साल 2016 में केंद्र सरकार का डेमोनेटाइजेशन का निर्णय गैरकानूनी नहीं था. इस फैसले को पांच जजों की बेंच ने 4-1 के से फैसला सुनाया था. जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना और वी रामासुब्रमण्यन ने सरकार के कदम को बरकरार रखा, जबकि जस्टिस बीवी नागरत्ना बहुमत के फैसले से असहमत थे. सुप्रीम कोर्ट ने जल्लीकट्टू और कंबाला जैसी परंपरा को बरकरार रखा. कोर्ट ने बैल वश में करने वाले खेलों, बैलगाड़ी दौड़ को अनुमति देने के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 में तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र ने जो संसोधन किए थे उन्हें बरकरार रखा. जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि राज्य के संशोधनों ने संविधान और जल्लीकट्टू पर प्रतिबंध लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के 2014 के फैसले का उल्लंघन नहीं किया है. सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया. पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा कि इस पर कानून बनाने का काम संसद का काम है और विवाह का अधिकार मौलिक नहीं है. सुप्रीम कोर्ट में विवाह समानता पर अपना फैसला सुनाते हुए,भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा,ये कहना गलत होगा कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय संस्था है.इस साल अक्टूबर के महीने में सुप्रीम कोर्ट ने मैला ढोने के दौरान होने वाली मौतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी और इसे निंदनीय करार दिया था. देश में सीवर में होने वाली मौतों की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 20 अक्टूबर को कहा कि सरकारी अधिकारियों को सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा.पीठ ने कहा,केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो जाए. देश की राजधानी दिल्ली में ब्यूरोक्रेसी को कौन नियंत्रित करता है? इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार के हक में सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने माना कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विधायी शक्तियों के बाहर के क्षेत्रों को छोड़कर, सेवाओं के प्रशासन में विधायिका का नौकरशाहों पर नियंत्रण है.11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में आर्टिकल 370 पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र के फैसले को सही माना था. देश की सबसे बड़ी अदालत ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले आर्टिकल 370 को निरस्त करने वाले केंद्र सरकार के फैसले को संवैधानिक रूप से वैध करार दिया. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस एसके कौल,जस्टिस संजीव खन्ना,जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्य कांत की पांच-जजों की संविधान पीठ ने केंद्र को राज्य का दर्जा बहाल करने और विधान सभा चुनाव कराने का भी निर्देश दिया. आर्टिकल 370 पर कोर्ट ने तीन फैसले सुनाए थे, एक खुद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का, दूसरा जस्टिस कौल की ओर से सहमति निर्णय और तीसरा जस्टिस खन्ना की ओर से अन्य दो फैसलों पर सहमति

### दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएं होंगी

## ग्लोबल वार्मिंग से निपटने की न छूटे आशा

डा. अश्विनी महाजन

> संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक ऊष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं।

चौदह दिसंबर 2023 को दुबई में युनाईटेड नेशन फ्रेमवर्क कान्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज का 28वां सत्र सम्पन्न हुआ, जिसे कॉप-28 के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएं होंगी। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गईं, लेकिन इस सम्मेलन के अंतिम समय में एक ऐसी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है, जिससे पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन से राहत की एक बड़ी उम्मीद जगी है। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक ऊष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं। लगभग एक शताब्दी में पेट्रोलियम तेल और गैस का उपयोग 82.34 गुना और कोयले का उपयोग 4.56 गुना बढ़ा है, लेकिन इसमें भी विकसित देशों का योगदान विकासशील देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हम समझ सकते हैं कि विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी कहीं अधिक अनुपात में बढ़ा है। आधुनिकीकरण और विकास के नाम पर वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आर्थिक संवृद्धि के और जीडीपी में ग्रोथ के नाम पर औद्योगिक उत्पादन भी भारी मात्रा में बढ़ा है। आज लोग ज्यादा और ज्यादा चीजों का उपभोग करने लगे हैं, जो पूर्व की तुलना में कई सौ गुणा ज्यादा है। वाहनों, उद्योगों, कृषि आदि के परिचालन में पेट्रोलियम पदार्थों सरीखे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है और इस कारण ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ी है। पिछली एक शताब्दी में वाहनों, विद्युत उत्पादन, औद्योगिक कार्यों और कृषि समेत अनेकानेक गतिविधियों में जीवाश्म



ईंधन यानी पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला इत्यादि का उपयोग लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते दुनिया में ग्रीन हाऊस गैसों जैसे कार्बनडाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, हाइड्रोफ्लूरोकार्बन, परफ्लूरोकार्बन व सल्फर हेक्साफ्लोराइड का उत्सर्जन भी बढ़ा। इससे विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। समुद्र स्तर बढने के कारण तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने स्थान से विस्थापित हो रहे हैं, कहीं अल्प वृष्टि तो कहीं अति वृष्टि और तूफानों के कारण दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। कृषि उत्पादन पर भी संकट आ रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान इतना अधिक बढ़ता जा रहा है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। मौसम परिवर्तन पर होने वाले संयुक्त राष्ट्र के तमाम कॉप सम्मेलनों में प्रारंभ से ही यह लक्ष्य रहा है कि दुनिया का तापमान 2050 तक औद्योगएमपीकरण से पूर्व की स्थिति की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढने पाए। क्योटो सम्मेलन, जहां ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, के बाद कॉप सम्मेलनों में बातें तो बहुत हुईं, लेकिन क्योटो सम्मेलन के बाद और कॉप-27 से पहले कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई दी। जीवाश्म ईंधन से कैसे मिलेगी मुक्ति : हालांकि कॉप-28 में इस बात पर सहमति बनी है कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा, लेकिन इसके लिए अत्यंत गंभीरता से विचार करना होगा कि यह कैसे किया जाएगा। कॉप-28 में अनेक प्रकार की शपथें ली गई, जिसमें अक्षय ऊर्जा में 3 गुणा वृद्धि, शीतलन से संबंधित ऊर्जा उपभोग में दुगुनी कार्यकुशलता आदि शामिल हैं। पिछले कॉप सम्मेलनों में इस बात पर बहस चलती रही कि जीवाश्म ईंधनों में से कोयले या पेट्रोलियम, किसके उपयोग को कम करना चाहिए। विकसित देशों का यह कहना था कि वे पेट्रोलियम के उपयोग को कम नहीं करेंगे, लेकिन वे साथ ही यह दबाव बना रहे थे कि भारत सरीखे देश कोयले के उपयोग को अवश्य बंद करें। इस बार फिर विकसित देश अंतिम दस्तावेज में शामिल होने में सफल रहे हैं, जब नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने को 'बेरोकटोक कोयला बिजली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने' से जोड़ा गया। हालांकि यह बात मानी जा सकती है कि कोयले से ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन पेट्रोलियम पदार्थों के उत्सर्जन से ज्यादा होता है, लेकिन इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के पास कोयले के बड़े भंडार हैं, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि फिलहाल वह कोयले का उपयोग कुछ समय तक करे और बाद में उसे क्रमशः घटाया जाए। कॉप-28 के इस फैसले से कि कोयले और पेट्रोलियम में भेद किए बिना सभी प्रकार के जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित हो गया है कि इस संबंध में विकसित देशों की बहानेबाजी को कॉप-28 में कम मान्यता मिली। भारत के पास है ज्यादा समय : हालांकि कॉप-28 में ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग से संबंधित लक्ष्यों, खासतौर पर वैश्विक तापमान को औद्योगिकीकरण से पूर्व की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढने दिया जाएगा, की समय सीमा 2050 रखी गई है, लेकिन कॉप-26 में भारत ने अपने वचन में यह कहा था कि हम 2070 तक निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इसलिए भारत के पास वैश्विक लक्ष्य की सीमा से दो दशक आगे का समय रहेगा। हालांकि कॉप-28 में हुई सहमति में चरणबद्ध तरीके से जीवाश्म ईंधनों को समाप्त करने की बात कही गई है, लेकिन इसके साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि इस लक्ष्य को न्यायोचित्त, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से प्राप्त किया जाएगा। इसका मतलब यह है कि अमीर मुल्कों को अपनी जीवन पद्धति को बदलते हुए जिम्मेवारीपूर्वक जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को कम करना होगा और भारत समेत विकासशील देशों को इस संबंध में ज्यादा समय मिलेगा। टिकाऊ उत्पादन ही नहीं, बल्कि टिकाऊ उपभोग भी : अभी तक मौसम परिवर्तन के संबंध में टिकाऊ उत्पादन पर ज्यादा जोर दिया जाता रहा है। लेकिन समझना होगा कि यदि इस पृथ्वी को वास्तव में बचाना है तो संयमित उपभोग से ही ऐसा संभव हो सकता है। अधिकाधिक उपभोग और इस कारण अधिकाधिक ईंधन का उपयोग और प्रकृति का अंधाधुंध शोषण, आज की वैश्विक ऊष्णता का प्रमुख कारण है। सभी देशों की सरकारों को उपभोग को संयमित करने हेतु प्रयास करने होंगे।

दृष्टि कोण

## प्लास्टिक से होने वाला नुकसान रोकना होगा

विज्ञान ने मनुष्य को कई चीजें प्रदान की हैं, जैसे कि चिकित्सा, सूचना क्रांति, अंतरिक्ष विज्ञान, यातायात आदि। प्लास्टिक का आविष्कार भी मनुष्य की सुविधा के लिए बेकलैंड ने 1907 में किया। 20वीं सदी में प्लास्टिक के आविष्कार को एक क्रांति की तरह देखा गया, क्योंकि प्लास्टिक ने मनुष्य के जीवन को कई तरह से प्रभावित किया। प्लास्टिक एक ग्रीक शब्द प्लास्टीकोस से बना है, जिसका सीधा तात्पर्य है ऐसा नमनीय पदार्थ जो किसी आकार में ढाला जा सके। 1970 के दशक में इसका उपयोग औद्योगिक तथा घरेलू क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से बढ़ा। वर्तमान समय में प्लास्टिक पैकेजिंग से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उपकरणों और हमारे दैनिक उपयोग की वस्तु बन गया है। प्लास्टिक मानव की दिनचर्या में इस प्रकार शामिल हो चुका है कि उसकी सुबह की शुरुआत ही प्लास्टिक के बने टूथब्रश से होती है। आदमी जिस बाल्टी में नहाता है, कपड़े धोता है, वह भी प्लास्टिक की बनी होती है। जब वह ऑफिस के लिए अपने खाने का डिब्बा



लेकर निकलता है तो वह भी प्लास्टिक का बना होता है, पानी भी प्लास्टिक की बोतल में पीता है। कहने का अभिप्राय बस इतना है कि प्लास्टिक मानव जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। लेकिन प्लास्टिक मानव जीवन को जितनी सुविधा प्रदान करता है, उतनी ही बीमारियां भी फैलाता है। अगर हम गौर से देखें तो पाएंगे कि आधुनिक युग में प्लास्टिक मानव शत्रु के रूप में उभर कर सामने आया है और यह हमारे पर्यावरण और मानव सभ्यता के लिए दिन-प्रतिदिन खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक ने समुद्र से लेकर दरिया तक, पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक हर जगह अपना विशाल साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इस हिसाब से देखें तो हम पाएंगे कि प्लास्टिक ने मानवता का भला कम, नुकसान ज्यादा किया है। एक अनुमान के अनुसार भारत सालाना 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन करता है। पिछले पांच वर्षों में भारत में प्लास्टिक का उत्पादन चार गुना ज्यादा हो गया है। भारत में प्लास्टिक के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा लैंड फील्ड्स में डंप किया जाता है, जोकि नदियों को दूषित करता है। सडक़ों की नालियों में पानी को अवरुद्ध करता है जोकि बाद में डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया का कारण भी बनता है। अगर हम बात करें हिमाचल की तो पहाड़ों में जो जलाशय, बावडियों का जल गंगाजल के समान शुद्ध माना जाता था, अब प्लास्टिक के कारण मनुष्य को कई गम्भीर बीमारियों जैसे कैंसर आदि का कारण बन रहा है। प्लास्टिक ने केवल मानवजाति को ही खतरे में नहीं डाला है अपितु ये हमारे आसपास के जानवरों के लिए भी खतरा बन चुका है। भारत में मुंबई, केरल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आसपास के महासागर दुनिया के सबसे प्रदूषित महासागरों में से हैं। सर्वे के अनुसार प्लास्टिक कचरा दुनिया भर में कम से कम 267 प्रजातियों को प्रभावित करता है जिसमें 86 फीसदी समुद्री कछुए की प्रजातियां, 44 फीसदी समुद्री पक्षी प्रजातियां और 43 प्रतिशत समुद्री स्तनपायी प्रजातियां शामिल हैं। प्लास्टिक किस तरह से जानवरों के लिए एक अभिशाप बन रहा है, इसका एक ताजा उदाहरण मेरे क्षेत्र ज्वालामुखी विधानसभा के लुथान में मिला जहां गौशाला में लोगों द्वारा छोड़ी गई सैकड़ों गायों की मौत हो चुकी है। इस बात की पुष्टि हुई है कि इन गायों ने प्लास्टिक खायी हुई थी। अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन वल्ड वाइड फंड द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में प्लास्टिक का प्रदूषण 2030 तक दोगुना हो जाएगा। साइंटिस्ट्स के अनुसार समुद्र में 1950 से लेकर 2016 तक जितना प्लास्टिक जमा हुआ है, उतना प्लास्टिक केवल अगले एक दशक में जमा हो जाएगा और महासागरों में प्लास्टिक कचरा 30 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा।

कुछ अलग

## थोड़ी-थोड़ी पिया करो...

ह्माचल सरकार अपने नए साल की शुरुआत में गोबर खरीद योजना को लागू करने जा रही है। सोचता हूँ प्रदेश में जब पहले ही इतना गोबर फैला हुआ है तो सरकार नए खरीदे गोबर को रखेगी कहाँ? इतनी तो खेती की ज़मीन नहीं, जितना गोबर है। अपने कार्यकाल में गोबर फैलाने वाली बीजे पार्टी आजकल विपक्ष में है। उसने सरकार के इस फैसले के विरोध में विधानसभा सत्र के दौरान सिर पर गोबर की टोकरियाँ रखकर प्रदर्शन किया था। मुझे उसके विरोध से कोई आपत्ति नहीं। बस ऐतराज़ तो इतना है कि गोबर से भरे दिमाग़ पर गोबर की टोकरी रखना गोबर से अन्याय है। चाहे उसे अपने अपमान की चिंता न हो, कम से कम अपने दिमाग़ में भरे गोबर का सम्मान तो करना ही चाहिए था। सुख वाली सरकार के मुख्यमंत्री ने नया ऐलान किया है कि शराब पीकर झूमने वाले पर्यटकों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने पर उन्हें हवालात की सैर नहीं करवाई जाएगी। बल्कि उन्हें होटेल में छोडने के बाद ह्माचल पुलिस उन्हें आराम से सुला कर भी आएगी। ताकि उसके मन में यह मलाल न हो कि वे ह्माचल में एंजॉय करने आए थे। पर हवालात की सैर करनी पड़ रही है। अतिथि देवो भवः का इससे बढिया उदाहरण क्या हो सकता है। सुनने में आया है कि इससे उत्साहित होकर पुलिस के एक आला अधिकारी ने पुलिस वालों को ऐसे टल्ली पर्यटकों से दो-चार होने पर उन्हें होटेल में छोडने ही नहीं, बल्कि उन्हें लोरी गाकर सुलाने के लिखित निर्देश जारी किए हैं। मुझे लगता है कि ह्माचल के मुख्यमंत्री चाहें तो महीने में एक बार रिज पर शराबियों के लिए ऐसी महफिल का बंदोबस्त कर सकते हैं, जिसमें वह स्वयं हारमोनियम पर चंदन दास द्वारा गाई गज़ल 'थोड़ी-थोड़ी पिया करो' या ग़ुलाम अली की गाई गज़ल 'हंगामा है क्यों बरपा थोड़ी सी जो पी ली है' को गाकर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दे सकें। इस पुनीत कार्य के लिए सरकार अपने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों की सेवाओं का सदुपयोग कर सकती है। ऐसा करते हुए मुख्यमंत्री उस पूर्व मुख्यमंत्री को पीछे छोड़ सकते हैं, जिन्होंने कोरोना काल में टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए कोरोना के मरीज़ों को इलाज के लिए हिमाचल लाने की योजना आरम्भ करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री से प्रेरणा प्राप्त करने के बाद ह्माचल पुलिस चाहे तो हिन्दी फिल्मों की बेहतरीन लोरियों, मसलन- 'चंदा मामा दूर के', 'चंदनिया लोरी लोरी', 'लल्ला-लल्ला लोरी, दूध की कटोरी' जैसी लोरियों को गाते हुए झूमने वाले हुल्लड़बाज़ों को सुला सकती है। ह्माचल पुलिस के पास देश का बेहतरीन ऑर्केस्ट्रा बैंड है। यह बैंड सारा साल रंगारंग कार्यक्रमों में भाग नहीं ले सकता। ऐसे में इस बैंड के सदस्य ऐसे प्रिय अतिथियों की आवभगत करते हुए उन्हें लोरी गाकर सुला सकते हैं। इसके अलावा इस सेवा को राजधानी ही नहीं, पूरे प्रदेश में कारगर ढंग से लागू करने के लिए पुलिस ऐसे होनेहारों को चयनित कर सकती है जो बाथरूम के बाहर गा सकते हों। ऑर्केस्ट्रा बैंड ऐसे चयनित होनहारों को संगीत सिखा सकता है। पूरी तरह प्रशिक्षित होने के बाद पुलिस के इन जाँबाज़ गवैयों को बार और ठेकों के बाहर तैनात किया जा सकता है। अक्सर बिना बात लोगों की डंडे से सेवा करने वाली पुलिस को माँ सरस्वती की सेवा करने का इससे बेहतर अवसर कहाँ नसीब होगा। बस मुझे चिंता है कि अगर कहीं पुलिस वाले ही पीकर झूमने लगे तो उन्हें कौन सुलाएगा? ह्माचल सरकार से मेरे दो प्रश्न भी हैं। प्रथम- क्या वह इस सेवा को शराब पीकर झूमने वाले ह्माचलियों को भी मुहैया करवाएगी? अगर हाँ तो कब तक? दूसरा- भाँग की खेती परवान चढने पर क्या यह सेवा बाहरी और लोकल भँगेडियों दोनों को एक साथ उपलब्ध होगी या यह रहमत-ए-करम केवल बाहरी पर्यटकों को ही नसीब होगा।

देश दुनीया से

## भारत ग्लोबल साउथ को कर सकता है एकजुट लेकिन वैश्विक अव्यवस्था के बीच लेने होंगे संकल्प

> संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी अपवाद संस्था है, जो उत्तरोत्तर अपनी प्रासंगिकता घटाती जा रही है। इसी कारण आज दुनिया भर में 30 से अधिक संघर्ष के क्षेत्र बन चुके हैं। यूक्रेन युद्ध में किसी के विजेता होने की उम्मीद नहीं है और लगभग हर कोई चाहता है कि गाजा में युद्ध खत्म हो। शांति बाध्यकारी और गैर-बाध्यकारी संकल्पों में उलझी हुई है और उसे वीटो की ताकत वाले उन देशों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो वैश्विक आबादी के छठे हिस्से से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सुधारों के लिए समझौता करने और वीटो धारक देशों से निपटने के लिए जी-20 की तरह ग्लोबल साउथ को एकजुट कर सकता है।

दुनिया समय और घटनाओं के मोड़ पर है। नए वर्ष में प्रवेश के बीच, उभरते संकटों ने नाराजगी और संशय के साये को जन्म दिया है। अंतहीन युद्ध और राष्ट्रीय हित की पुनर्परिभाषा विकास की संभावनाओं को धूमिल कर रही है। ऐसी धारणा बढ़ती जा रही है कि नियम आधारित विश्व व्यवस्था वैश्विक अव्यवस्था में बदल रही है। यह संदर्भ भारत के लिए मायने रखता है कि वह परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर दुनिया में कैसे अपनी क्षमता को आगे बढ़ाता है। जैसे-जैसे हम प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के चुनावी वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, भू-राजनीति की विषमताएं सामने आ रही हैं। भारत को इससे बचना होगा और खुलकर अपने विकल्पों पर विचार करना होगा। बहस के लिए परिस्थितियां तैयार करने का एक उपयोगी लेंस नए वर्ष पर संकल्प लेने की परंपरा है। इस परंपरा का सार चिंतन, पहचान और पुनर्स्थापना है। राष्ट्रीय आयात के मुद्दों पर और भू-राजनीतिक क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने और उसका लाभ उठाने के मुद्दों पर सफलता आम सहमति बनाने की कला में निहित है। यहां कुछ प्रस्ताव सुझाए गए हैं, जिनकी शुरुआत उन बहुपक्षीय एजेंसियों में सुधारों से होती है, जिन्हें नियम-आधारित विश्व व्यवस्था को मजबूत करने का काम सौंपा गया है और जिस पर भारत ने काफी समय और श्रम खर्च किया है। संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी अपवाद संस्था है, जो उत्तरोत्तर अपनी प्रासंगिकता घटाती जा रही है। इसी कारण आज दुनिया भर में 30 से अधिक संघर्ष के क्षेत्र बन चुके हैं। यूक्रेन युद्ध में किसी के विजेता होने की उम्मीद नहीं है और लगभग हर कोई चाहता है कि गाजा में युद्ध खत्म हो। शांति बाध्यकारी और गैर-बाध्यकारी संकल्पों में उलझी हुई है और उसे वीटो की ताकत वाले उन देशों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जो वैश्विक आबादी के छठे हिस्से से भी कम का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र में न्यायसंगत प्रतिनिधित्व और सुधारों के लिए समझौता करने और वीटो धारक देशों से निपटने के लिए जी-20 की तरह ग्लोबल साउथ को एकजुट कर सकता है। भारत का उदय स्वाभाविक रूप से निगरानी और खतरों को जन्म देता है, क्योंकि घरेलू राजनीति भू-राजनीति को प्रभावित करती है। कामकाज की शैली और प्रतिक्रियाओं के मापांकन पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। भावनात्मक विश्लेषण के इस युग में लाठियां और पत्थर तो हड्डियों को चोट पहुंचाएंगे, लेकिन शब्द कलंकित कर सकते हैं। भारत को दुनिया भर में अपने विदेशी सेवा कैडर का विस्तार करने की जरूरत है, ताकि वे उन परिभाषाओं पर सहयोग कर उन्हें फिर से तैयार करने में मदद कर सके, जो मायने रखती हैं। इसके लिए सक्रिय ढाल बनाने, अप्रासंगिक सिद्धांतों का मुकाबला करने और दोहरेपन को उजागर करने की आवश्यकता है। दोहा के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की विफलता के बाद से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का मृत्युलेख लिखा जा रहा है। मुक्त व्यापार के विचार को इसके प्रचारकों ने ही त्याग दिया है, जो अब संरक्षणवाद की वकालत कर रहे हैं। डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था 2020 से मृत है और मध्यस्थता सहयोगी व्यापारिक गुटों तक सीमित है। कैनकन में हुई मंत्रिस्तरीय बैठक की तरह भारत को डब्ल्यूटीओ की वैधता को फिर से जिलाने के लिए अर्थव्यवस्थाओं का गठबंधन बनाने की जरूरत है। बेहतर दिशा में पहला कदम उठाने से अगले मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करने और अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। वर्ष 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में गठित दो संस्थानों, आईएमएफ और विश्व बैंक, ने उस समय के उद्देश्य पूरे कर लिए हैं। अतएव नई वास्तविकताओं के अनुरूप इनकी भूमिकाओं को फिर से परिभाषित करने की आवश्यकता है। भारत डिजिटल बुनियादी ढांचे में अग्रणी और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत के पास सहयोग करने और एक नया ढांचा पेश करने का अवसर है। आईएमएफ को राहत पैकेज से आगे बढ़कर आने वाले संकटों की भविष्यवाणी करने के लिए डाटा पेश करने और लचीलेपन के लिए नीतियां तैयार करने की जरूरत है। जबकि विश्व बैंक को अर्थव्यवस्थाओं में बदलाव को वित्तपोषित करने के लिए नए ढंग से स्थापित किया जाना चाहिए। चूंकि भारत वैश्विक बदलाव का भागीदार है, उसे अपने विकास को बनाए रखने के लिए घरेलू स्तर पर क्षमता तैयार करने और लचीलेपन की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान से पता चलता है कि अगले चार दशकों तक भारत की कामकाजी आबादी घटने वाली नहीं है। लेकिन जनसांख्यिकी नियति नहीं है। भारत को व्यवसाय मॉडल में विघटनकारी बदलाव के खातिर तैयार रहने के लिए मानव पूंजी में निवेश करना चाहिए। स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर अधिक खर्च करने का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। गारंटी के इस दौर में क्या राजनीतिक दल स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के लिए धन खर्च करने पर प्रतिबद्धता जताएंगे? जनमत सर्वेक्षणों में बेरोजगारी शीर्ष चिंता का विषय है। नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि 45 प्रतिशत से अधिक श्रमिक कृषि से प्राप्त राष्ट्रीय आय के छठे हिस्से पर निर्भर हैं।

आप का नजरीया

## संगीतमय पर्यटन के लिए

वहां पंजाबी गीत-संगीत का तडक़ा, निजी तौर पर डा. सतिंद्र सरताज का कार्यक्रम और हिमाचली प्रशंसकों के उत्साह की स्वर लहरियों में पर्यटन की सारी संभावनाएं क्षमता में बदल रही थीं। धर्मशाला के त्रिगर्त ऑडिटोरियम में अगर वर्षांत पर्यटन को संगीत की महफिल ने लूट लिया, तो यह जश्न भाषा-संस्कृति व पर्यटन विभाग की अमानत भी तो हो सकता था या हमें वर्ष के अलग-अलग महोत्सवों में सैलानियों के कार्यक्रम जोड़ लेने चाहिएं। पर्यटक अपने कार्यक्रम बनाते हुए अगर पहले मौसम, बर्फ, साहसिक खेल तलाश रहा था, तो अब रोमांच, मनोरंजन, महफिल और देशी फूड का जायका खोज रहा है। उसके लिए अब हर मौसम और हिमाचल का हर भाग डेस्टिनेशन हो सकता है, बशर्ते वहां रोमांच, महफिल और भरपूर मनोरंजन हो। धर्मशाला का ऑडिटोरियम एक कलाकार के कंसर्ट से अगर डेस्टिनेशन बन सकता है, तो यह खूबी हर शहर, हर पर्यटक और धार्मिक स्थल में तराशी जा सकती है। कुछ ही दिनों में लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व की तैयारियों में तत्तापानी और गरली-परागपुर को कुछ हटकर महफिल, परंपरा और रोमांच की बस्ती के रूप में विज्ञापित किया जा सकता है। गरली-परागपुर के पारंपरिक लोहड़ी उत्सव के प्रांगण में महफिल सजाई जाए तो धरोहर गांव की परिपाटी में पर्यटन गांव की शिनाख्त हो जाएगी। इसी तरह तत्तापानी का खिचड़ी उत्सव मकर संक्रांति के आलम में लोक कला उत्सव में बदल सकता है। कांगड़ा-बैजनाथ की घृत मंडल परंपरा के उत्सव को नव वर्ष के आगमन की तहरीर में बदल सकते हैं, जहां मंदिर प्रांगण में लोक संगीत से भजन-भेंट की परंपरा पुष्ट होगी तथा स्थानीय कलाकारों को प्रश्रय मिलेगा। अगर हिमाचली टिकट खरीदकर पंजाबी कलाकार का जादू सिर पर चढ़ा सकते हैं, तो इस काबिलीयत में हिमाचली कलाकार की मान्यता बढ़ाने के लिए कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा अकादमी को प्रयास करना चाहिए। मंडी के सांस्कृतिक महत्त्व में पराफार्मिंग आर्ट्स सेंटर बनाने की आवश्यकता है, तो प्रदेश के प्रमुख आधा दर्जन मंदिरों के आश्रय-प्रश्रय में सुविधा संपन्न कला केंद्र विकसित करने होंगे, जहां अत्याधुनिक सभागारों के निर्माण से हर दिन लोक गीत-संगीत व शास्त्रीय संगीत की महफिलें सजाई जा सकती हैं। इससे पहले मंदिर आय की फिजूलखर्ची रोककर इसे ऐसी अधोसंरचना में लगाना होगा, जहां पर्यटन आर्थिकी का सृजन हो सके। मंदिरों में हिमाचल आने वाले करीब अस्सी फीसदी सैलानी अब आस्था में भी मनोरंजन की गलियां और महफिल की परिक्रमा करना चाहते हैं। ऐसे में धार्मिक नगरियों का विस्तार और विकास टीसीपी के तहत कुछ इस प्रकार हो कि आठ से दस किलोमीटर के दायरे तक के क्षेत्र में पर्यटकों की जरूरतें और उनके रुकने के कारण परवान चढ़ सकें। हिमाचल के सूचना एवं जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति तथा पर्यटन विभागों को समाहित करके एक ही विभाग बना दें, तो लोक कला एवं संस्कृति के उत्थान के साथ-साथ पर्यटन, गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर भी स्थायी रूप से विविध आकर्षणों के साथ-साथ समारोहों, उत्सवों, गीत-संगीत सम्मेलनों के अलावा वार्षिक मेलों में पर्यटकों को आमंत्रित कर पाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह :** रविवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत केड़ और छिपादोहर में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद अजय सोनी दिलीप यादव सुनीता देवी वरिष्ठ भाजपा नेता रामधनी सिंह आशुतोष सिंह चेरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जहां उक्त अतिथियों द्वारा केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और सभी ने हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। वहीं कई लोगों को आयुष्मान कार्ड के साथ उज्जवला गैस योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण किया गया।

# झामुमो ने आयोजित किया वन भोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** झामूमो कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के उदयन पब्लिक स्कूल में रविवार को वन भोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यकर्ता एक दूसरे से मिले और नव वर्ष की बधाई दी। सम्मेलन का नेतृत्व सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार चंद्रा ने किया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और वन भोज का भी जमकर लुफ्त उठाया। मौके पर विधानसभा प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं को हरे रंग का पगड़ी देकर सम्मानित किया और पार्टी के पक्ष में एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन में दर्जनों नए कार्यकर्ताओं को झामुमो की सदस्यता दिलाई गई। विधानसभा प्रभारी ने बताया कि नव वर्ष के मौके पर कार्यकर्ताओं से मिलने जुलने का मौका नही प्राप्त नहीं हो रहा था। इस लिए वन भोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर सभी को एकत्र किया गया ताकि सभी कार्यकर्ता एवं सदस्य तथा पदाधिकारियों में प्रेम भाव बना रहे और पार्टी के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहे। उन्होंने सम्मेलन में आए सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के एकत्रित होने पर आभार जताया और नव वर्ष पर उनके सुखमय जीवन की कामना की। हालांकि कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम में तकरीबन एक हजार से ज्यादा लोग शामिल थे। मौके पर सिमरिया प्रमुख रोहन साव, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, संदीप साहू, चंद्रदेव प्रसाद साहू, बिनोद साव, बिनोद मुखिया, अर्जुन साहू, रमन साहू, मदन साहू, सलीम अख्तर, आलोक रंजन, प्रेमलता चंद्रा, ललिता देवी के अलावे सैकड़ों लोग शामिल थे।

### विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह के द्वारा गरीब असहाय एवं बृद्ध के बीच किया गया कम्बल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के हर्षनाथपुर में गरीब असहाय एवं बृद्ध के बीच कम्बल का विरतण किया गया। यह वितरण विधायक किसुन दास के सिमरिया प्रतिनिधि सह बन्हे मुखिया सुधीर कुमार सिंह के सौंजय से किया गया। सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अपने निजी खर्च से 100 कम्बल का वितरण गरीब असहाय एवं बृद्ध महिला पुरुष के बीच किया जाता है। ताकि कोई भी बृद्ध ठंड से किसी तरह का परेशानी ना हो। इस तरह वितरण कर मुझे बहुत खुशी मिलती है।

## 2004 बैच के युवकों ने मिलन सह वन भोज का लिया आनंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत 2004 बैच के युवकों व युवतियों ने मिलन सह वनभोज का आनंद रविवार को भेड़ी फार्म समीप सलैया जलप्रपात्र में उठाया। जहां दर्जनों छात्र-छात्राओं के बीच चतरा उपयुक्त आबू इमरान ने क्षेत्र को भ्रमण करते हुए पहुंचे। और लोगों से मुलाकात किया।उन्होंने सबों को निर्देश दिया की आप लोग शांतिपूर्वक पिकनिक मनाय।जहां दर्जनों साथी 20 वर्ष बाद उपस्थित हुए। एवं इस कार्यक्रम में एक दूसरे से मिलकर खीर पुरी व अन्य भोजन का आनंद उठाते हुए जमकर मस्ती किया। साथ ही साथ इसी तरह का कार्यक्रम करने को लेकर टीम की गठन कर लोगों ने प्रत्येक वर्ष यह कार्यक्रम करने की बातें आपस में किया गया। बताते चलें की 2004 बैच के युवकों ने 2024 में पहली बार साथियों ने एक दूसरे से मिलकर नएसाल की 7 जनवरी को हार्दिक शुभकामनाएं कही। इस कार्यक्रम में सम्मिलित संतोष कुमार साव लक्ष्मण कुमार कामदेव कुमार राणा सत्येंद्र कुमार पांडेय अजय कुमार मुकेश कुमार दांगी राजेंद्र कुमार पवन कुमार दांगी अशीष साव अजय कुमार नितेश कुमार दशरथ कुमार दांगी बद्री दांगी प्रमोद कुमार साहू प्रकाश कुमार हरिनंदन कुमार पंकज कुमार आरती कुमारी सुनीता कुमारी कंचन कुमारी ममता कुमारी ममता कुमारी एवं दर्जनों साथी इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

गरीब व असहाय के लिए फरिश्ता बने समाजसेवी मनोज यादव

## बिरहोर परिवार समेत बुजुर्ग व जरूरतमंदों के बीच वितरण किया कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** क्षेत्र में इनदिनों कड़कड़ाती ठंड व सर्दी का सितम चरम पर है, सर्दी, ठिठुरन व कोहरे से जन जीवन अस्त व्यस्त है। खास कर गरीब बुजुर्ग परिवार जो गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ है उन पर ठंड का सितम काफी कहर ढा रहा है। ऐसे में प्रखण्ड क्षेत्र निवासी समाजसेवी सह मजदूर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष कोयता गाँव निवासी मनोज यादव ने नवादा पंचायत क्षेत्र के उलवार, सिंदरी व टयाकरम गाँव के गरीब व बुजुर्ग जरूरतमंदों के बीच अपने निजी खर्च से कंबल का वितरण किया। वही कपकपाती ठंड में कंबल पाते ही गरीबो के चेहरे खिल उठे।समाजसेवी का कहना है की सर्दी अपने चरम पर है और समाज में अभी भी ऐसे कई लोग हैं जो गर्म कपड़े कंबल से मोहताज है हमारी कोशिश है कि हम ऐसे जरूरतमंद बुजुर्ग लोगों को मदद पहुंचाएं ताकी कड़ाके की ठंड से उन्हें राहत मिल सके।वही जानकारी के लिए आपको बता दे की समाजसेवी प्रत्येक वर्ष गरीबों की सेवा करते आ रहे हैं।

## संकल्प सेवा फाउंडेशन ने गरीब विधवा, लाचार, वृद्ध जनों को दिया कम्बल

### नर सेवा नारायण सेवा है : ईश्वर दयाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत सिसई के बुटखेता टोला में संकल्प सेवा फाउंडेशन के द्वारा गरीब विधवा, असहाय वृद्ध जनों को बढ़ते ठंड से राहत के लिए कम्बल का वितरण किया गया। गरीबो के लिए जाड़े की रात प्रकृति की सबसे बड़े अभिशाप के रूप में आती है। उनके लिए जाड़े की रात सुरसा की जमुहाई से भी लम्बी लगती है ऐसे में ठंड की चुभन से राहत के लिए इन गरीबों, असहायों के लिए यह कम्बल काफी उपयोगी साबित होता है। संकल्प सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट अपने संकल्प इरादे को दिखाते हुए गरीब विधवा, लाचार, वृद्धजनों को कम्बल प्रदान कर सही सेवा भाव को प्रदर्शित किया। क़रीब साठ गरीब असहायों को कम्बल दिया गया इसमें अधिकांश वैसे लोग थे जिन्हें इस वर्ष कहीं से अब तक गरम कपड़ा, कम्बल उपलब्ध नहीं हो पाया था। संकल्प सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि इस ट्रस्ट का मूल उद्देश्य ही है वंचित, विधवा, असहाय, दिव्यांग, वृद्धजनों की सेवा संकल्पित भाव से करना। इस संकल्प सेवा ट्रस्ट के सचिव प्रो. जय प्रकाश रजक ने कम्बल वितरण करते हुए लोगों के बीच भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में इस ट्रस्ट के माध्यम से हर गरीब, लाचार लोगों को हर संभव मदद किया जाएगा। जिन लाचार, असहाय, वृद्ध जनों को कंबल दिया गया उनमें प्रमुख नाम मसो. पैरवा देवी, मसो एतवरिया देवी, मसो. रतनी देवी, मसो कविलास देवी, मसो बुल्को देवी, अंदुवा बैठा व अन्य थे। मौके पर विशेष रूप में शैलेश भारतीय, सुमन भारतीय, उदय कुमार पांडेय, धनंजय कुमार पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, प्रवेश कुमार, मुकेश आनंद, अभिनव कुमार मिश्रा, नित्यानंद पांडेय, शिवनाथ रजक, पिंकी देवी व अन्य उपस्थित थे।

## जीपीडीपी को लेकर महिलाओं ने ग्राम सभा का किया आयोजन जनउद्योग पर हुआ चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत सचिवालय के समीप रविवार को महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां पंचायत में संचालित समूह से जुड़े अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता मुखिया जगदीश यादव ने किया। संचालन समूह की दीदीयों ने किया। जहां महिला उत्थान से संबंधित योजनाओं को चयनित करने पर विचार कर प्रस्तुत किया गया।सर्व समिति से जनऔद्योगिक योजनाओं को चयनित किया गया। जैसे कुटीर उद्योग को बढ़ावा देना। पत्तल, दोना, ग्लास,चूड़ी,अगरबत्ती इत्यादि का निर्माण कृषि उपकरण को बढ़ावा देना स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, मछली पालन बत्तख पालन, मुर्गी, बकरी, गाय, भैंस, सुकर पालन इत्यादि, सिलाई कढ़ाई केंद्र निर्माण, मशरूम खेती की ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण, फुल बागवानी, आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने से संबंधित चर्चा की गई। बेबी देवी सुशीला देवी सरिता देवी अंजली देवी मीना देवी एवं दर्जनों महिला उपस्थित थी।

# लातेहार की खबरें

## लातेहार में किया गया 78 मरीजों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार और जीवन ज्योति ट्रस्ट रांची के संयुक्त तत्वावधान में लातेहार के मननचोटाग स्थित आदिम जनजाति परिवार कल्याण अस्पताल में शिविर आयोजित कर शनिवार को मोतियाबिंद के 78 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। एवं मरीजों का लेंस-प्रत्यारोपन किया गया। नेत्र चिकित्सक ने कहा कि आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष दो तीन माह कैंप लगाकर इस तरह के गरीब और असहाय लोगों को कल्याणकारी कार्य की जाती रही हैं, जो सराहनीय है। आगे उन्होंने बताया कि मोतियाबिंद के 114 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। परंतु 78 मरीजों को ही नेत्र चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन किया गया।

# लाइफलाइन सड़क का हुआ भूमिपूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने लाइफलाइन कहे जाने वाले सड़क का भूमिपूजन विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। जहां प्रखंड मुख्यालय शहीद भगत सिंह चौक से छिपादोहर बाइपास केड़ और बाइपास भैंसाखाड़ मुख्य सड़क गारु, महुआडांड़ को जोड़ता है जो लगभग 19 किलोमीटर है, जिसे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से करोड़ों की रुपये की लागत से निर्माण कार्य होना है। उक्त सड़क के भूमिपूजन में सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति ने बता दिया कि सड़क का निर्माण कितना अहम है। वहीं इसके पूर्व सम्मानित विधायक श्री सिंह के स्वागत में महिलाओं ने नृत्य और कसीदे पढ़े,साथ ही उन्हें और मौजूद सम्मानित लोगों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश , थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को फूलमला पहनाकर खुशी का इजहार किया । मौके पर सम्मानित विधायक कहा कि उक्त सड़क वर्षों से जर्जर हालत में रहा रहा है जिसके निर्माण कार्य की मांग हमारी शांतिप्रिय जनता की थी जो आज पुरा किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क का निर्माण हो जाने से हमारे विधानसभा के सभी क्षेत्र में आवागमन सुखदाई होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के अलावा कई और महत्वपूर्ण सड़कें हैं जिसपर हमारी निगाह है, हमारी कोशिश रहेगी कि उन सड़कों का निर्माण कार्य जल्द होगा। वहीं सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर प्रसिद्ध नाम मुमताज खान ने कहा कि हमें महसूस हो रहा है कि यह सड़क ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए कितना जरूरी है, ग्रामीणों की उपस्थिति ने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण का निर्देश दे दिया है। कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि बेहतरीन निर्माण कार्य हो। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, नेता रविंद्र राम, अजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, युथ कांग्रेस प्रदेश कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मनान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, कृष्णा प्रसाद, अजीत कुमार, राजू प्रसाद, निजाम अंसारी समेत सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** कृषि तकनीकी केंद्र से रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा, एटीएम राहुल सिंह के द्वारा दो बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया कि यह बिरसा कृषि रथ प्रखंड के सभी 14 पंचायतों में जागरूकता हेतु जाएगा। इस दौरान पंचायत में जाकर कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार के योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। ताकि पंचायत के लोगों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल सके। और सभी पंचायत के लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## बंध्याकरण शिविर में दिखा अव्यस्था का आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** आरएचपीएल एनजीओ(पटना) द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बंध्याकरण शिविर में भारी अनियमितता देखने को मिली। आयोजित शिविर में बंध्याकरण आयी महिलाएं और उनके परिजन को शनिवार सुबह 8 बजे अस्पताल बुलाया गया था। लेकिन 12 घण्टे बाद देर रात 7:30 बजे के बाद ऑपरेशन शुरू हुआ। इस दौरान बालूमाथ के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दूसरे जिले रांची, पांकी से बंध्याकरण पहुंचे महिला एवं उनके परिजनों को कड़कड़ाती ठंड में परेशान दिखे। मौके पर जानकारी देते हुए बंध्याकरण आई सुनीता देवी पति प्रमोद भुइँया ग्राम ओकिया, जयन्ती देवी पति बिमलेश साव छेचानि पांकी निवासी, ममता देवी पति प्रदीप यादव ग्राम बुढ़मू रांची, सोनामनी देवी पति भोला लोहरा ग्राम पुकचु थाना बरियातू, काजल देवी पति मुकेश तुरी कुशमाहा भाटचतरा निवासी समेत कई लोगो ने बताया की 32 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन होना था। जिसके लिए उन्हें सुबह 8 बजे बालूमाथ अस्पताल भूखे पेट बुलाया गया था। लेकिन देर शाम 7:30 बजे के बाद ऑपरेशन शुरू हुआ। इस दौरान उन्हें अर्धनिर्मित अस्पताल में अंधेरे में बैठाकर रखा गया। ऑपरेशन होने के बाद बेड के अभाव में एक दो बेड जोड़कर तीन मरीजो को सुलाया गया। वही ऑपरेशन होने के बाद मरीज को ढोकर परिजन बेड तक ले जाने का काम कर रहे थे ।मरीज के अटेंडर के रहने के लिए कोई व्यवस्था नही थी ।वही मरीजो को अस्पताल पहुंचाने वाली सहिया दीदी को रहने का कोई व्यवस्था नही दिया गया था। ऑपरेशन हो जाने के बाद स्वास्थ्य जांच के लिए एनजीओ टीम व सर्जन डॉक्टर को अस्पताल परिसर में ही रहना है ।लेकिन वे सभी ऑपरेशन कर चले गए। वही बालूमाथ अस्पताल में कार्यरत प्रोग्राम मैनेजर मृत्युंजय कुमार को भी बंध्याकरण शिविर में मौजूद रहना होता है लेकिन वह भी वहां से नदारत दिखे। वहीं मामले की सूचना पाकर लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने संज्ञान लेते हुए लातेहार सिविल सर्जन एवं बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी एनजीओ के डायरेक्टर्स से बात कर मामले की सूचना दी और कहा कि महिलाओं को सुबह 8:00 बजे बुलाया गया और उन्हें दिनभर भूखा रखकर ऑपरेशन किया जाता है। तो इतना विलंब क्यों हुआ अगर ऐसी स्थिति में किसी महिला को परेशानी होगी तो इसकी सारी जवाब देही चिकित्सा प्रभारी की होगी।

## सड़क दुर्घटना में पलामु के एक युवक की दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के गोनिया ग्राम स्थित डाकबंधी के समीप एन एच 22 रांची-चतरा मुख्य पथ पर रविवार को सुबह लगभग 7 बजे अज्ञात वाहन ने एक बाईक सवार को रौंद कर फरार हो गया जिससे बाईक सवार युवक का घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकरी के अनुसार बताया जाता है कि बालूमाथ के ओर से एक बाईक सवार चतरा की ओर जा रहा था। की विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने बाईक सवार को अपने चपेट मे ले लिया और कुछ दुर तक ट्रक मे फंस कर बाईक सवार घिंसटाते हुए चला गया। जिससे बाईक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही थाना पुलिस अवर निरिक्षक आनंद कुमार, सहायक अवर निरिक्षक नीरज दुबे सह दलबल घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे मे लिया और मृतक की पहचान गढवा के रंका थाना अंतर्गत राबदा ग्राम निवासी अनिल कुमार, 30 पिता विजय राम चन्द्रवंशी के रूप मे किया गया। इसके पश्चात पुलिस ने परिजनों को सुचना दिया। सुचना पाकर परिजन दोपहर थाना पहुंचे और मृतक के चचेरा भाई ओम प्रकाश ने बताया कि अनिल एयरटेल कम्पनी के टेक्निकल वर्कर के रूप में कार्यरत थे। इनके माता पिता व भाई बहन छत्तीसगढ़ में रहते हैं। यह चतरा से बालूमाथ तक एयरटेल कम्पनी के टावर का देख रेख करता था।रविवार सुबह बालूमाथ सेननण काम करने चतरा की ओर अपने बाईक सिजी 30डी 4127 से जा रहा था। इसी दौरान उनकी दुर्घटना हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि मृतक के चचेरा भाई ओम प्रकाश के फर्द बयान पर प्राथमिकि दर्ज कर लि गई है।और कार्रवाई कर शव को परिजनों के साथ पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मे रविवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, जिला परिषद पूर्वी प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, मुखिया नरेश लोहरा ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिप सदस्य प्रियंका कुमारी ने ग्रामीणों से कहा की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओ का आप लाभ उठाये। साथ ही केंद्र सरकार की कई जन उपयोगी योजनाओ को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। और इससे जुड़कर इसका लाभ उठाने की बात कही। वही भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लछ्मन कुशवाहा ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की आज देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे पुरा देश बदल रहा है। आज पूरे विश्व मे देश की छवि उच्च स्थान पर है। करोड़ो लोगो के सपने को 500 वर्षो बाद प्रधान मंत्री के नेतृत्व मे पूर्ण हो रहा है। आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम अपने घर मे पधारेंगे। आगे कहा की केंद्र सरकार किसानो के हित के लिए हर वर्ष खाते मे 6000 रुपये भेज रही है जिससे किसान् उसका लाभ उठा रहे है। उन्होंने यह भी कहा की देश के प्रधान मंत्री के कारण गरीबो का सपना साकार हो रहा है। लोगो को कई योजनाओ का लाभ मिल रहा है। मौके पर कई लाभुकों के बीच उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। वही बाल विकास विभाग की ओर से कई बच्चों को अन्नप्राशन करवाया गया। मौके पर मुखिया नरेश लोहरा, रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, अमित कुमार, सूरज शाह, बबलू गुप्ता, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका कामिनी कुमारी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में बड़े बदलाव की है जरूरत, हजारीबाग को चाहिए माटी का सांसद : संजय मेहता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड एक मुश्किल दौर में है। दो दशकों के बाद भी झारखंड में झारखंडियों के लिए नीतियाँ नहीं बन पायी है। आज तक स्थानीय नीति खतियान आधारित नहीं बन पायी है। नियोजन नीति भी अब तक नहीं बन पायी है। झारखंड की जमीनों को लूटा जा रहा है।60~ 40 नियोजन नीति झारखंडी जनमानस को स्वीकार्य नहीं है। पुनर्वास की भी नीति नहीं बन पायी है। जमीनों की लूट अत्यंत चरम पर है। ऐसे में सभी झारखंड वासियों को एकजुट होकर यह लड़ाई लड़नी होगी। नहीं तो सबकुछ लूट जाएगा। हमारे ऊपर चारो तरफ से हमला है। आज नहीं जागे तो हमारी पीढ़ियाँ बर्बाद हो जाएगी। हमारे बाल - बच्चे बेघर हो जाएंगे। अगली पीढ़ी बहुत मुश्किल में चली जाएगी।उक्त बातें स्थानीय हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे झारखंडी योद्धा संजय मेहता ने हजारीबाग के डाड़ी प्रखंड अंतर्गत लाल मोहन बेदिया उच्च विद्यालय खपिया मैदान में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा।दरअसल झारखंड के जनमुद्दों को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) पूरे राज्य में सभाएं कर रही है और लगातार झारखंड वासियों के हक़ और अधिकारों को लेकर जनजागरूकता अभियान चला रही है। रविवार को डाडी में भी भारी संख्या में नौजवान एवं झारखंडी की भीड़ देखने को मिला। इस दौरान वक्ताओं ने स्थानीयता सहित झारखंडी मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। सभा में संबोधित करते हुए संजय मेहता ने आगे कहा कि झारखंड को एक साजिश के तहत बर्बाद किया जा रहा है। यहाँ अफसर नेता सब मिलकर झारखंड को लूट रहे हैं। हमारे जमीन, रोजगार सब कुछ को लूट लिया गया है। हमारे लोग अपने ही जमीन पर किरायेदार बन गए हैं। सभी नियुक्ति की प्रक्रिया में पेंच फँस जाता है। नेता भी चुप हैं। जनप्रतिनिधि ही हमारे शोषक बन गए हैं। जो नेता हमारी माटी से नहीं हैं उन्हें मिट्टी से दर्द नहीं है। जो माटी के नेता हैं वे व्यापारी बन गए हैं। झारखंड की जनता नेतृत्वविहीन हो गयी है। आज अगर नहीं जागे तो झारखंड का सब कुछ लूट जाएगा। एक एक झारखंडी को जगाना होगा। यह इंकलाब का दौर है। सबको इसमें भागीदार बनना पड़ेगा।

झारखंड को बचाने की लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। झारखंड आज एक ऐसे रास्ते पर खड़ा है जहां से एक नए शुरुआत की जरूरत है। हमारी माटी के साथ छ्ल इतना अधिक कर दिया गया है कि अब पूरा झारखंड जाग चुका है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बड़े बदलाव को लेकर हम सभी संकल्पित हैं। झारखंड के युवा जाग चुके हैं। अब यहाँ परिवर्तन होकर रहेगा।आगे उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है। इसके लिए हम सबों को तैयार रहना होगा। झारखंड को परिवारवाद की राजनीति से मुक्त करना होगा साथ ही यहाँ माटी का सांसद, विधायक बनाना होगा। बड़े राजनीतिक परिवार ने सिर्फ छ्ल, धोखा किया है। इन्हें वोट नहीं देना है।सभा को क्रांतिकारी योद्धा मोतीलाल महतो, सूरज साहू, प्रेम नायक, गायक बबन देहाती, सानिया प्रवीण सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। झारखंड को बचाने की इस लड़ाई में अपनी आवाज बुलंद की। सभा में नौजवान एवं स्थानीय लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बदलाव का संकल्प लिया। साथ ही माटी के नेतृत्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आह्वाहन किया।

### नॉक आउट ताइक्वांडो अकैडमी के रितेश सिंह ने मध्य प्रदेश में लहराया परचम



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हजारीबाग शहर के नॉकआउट ताइक्वांडो अकैडमी के 11 वर्षीय छात्र रितेश कुमार सिंह ने सीबीएसई वर्ल्ड स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले तथा राज्य का नाम रोशन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 31 दिसंबर से 5 जनवरी तक चली।रितेश कुमार सिंह के हजारीबाग पहुंचने के उपरांत शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर में रितेश कुमार सिंह को आमंत्रित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने रितेश कुमार सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप खिलाड़ी खेल तथा शिक्षा के प्रति सदैव अग्रेषित रहे हम आप सभी के साथ सदैव खड़े हैं। जिस तरह आप लोगों की खेल के प्रति लगन है इस तरह मेरी लगन है कि मैं आप सबों के साथ बड़ा भाई बनकर सदैव खड़ा रहूं। साथ ही कहा की रितेश कुमार सिंह ने इतने कम उम्र में जिला तथा राज्य का नाम रोशन किया है यह काफी गर्व की बात है खेल के साथ खिलाड़ियों को शिक्षा के प्रति भी अपनी सहभागिता पूरी निभानी चाहिए। पुन~ रितेश सिंह को बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। साथ में प्रशिक्षक के रूप में रौशन कुमार चौहान को भी बहुत बहुत बधाई ।

## हजारीबाग झील परिसर स्थित नव निर्मित ओपन एम्फी थियेटर का उद्घाटन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झील परिसर स्थित जिला परिषद द्वारा नव निर्मित ओपन एम्फी थियेटर का विधिवत् उद्घाटन 8 जनवरी को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि,उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त शामिल होगें। इस उद्घाटन समारोह को लेकर उप विकास आयुक्त ने बताया है कि यह ओपन एम्फी थियेटर विशेषकर युवाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसके निर्माण के पीछे यह परिकल्पना और प्रयास है कि युवाओं को वैसा मंच प्रदान कर सकें जहां बैठकर वें कुछ सकारात्मक और संरचनात्मक सोच को आकार दे सकें। इस एम्फी थियेटर में एक मंच और दर्शक दीर्घा तो है ही साथ ही साथ इसमें अनेको कलाकृतियों को भी स्थान दिया गया है। खेल के साथ तार्किक सोच का भी विकास हो इसके लिए चेस के बोर्ड भी लगाए गए है। कह सकते है कि यह सामान्य पार्कों की तरह नही है बल्कि इस स्थान को युवाओं को अपने विचारों को रखने व साझा करने का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। जिले वासियों के लिए यह एम्फी थियेटर 8 जनवरी को सौंप दिया जायेगा। साथ ही जिला प्रशासन ने यह अपील कि है इस मंच का बेहतर इस्तेमाल कर इसके रख रखाव व इसकी महत्ता को बनाए रखना भी जिले वासियों का फर्ज है।

## जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अलपिटो पंचायत का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसकी जानकारी क्षेत्र के विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब को ग्रामीणों ने दिया। जानकारी मिलते ही त्वरित कार्यवाही हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर महज चौबीस घंटे में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया।ट्रांसफार्मर आने के विधिवत नारियल फोडकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मध्य जिला परिषद शेख तैयब ने कहा कि जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है,मैं उसे पूरा करने में कोई कसर नही छोड़ूँगा। वर्तमान समय मे बिजली के बिना कोई भी नही रह सकता इसलिए बिजली से सारे उपकरण चलते है।डिजिटल युग मे भी सारे काम ऑनलाइन होने लगे है,और बिजली के बिना इन कामो को पूरा नही किया जा सकता। उपभोक्ताओं को समय पर अपना बिल भी भुगतान करना चाहिए जिससे उर्जा आपको मिलती रहे।मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव जानकी शर्मा,पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक अर्जुन पंडित महेंद्र पंडित, परमेश्वर साव ,दीपक पंडित राजेश पंडित,पंकज यादव ,खीरो पासवान,चैता पंडित,मनोज यादव, जयराम पंडित ,जय नारायण पंडित, वेणी पंडित सीताराम पासवान, इंद्रमणि गोप, मुकेश राणा,नागेश्वर पंडित , प्रकाश पंडित समेत वार्ड नंबर 5 के गण्यमान जनता एवं युवा तथा महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित थे।

## ठंड से निजात के लिए उपप्रमुख खुशबू देवी ने की कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंदवारा :** बढ़ते ठंड को देखते हुए शुरू हुई कंबल वितरण कार्यक्रम। इसी क्रम में उपप्रमुख खुशबू देवी ने जरूरतमंद व्यक्तियों व महिलाओं के बीच कंबल वितरित किए। इस दौरान उपप्रमुख खुशबू देवी ने कहा बढ़ते ठंड को देखते हुए जरूरतमंद व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया ताकि लोग ठंड से बच सके। कंबल वितरण होने से पंचायत क्षेत्र के असहाय और जरूरतमंदों को काफी राहत मिलेगी। गरीब,निर्धन व असहाय के सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस कड़ाके की ठंड में जिसके पास तन ढकने के लिए ढंग के कपड़े न हों, उनके लिए कम्बल वरदान के समान है। वही उपप्रमुख प्रतिनिधि बिजेंद्र कु यादव ने कहा कि मानव सेवा करके काफी आत्मसंतुष्टि मिलती है, क्योंकि साधन संपन्न लोग अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं।

## करियातपुर में पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के करियातपुर में श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत आमंत्रण वितरण के प्रखंड संयोजक चंदन कुमार केसरी सह संयोजक संतोष कुमार प्रजापति के उपस्थिति में गांव के सभी घर में अक्षत वितरण किया गया। प्रखंड संयोजक चंदन केसरी ने कहा कि अब हमे प्रभु श्री राम जी के स्वागत की तैयारी में लगना है वहीं 22 जनवरी को मंदिर में पूजा , हरी कीर्तन,हवन को लेकर भी तैयारी करनी है। साथ ही साथ घर



को सजाकर रंगोली वा भगवा ध्वज लगाकर दीप जलाना है, और पटाखों के साथ दीपावली मनाना है, वा 22 जनवरी के बाद अयोध्या चलना है, वहीं प्रिया रानी ने दो लाइन गाकर कहा सजा दो घर को दुल्हन सा अवध में राम आए हैं । साथ ही साथ नंदनी केशरी जी ने कहा - राम आयेंगे आयेंगे राम आएंगे ।

वहीं किरण वर्मा ने बताया कि हम बहुत ही सौभाग्य साली है की प्रभु श्री राम जी का अक्षत वितरण का मौका हमे मिला अक्षत वितरण में सम्मिलित - चंदन कुमार केसरी ,संतोष कुमार प्रजापति, संतोष केसरी कमलेश कुमार कुशवाहा, मुन्ना सोनी, धर्मेंद्र प्रजापति ,संतोष केसरी (डीलर), शशि सोनी डोमन साव ,रितेश केसरी,मनी केशरी, पूनम केशरी, रिद्धि केशरी, प्रिया रानी,नंदनी केशरी,रिंकी केशरी, अर्चना केशरी, किरण देवी, किरण वर्मा,सुनैना, सीमा देवी, पुष्पा देवी, सुलेखा देवी,प्रीति देवी, वीणा देवी, नीलू देवी, जुगली देवी राजेश भगत , पिंटू केशरी,वा अन्य उपस्थित हुए।

## हजारीबाग प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों के समूह हुए एकजुट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** हजारीबाग प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों के समूह ने एक बार फ़िर एकजुटता का परिचय देते हुए एक बार भी अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज़ की है। हजारीबाग प्रेस क्लब के गठन के उपरांत से ही लगातार इस समूह ने पत्रकार हित के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी एकता का परिचय देते हुए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का सकारात्मक पहल किया है । रविवार को साल 2024 में पहली बार गतिविधि करते हुए हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और इससे जुड़े सदस्यों ने वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन हजारीबाग से करीब 13 किमी दूरी पर अवस्थित हजारीबाग वन्यप्राणी आश्रणी के प्राकृतिक सौंदर्य स्थल सलपर्णी में किया। जहां घने वृक्षों के तले सुबह की कोहरे और उसके बाद हल्की धूप के बीच सलपर्णी की प्राकृतिक छटाओं के साथ परिंदों की अठखेलियां और हवाओं की मीठी से सुगंध के बीच सुहाने मौसम का जमकर आनन्द उठाया। वनभोज के दौरान कलम के सिपाहियों के चेहरों पर गहरे संतोष और संतुष्टि की भावना के साथ नव वर्ष में एक दूसरे से मिलन- संपर्क से नया जोश और उमंग देखने को मिला।

## नव वर्ष के अवसर पर विद्यालय परिवार के ओर से वन भोज का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के भराजो पंचायत के अमनारी गांव अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष जनवरी 2024 में भी विद्यालय परिवार प्रधानाध्यापक छोटन कुमार दास ,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष धानेश्वर पासवान के नेतृत्व में क्षेत्र के बौधा डैम पर्यटक स्थल में छात्र छात्राओं शिक्षकों संग वनभोज (पिकनिक) का आयोजन किया गया। वनभोज में विभिन्न भोजन व्यंजन स्वाद का लुत्फ उठाया गया।शामिल छात्र छात्राओं में काफी खुशीया देखा जा रहा था ।

बता दें कि वि.प्र.समिति अध्यक्ष धानेश्वर पासवान ने कहा कि वनभोज आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मानसिक बौद्धिक विकास हेतु ही किया जाता है। वनभोज कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षको में कुलदीप पासवान बलराम प्रसाद,उमेश दिन,अर्जुन प्रसाद , संयोजिका कांति देवी,रसोइया मो.बिंदु,सबिता देवी,प्रमिला देवी अन्य कई छात्र छात्राएं शामिल थे।

## सांसद ने किया कार्यकर्ता मिलन समारोह का अयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने हजारीबाग के डेमोटांड स्थित अपने आवास ऋषभ वाटिका में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यकर्ता मिलन समारोह में आगंतुक भाजपा कार्यकर्ताओं का जयंत सिन्हा ने भरपूर स्वागत करते हुए नव वर्ष के अवसर पर अपने हृदय से हार्दिक मंगल कामना किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ सांसद जयंत सिन्हा ने लिट्टी, चोखा, जलेबी और हजारीबाग का विशेष पकवान बर्रा,धुस्का खाकर भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन में पकवान के साथ गीत और संगीत का अति मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



जिसका भरपूर आनंद सांसद सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उठाया। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज अपने संसदीय क्षेत्र के देव तुल्य कार्यकर्ताओं के साथ इस आनंदपूर्ण समय में मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। आप लोगों ने पूरे 10 वर्षों के मेरे स्वर्णिम कार्यकाल में हृदय से मेरा साथ दिया, जिससे मुझे विकास के काम करने की नई ऊर्जा का संचार होता रहा। आप लोगों के प्रेम और विश्वास के कारण मैं अपने लोकसभा क्षेत्र, राज्य और देश का विकास करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आगे आने वाले समय में मैं प्रेम,भाईचारा और विश्वास से क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। आप लोगों ने जो मुझ पर अपना प्यार और विश्वास कायम रखा इसके लिए मैं हृदय से आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। भारतीय जनता पार्टी एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि यह हमारा एक परिवार है और हम सब इस परिवार के सदस्य हैं। आपका प्यार मुझे मिलता रहे मैं हर समय आप सबों की सेवा कर अपने को धन्य समझूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से हजारीबाग ,रामगढ़ , कोडरमा के जिला अध्यक्ष,हजारीबाग भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कर समिति सदस्य कोडरमा जिला संगठन प्रभारी, सासंद प्रतिनिधी टुन्नू गोप, सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा, पूर्व महापौर रोशनी तिर्की, कृष्ण कुमार सिन्हा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत का चेडरा, गैड़ा व सिरैय में किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के चेडरा, गैड़ा एवम सिरय पंचायत में रविवार को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन के साथ घर-घर पहुंच अयोध्या जी पूजित अक्षत का वितरण किया गया और साथ ही आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हेतु निमंत्रण पत्र वितरण कर निमंत्रण दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री सिकंदर कुमार ने कहा 22 जनवरी को पूरे देश भर में उत्सव मनाया जायेगा इसी के तहत ग्रामीणों से आग्रहपूर्वक कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने घरों में दीप जलाएं और अपने नजदीकी मंदिर में पूजन कर, भजन कीर्तन, रामचरित मानस एवं भागवत गीता पाठ का आयोजन करें। मौके पर प्रखंड के विहिप व बजरंग दल के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमिटि नूरी नगर कजरी मयूरनचवा में एदारे शरिया तहरीक ए बेदारी के कानून लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** रविवार को चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत ग्राम कजरी (मयूर नचवा) जिला हजारीबाग के नूरी जामा मस्जिद के सामने एदारे शरिया के तहत चलाये जा रहे मुहिम तहरिके बेदारी के ताअलुक से एक बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता पूर्व सदर मो गुलाम नबी ने किया । इस बैठक में कई लोगो ने हिस्सा लिया तमाम लोगों ने अपना-अपना नेक मशवरा दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शादी विवाह में डी जे, बेंजु, ढोल नगाडा, नाच गाना , आतिश बाजी,पूर्ण रूप से बंद रहेगा साथ ही शादी में नगद लेंन देंन भी नही करना है। शादी पूरे इस्लामी तौर तरीके से करना है और बाराती जाने व आने का तादाद 50 तक रहेगा। वही लड़की वाले हस्बे औकात दहेज दे सकते हैं किसी तरह का दहेज का डिमांड भी नहीं करना है शादी पूरे सुन्नत तरीका



से करना है वही कमिटि के लोग अगर कानून को तोड़ते हैं तो उसको 10000 तक आर्थिक दंड लगाया जाएगा साथ में उसका नाम एदारे शरिया को दे दिया जाएगा।

साथ मे ये भी निर्णय लिया गया कि शराब , जुवा , नशाख़ोरी करते पकड़ाते हैं तो उसको भी दंडित किया जाएगा वही कमेटी के लोगों ने बताया की गुलाम रसूल बलयबी के मुहिम को हम लोगों को बढ़ाना है। हम लोगो के द्वारा उनके मुहिम को अमल में लाने का कोशिश करेंगे साथ में लोगों को समझाएंगे कि हम लोगों को इस्लामिक तौर तरीका अपनाना हैं। वही मुख्य रूप से उपस्थित नूरी जामा मस्जिद के ईमाम इमाम मौलाना मोहम्मद कमरुद्दीन मिस्बाही ,सदर मो वकील अंसारी , सिग्रेटरी मो इसराफिल, पूर्व सदर मो गुलाम नबी, खजांची मो सलामत, मोजिम मो जफर, मोलाना मो मनोवर , मो फरीद, मो रिज़वान, मो कमरुद्दीन, अब्दुल मजीद, मो अनवर, मो मुस्लिम, मो मोबिन, मो हाशिम, मो रफीक, मो आफताब आलम , मो हदीस, सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही प्रखंड के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने मंजीत यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस युवा शाखा के बैनर तले बरही विधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बरही पूर्वी पंचायत भवन में बहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव ने की जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष कुमार रोशन व विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव इकबाल उपस्थित थे।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन ने




युवा कांग्रेस को और ज्यादा धारदार बनाने के लिए बरही युवा कांग्रेस में बदलाव करते हुए नए युवा अध्यक्ष के रूप में युवा समाजसेवी केदारुत निवासी मंजीत यादव को मनोनयन पत्र देकर मनोनीत किया गया। मंजीत यादव को युवा अध्यक्ष के रूप में नाम की घोषणा होते ही कांग्रेस में बधाई देने वालों का होड़ लग गई, बधाई देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी रघुनंदन गोप, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, कुणाल कटारियार, जमुना यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, जिला विधायक प्रतिनिधि वासुदेव यादव, पूर्व अध्यक्ष अमित जायसवाल, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, मनोज कुमार, द्वारका रविदास, सुशील केसरी, मोहन प्रजापति, सहित कई कांग्रेसी शामिल रहे।नव मनोनीत युवा अध्यक्ष मंजीत यादव ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कांग्रेस पार्टी ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हम पर भरोसा जताया है मैं इस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश युवा उपाध्यक्ष कुमार रोशन, प्रदेश सचिव ग़ालिब इकबाल, जिला युवा उपाध्यक्ष पप्पू कुमार, यादव विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड युवा अध्यक्ष मंजीत यादव, पूर्व अध्यक्ष अमित जायसवाल, हुमायूं खान, धर्मेंद्र यादव, शशि यादव, आशीष यादव, सुमित सहित कई कांग्रेसी शामिल रहे।

## विधुत चोरी के आरोप में पन्द्रह नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में आवेदन

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के आदेशानुसार विधुत ऊर्जा की चोरी के विरुद्ध छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल में सहायक विधुत अभियंता वि.आ.अ. प्र.हजारीबाग ग्रामीण अरविंद कुमार,कनीय विधुत अभियंता बड़कागांव प्रभात कुमार,राकेश कुमार,मो.अब्बास, मो.इब्राहिम,चेतलाल महतो ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विष्णुगढ़ प्रखंड के चिहूटिया में किशोरी भुइँया,पिता-बबलू भुइयाँ, छट्टू भुइयाँ,पिता-दुखन भुइँया, राजेन्द्र भुइँया, पिता-कुंजलाल भुइयाँ, शम्भू राम,पिता-देबू भुइँया,लालो मियाँ, पिता-होमी मियाँ,अख्तर अन्सारी,पिता-लियाकत अंसारी,रामेश्वर महतो,पिता-किशुन महतो,देवी महतो,पिता-दुखी महतो,रफीक अंसारी,पिता-रबुल अंसारी,जागेश्वर भुइयाँ, पिता-तुलसी भुइँया,रामनारायण महतो,पिता- स्व.जेठू महतो,मंजू देवी,पति-लालो भुइँया, शिव कुमार,पिता-मितलाल महतो,नारायण महतो,पिता-घोखुल महतो,चुरामन महतो,पिता-दुलारचंद महतो,चिहूटिया निवासियों के विरुद्ध नामजद आरोपियों के विष्णुगढ़ थाने में आवेदन देते हुए विधिसम्मत कार्यवाही करने की बात कही गई।

## बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक ने सोसो कलां निवासी को दिया कंबल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कंपकंपाती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। कुछ लोग व्यक्तिगत तौर भी इस तरह के नेक कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार ने सोसो कलाँ निवासी जोहरा खातून के अनुपस्थिति में उनके पति मो. शमीम अंसारी को कंबल देकर नवाजा मौके पर प्रखंड नजारत शाखा के अनुज कुमार शामिल थे



## पंचमुखी हनुमान मंदिर अरगड्डा के भक्तों ने कलश भ्रमण यात्रा निकाली

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: अरगड्डा पंचमुखी हनुमान मंदिर से रविवार को भक्तों के द्वारा अयोध्या से आई कलश भ्रमण यात्रा नगर में निकाली गई। इस दौरान सुभाष नगर, ए टाइप, बी टाइप, चौहान मोहल्ला के घर-घर जाकर अक्षत व प्रभु श्री राम की तस्वीर का भी वितरण किया गया। इसके अलावे नगर अरगड्डा के श्रद्धालुओं से आगामी 22 जनवरी को अपने घरों के आंगन में दीप जलाकर उत्सव मनाने की अपील की गई। मौके पर पंचमुखी हनुमान कमेटी के सदस्य रंजीत पासवान, जुगल सागर, कार्तिक पासवान, शिवम पिल्ले, नितेश नायक, बंटी सागर, अमर सागर, तीरथ प्रसाद, अरविंद सिंह, बबलू राम, बसंत कोलेत आदि उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना मे बाईक चालक घायल

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड के बरलंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनडीमरा मे प्रतिभा ऑटोमोबाइल के सामने एक अज्ञात बैक चालक ने दूसरे बाईक चालक को धक्का मार कर फरार हो गया। धक्का लगने के पश्चात् दुसरा बाईक चालक गिर कर घायल हो गया। इस दौरान प्रतिभा ऑटोमोबाइल्स के कर्मचारियों ने तुरंत उठाकर प्राथमिक उपचार के लिए निजी चिकित्सा केंद्र में ले गए जहां उसका इलाज किया गया। इस संबंध में बताया गया कि ये लोग रामगढ़ से अपने घर झालदा पुरुलिया लौट रहे थे।

## विल्स प्रीमियर लीग का हुआ अगाज

**कांके(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आईपीऐल के तर्ज पर टी10 विल्स प्रीमियर लीग सीजन 5 का ओपनिंग मैच रविवार को खेला गया जिसमे विल्स बालसटर बनाम विल्स फाइटर के बीच खेला गया जिसमें फाइटर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे 10 ओवर मे 52 रन ही बना सकी स्कोर का किया पीछा करते हुवे बालसतर की टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच को अपना नाम किया इस मैच में तौफीक को मैने ऑफ दा मैच चुना गया इसकी के साथ दूसरा मैच वील्स राइडर बनाम विल्स हेरोस के बीच खेला गया जिसमे रैडर की टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज की ,इस मैच का मैन ऑफ दा मैच बिनोद को दिया गया, टूर्नामेंट अध्यक्ष मो इमरान (पिंकू) ने बताया की लगभग राँची क्षेत्र के सभी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेते है इस टूर्नामेंट से नये खिलाड़ियों को अपना अंदर छिपे प्रतिभा को सबके सामने दिखने का मोका मिलता है और उसे क्रिकेट जगत में अपना पहचान मिले, इस मैच का मुख्य अतिथि के रूप में , BRMGSU भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के वेस्ट सेंट्रल रेलवे के जोनल सेक्रेटरी,राजु कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में,वाइस प्रेसिडेंट शाहिद अफरीदी, साउथ ईस्टर्न रेलवे के प्रेसिडेंट नेशारअहमद, ईमरान अंसारी, अजय कुमार गौतम , नफीस अख्तर, महमूद आलम, एव क्लब के सारे सदस्य उपस्थित रहे विल्स क्लब ऑफ कांके के प्रेसीडेंट वसीम अंसारी वाइस प्रेसिडेंट अफरोज आलम सेक्रेटरी गुलफाम अहमद ज्वाइंट सेक्रेटरी साजिद जिलानी मोहसिन अंसारी स्पोर्ट मैनेजर शाह अल नवाजिश अदील असलम रेहान दानिश विल्स क्लब ऑफ कांके के अध्यक्ष ने कहा विल्स प्राइमर लीग का फाइनल बहुत बहवाय रूप किया जाएगा खेल को खेल की तरह सभी प्लेयर खेले ताकि लीग का समापन अच्छे से हो आप सभी प्लेयर का साथ बहुत जरूरी होता है।

## पवन विश्वकर्मा के बाईक की हुई चोरी थाना में दिया आवेदन

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना क्षेत्र के सोसो कलां गांव में बीती रात पवन विश्वकर्मा के घर के सामने खड़ी उनकी हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाईकिल संख्या JH10BB7263 को सात बजे रात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। बताया जाता है कि पवन विश्वकर्मा की गाड़ी बाहर में खड़ी थी और वह घर के अंदर कुछ काम कर रहा था इसी दौरान चोरों ने देखा कि आसपास में कोई नहीं है और मौका का फायदा उठाते हुए उनकी गाड़ी की चोरी कर फरार हो गए। पवन विश्वकर्मा किसी तरह से वेल्डिंग का काम करके रोजी रोटी कमाता है। इस संबंध में उनके द्वारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

## स्व रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल फुटबॉल व क्रिकेट का महासंग्राम 8 जनवरी से होगा शुभारंभ

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो दुलमी बाजार टाँड़ ग्राउंड में आयोजित स्व रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल फुटबॉल एवं क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी की शुभारंभ 8 जनवरी को होगा जिसकी तैयारी को लेकर जायजा लेने पहुँचे रामगढ़ पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि दुलमी बाजार टाँड़ के मैदान पर पहली बार स्व रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल फुटबॉल व क्रिकेट टूर्नामेंट महासंग्राम का आयोजन 08 जनवरी 2024 को भव्य शुभ उद्घाटन मैच होगा । जिसमें फुटबॉल टीम टीटीपीएस लालपनिया एवं एनवाईसी मांडू एवम क्रिकेट टीम गोल 11 एवं शिव 11 पोटमदगा के बीच खेला जायगा ,जिसकी तैयारी रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल फुटबॉल सह क्रिकेट टूर्नामेंट कमिटी कर ली है।साथ ही साथ कमिटी के लोगों को कई अति आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतः आप सभी फुटबॉल व क्रिकेट खेल प्रेमियों से अनुरोध है कि इस भव्य टूर्नामेंट में भाग लेकर सफल बनावें और खेल का आनंद लें। मौके पर दुलमी पंचायत के मुखिया रविन्द्र महतो,अभय कुशवाहा,दिलीप कुमार महतो, विनेश सिंह,सी डी महतो, रंजीत ठाकुर, नयन कुशवाहा ,राजेश प्रजापति, संजय कुमार, सुगडू,लक्ष्मी महतो , टूर्नामेंट कमिटी के पदाधिकारियों सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुआ।

## अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नवयुवक और गणमान्य व्यक्तियों की बैठक की गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मांडू डीह पड़ाव दुर्गा मंदिर स्थल में नवयुवक और गणमान्य व्यक्तियों की एक बैठक 7 जनवरी रविवार को प्रभुवन राम की अध्यक्षता में की गई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की अयोध्या में हो रहे श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन 22, जनवरी को मांडू में भी भाग्य कार्यक्रम और आकर्षक झांकी निकालने की रूपरेखा तैयार किया गया बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार को अयोध्या द्वारा पूजित अक्षत मंदिरों में पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण का कार्यक्रम तय किया गया साथ ही साथ एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष धनेश्वर साहू,उपाध्यक्ष राकेश कुमार,सचिव रमेश साव,उप सचिव नवरत्न कुमार,कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार,सह कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता,और दीपक कश्यप,को बनाया गयातय किया गया कार्यक्रम तिथि 20 जनवरी को पूरे मांडू के आसपास क्षेत्र में लाउडस्पीकर के द्वारा सूचित किया जाएगा की तिथि 22 जनवरी को 11ः00 बजे से 1ः00 बजे तक सभी भक्त गण मंदिर में उपस्थित होकर उनका हो रहे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण को देखें उसके पश्चात पूजा अर्चना और 1ः00 बजे आरती और प्रसाद वितरण होगा तत्पश्चात नगर भ्रमण हेतु एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें श्री राम भगवान,लक्ष्मण,माता सीता,और हनुमान जी की झांकी होगी जिसमें नगर भ्रमण पूरे मांडू पड़ाव दुर्गा मंडप स्थल से ठ्ठद्ध33 फोर लाइन मणिपाल स्कूल होते हुए पूरे मांडू झांकी को घुमाते हुए प्रखंड मुख्यालय से होकर पुनः दुर्गा मंदिर स्थल में लाया जाएगा नगर भ्रमण समाप्त होने के बाद भंडारा का कार्यक्रम होगा तथा संध्या काल में सभी मंदिरों में विद्युत साज के साथ-साथ दीपक जलाए जाएंगे पूरे ग्राम वासियों से अपील किया गया कि अपने घरों में दीपावली की तरह दिया जलाएं एवं आतिशबाजी करें बैठक में एक संरक्षण समिति का गठन किया गया ।

### अरगड्डा में बीसीकेयू व मासस की बैठक में युवाओं, महिलाओं ने रोजगार के सवाल पर अभियान चलाने का लिया संकल्प

# किसान, मजदूर, युवाओं, महिलाओं के लिए लगातार हो रहा संघर्ष : आरडी मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के समीप रविवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन व मासस की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से मासस जिला सचिव आरडी मांझी, बीसीकेयू अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी उपस्थित हुए। इसकी अगुवाई बीसीकेयू सिरका शाखा सचिव व आंदोलनकारी समाजसेवी शत्रुधन बेदिया व संचालन रामाशीष प्रजापति ने किया। अवसर पर टोंगी, अरगड्डा- सिरका, पडरिया, चुंबा, बुधबाजार समेत कई जगहो से युवाओं, महिलाओं ने अपनी बातों को रखा। सभी ने लोकल सेल सिरका में मिलने वाले रोजगार के सवाल, कामगारों के लोडिंग और यहां बेरोजगारों को रोजगार से संबंधित तर्कों को रखा। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास और कई



आवश्यक योजनाओं के बारे में भी बतलाया। सभी ने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने की भी बातें कहीं। साथ ही आज सोमवार चुटूपालू में शहीद शेख भिखारी, टिकैत उमरांव सिंह के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निर्णय लिया। बैठक में वक्ता मासस जिला सचिव आरडी मांझी ने कहां कि संगठन लगातार पूरे क्षेत्र में गरीब, गुरुबो की आवाज बनकर संघर्ष करता हुआ आया हैं। लोकल सेल सिरका समेत अन्य प्रणाली से सभी को समान रूप में रोजगार मिलना चाहिए। क्षेत्र के विकास में सीसीएल हो या राज्य से जुड़े योजनाएं धरातल पर उतरना चाहिए। इसके लिए सभी से साथ मिलकर चलने का कार्य करें। कहां हमारा संगठन सदैव आप सबों के साथ खड़ा हैं। वहीं बीसीकेयू क्षेत्रीय अरगड्डा सचिव गौतम बनर्जी ने कहां कि कोलयरी सिरका में व्याप्त समस्याओं, कामगारों की कठिनाइयों को अध्ययन करते हुए सभी यूनियन सदस्य इन्हें सहयोग देने का कार्य करेंगे। साथ ही साथ प्रबंधन से वार्ता करते हुए यहां से किस प्रकार रोजगार मिले, जरूरतमंदों के मुआवजे, विपत्ति में कामगारो के परिवार के साथ खड़े रहने की बातें कहीं। सभी ने निर्णय लिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए भ्रमण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में बीसीकेयू सिरका शाखा उपाध्यक्ष अशोक बेदिया, संगठन मंत्री रामाशीष प्रजापति, कोषाध्यक्ष अमित राम, राजकुमार गोस्वामी, ओमप्रकाश गोस्वामी, विनोद बेदिया, दिलीप बेदिया, रणधीर कुमार, मनोज बेदिया, महेंद्र सिंह, संदीप बेदिया, अजय कुमार, मुकेश गोस्वामी, सजल करमाली, अरुण कुमार, मीना देवी, शोभा कुमारी, रमनी देवी, सलमतिया देवी, फुलेश्वरी देवी, गीता देवी, सबिता देवी, सधनी देवी, पुनीता देवी, सुशीला देवी, लकपतिया देवी, गुदुवा देवी, जीरवा देवी, बिना देवी, पुशनी देवी, कौशल्या देवी, उमेश भुईयां, विनोद कुमार, गोविंद कुमार, बादल कुमार, गुलचंद बेदिया, भुवनेश्वर करमाली, श्रीलाल बेदिया, हरीश कुमार, सुनील कुमार, बिस्मा कुमार, अनमोल, छोटेलाल भुईयां, नीरज कुमार, सुजीत पासवान, गणेश, अभिषेक बिरुवा, अनमोल बिरुवा, पवन बेदिया, शहजाद, अतुल बिरुवा, राजू कुमार, शिवचरण कुमार, शकील, सुनील कुमार, विक्की कुमार, मनोज कुमार, राजू ठाकुर, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, नीतीश कुमार, रवि करमाली, जय बेदिया, अशोक साव, प्रमोद कुमार, बृज कुमार सिंह समेत दर्जनों महिला, पुरुष उपस्थित थे।

## आंदोलनकारी नेता सलीक़ अहमद का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड आंदोलनकारी नेता सह कांग्रेस के पूर्व अल्पसंख्यक विभाग के रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष सलीक़ अहमद का रविवार सुबह निधन हो गया। आपको बताते चलें की पूर्व ज़िला अध्यक्ष स्व सलीक़ अहमद लगभग दो महीनों से बीमार चल रहे थे और इनका इलाज अपोलो इरबा में चल रहा था।आंदोलकारी नेता स्व सलीक़ अहमद के निधन से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जिसके बाद दो पहर दो बजे बर मोहल्ला में जनाजे की नमाज़ पड़ी गई उसके फ़ोरन ही बाद चितरपुर क़ब्रिस्तान में स्व सलीक़ अहमद को सुपुर्दे ख़ाक यानी विधिवत रूप से उनका क्रियाकर्म किया गया। इधर निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र के कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने में रामगढ़ कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की पूरी टीम शामिल है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टुर्नामेंट का खिताब फाइटर टीम भुरकुंडा ने अपने नाम किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल हिल ब्यू स्टेडियम के ग्राउंड में रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का फाइनल क्रिकेट मैच फाइटर टीम भुरकुंडा व बोरिंग कैम्प सयाल के बीच खेला गया। वहीं इस खेल की मुख्य अतिथि भाजमो के केन्द्रीय महासचिव सह समाजसेवी निशी पांडेय व विशिष्ट अतिथि में पंसस कंचन कुमारी, सतीश सिन्हा, महादेव मांझी, सदानंद सिंह उपस्थित हुए। वहीं इस मैच का शूभारंभ निशी पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं मूख्य अतिथि भाजमो केन्द्रीय महासचिव निशी पांडेय को पिंटू सिंह ने बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसदौरान खेल की शुरुआती पारी में बोरिंग कैम्प सयाल की टीम ने 174 रन बारह ओवर पर बनाकर सिमट गई तो वहीं दूसरी पारी में फाइटर टीम भुरकुंडा ने नौवें ओवर में ही चार विकेट गंवाते हुए भी 176 रन बनाकर चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नामे कर लिया।वहीं इस खेल में भुरकुंडा के अभिषेक कुमार सिंह ने 32 गेंदों पर 81 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं इस टूर्नामेंट मैन ऑफ द मैच का खिताब अभिषेक व मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सागर को दिया गया। वहीं इस टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले फाइटर टीम भुरकुंडा को मुख्य अतिथि निशी पांडेय ने तय राशि व चमकदार ट्राफी देकर



सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम को भी ट्राफी देकर सम्मानित किया। भाजमो केन्द्रीय महासचिव निशी पांडेय ने कहा कि मैच में हार या जीत लगी रहती है।हार से हमें सीख मिलती है और आगे जाकर सानदार प्रदर्शन करने का हौसला मिलता है। दोनों टीमों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया।वहीं मैडम ने दोनों टीमों व सयाल के आयोजनकर्ताओ को भी बधाई दी।वहीं इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन कर्ता मे संजीव बेदिया,सोना राम मांझी, राजू यादव की मुख्य भूमिका रही है। इस मौके पर अनुप कुमार पिंटू सिंह, कृष्णा साव, संजय शर्मा, बिनोद कुमार, राजीव सिन्हा, दीपक अरोड़ा, भूषण शर्मा, लखन शर्मा, सागर शर्मा, बंटी यादव,अजय भगत, साहिल, दीपक, गुलाम, सन्नी, आसिफ, बबलू, जोंटी, गोलू, विकी, प्रवीन, मोनू, रमेश, अक्षय, मिथलेश, मनीष, रवि, नीरज, रोहित, भोला आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा वनभोज सह् मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगढ़ा, लारी स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रामगढ़ जिला स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में वनभोज सह् मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव संजय प्रभाकर ने की एवं मंच संचालन विकास झा ने की। समारोह के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिन्द्र बरियार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं माँ भारती की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। राष्ट्रीय मेला प्रमुख ने विस्तार पूर्वक स्वदेशी जागरण मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं आह्वान किया सरकारें आरक्षण का प्रलोभन देकर नौकरी एवं रोजगार की बातें करती है जबकि वास्तविकता कुछ और है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वो नौकरी या रोजगार के लिए याचक ना बने बल्कि रोजगार प्रदाता बने ताकि अपने प्रयासों से अन्य कई लोगों को रोजगार से जोड़ सकते हैं। मंच के जिला संयोजक पंचम चौधरी ने स्वदेशी जागरण मंच के अब तक की उपलब्धियों और विशेष तौर पर रामगढ़ जिले में इसके प्रभाव पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आगामी फरवरी माह में



रामगढ़ के केन्टोनमेंट फुटबॉल मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुसांगिक शाखाओं के सहयोग से स्वदेशी मेला का आयोजन किया जायेगा। सभा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक शत्रुघ्न प्रसाद, क्षेत्रीय संयोजक अमरेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, दिलीप कुमार वर्मा सहित अन्य ने सम्बोधित किया। मौके पर भाजपा नेता खिरोधर साहु, बसुध तिवारी, रमेश कुमार वर्मा, गोला उपप्रमुख सह् सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, मनोज महतो, जितेन्द्र साहु, रविंद्र शर्मा, नेपाल महतो, मिथलेश मंडल, अखिलेश कुमार सिंह, आर.एन. सिंह, जयकिशुन साव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सीसीएल हेडक्वार्टर के तकनीकी निदेशक ने बरकासयाल की तीनों परियोजनाओं का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में रविवार को सीसीएल रांची हेडक्वार्टर से आए तकनीकी निदेशक प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग बी साईराम ने सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र का दौरा कर निरीक्षण किया। वही इस दौरान तकनीकी निदेशक बी साईराम ने उरीमारी परियोजना, बिरसा रेलवे साइडिंग, एलएंडटी, न्यू बिरसा परियोजना आउटसोर्सिंग माइंस एवं सयाल डी परियोजना का निरीक्षण किया। वहीं तकनीकी निदेशक प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग बी साईराम ने बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह व उनकी टीम के अधिकारियों से उरीमारी परियोजना में कोयला के उत्पादन लक्ष्य एवं वर्तमान में हुए कोयला के उत्पादन की जानकारी ली। खान में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कोयला उत्पादन करने एवं सीएचपी साइलो के काम में तेजी लाने एवं 20 जनवरी से पहले एक डेमो रैक निकालने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं इस मौक़े पर सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवादास, एसओ ईएंडएम अमरेंद्र कुमार, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, उरीमारी परियोजना मैनेजर पी के सेनगुप्ता, बिरसा परियोजना के खान प्रबंधक रामेश्वर मुंडा सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मियों ने बिना वैकेंसी नियुक्ति को लेकर जयंत सिन्हा सांसद हज़ारीबाग़ को मांग पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड में चाइल्डलाइन बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता के लिए एक आपातकालीन सेवा है । जो मुसीबत में फँसे बच्चों के लिए 24/7 घंटे सेवा प्रदान करती आयी है । परंतु 31 अगस्त 2023 से झारखंड के सभी ज़िलों में चाइल्डलाइन के तीन व्यक्तियों से कार्य लिया जा रहा था । पर विभाग द्वारा तीन कर्मियों को दो माह ( सितम्बर,अक्टूबर) के लिए पत्र प्राप्त हुआ था परंतु तीन कर्मियों को सभी जिला में 4 महीने कार्य करवाया गया।जिसका भुगतान कर्मियों को अभी तक नहीं किया गया है विभाग द्वारा एजेंसी के माध्यम से बिना किसी सूचना बिना किसी वेकेन्सी के नए लोगों को नियुक्ति भी दे दिया गया है और जो पूर्व में तीन कर्मियों को रखा गया था उन्हें भी सेवा मुक्त कर दिया गया है जिसके कारण पूरे झारखंड के चाइल्डलाइन कर्मियों को काफ़ी ज़्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है चाइल्डलाइन के सारे कर्मी बच्चों की सेवा करने में कई वर्षों तक अपना योगदान दिया है विभाग द्वारा नए कर्मियों को नियुक्ति भी दे दिया गया है और पूर्व में चाइल्डलाइन के जो कर्मी है उनको दरकिनार कर दिया गया है इसी समस्या को लेकर झारखण्ड चाइल्डलाइन संघर्ष समिति की टीम जयंत सिन्हा सांसद हज़ारीबाग़ से मुलाक़ात कर अपनी समस्या को लेकर ज्ञापन दिया। जयंत सिन्हा सांसद द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इस संदर्भ में आपके समस्या को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग से बात करेंगे ।

## कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिलेगी ट्रॉफी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को निजी विद्यालयों के समान सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उनमें शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2024 में उपायुक्त द्वारा नई पहल के तहत सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने एवं मेहनत व लगन से पढ़ाई कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने के उद्देश्य से कक्षा एक से कक्षा 5 तक के बच्चों को वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी एवं कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ब्लेजर से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है जिसे लेकर शिक्षा विभाग द्वारा जेम पोर्टल पर निविदा प्रकाशित की जा चुकी है एवं निविदा की आखिरी तारीख 9 जनवरी 2024 है। इसी क्रम में निविदा में भाग लेने वाले व्यापारियों में परियोजना से संबंधित किसी प्रकार की दुविधा को दूर करने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रीबीड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा परियोजना को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया वहीं सरकारी विद्यालयों के बच्चों को परियोजना की अच्छी तरह से जानकारी देने के साथ-साथ उनमें आपस में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में भी उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान निविदा में भाग ले रहे व्यापारियों की कई दुविधाओं को दूर करने सहित निविदा की विभिन्न शर्तों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। परियोजना के तहत जिले के कुल 583 प्राइमरी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 2915 बच्चों को ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा वहीं 237 अपर प्राइमरी विद्यालयों में 711, 74 सेकेंडरी विद्यालयों में 148 एवं 17 हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 102 कुल 961 विद्यार्थियों को ब्लेजर से सम्मानित किया जाएगा इस तरह परियोजना के तहत कुल 3876 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, राज्य कर पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने अरगड्डा में बैठक किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा जीएम ऑफिस चौक स्थित अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) की बैठक यूनियन कार्यालय के प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता बढ़ाने, प्रत्येक कोलयरियों में मजदूरों के जुड़े सवालों को लेकर मांग पत्र सौंपने, आगामी 10 जनवरी के वनभोज को बदल कर 19 जनवरी को रेलीगड़ा ऑफिस के समीप करने, प्रत्येक महीने एजेकेएसएस की समीक्षा बैठक करने, यूनियन की मजबूती के लिए मेंबर बढ़ाने, सभी यूनिटों में कार्यालय खोलने, डीएवी स्कूल सिरका में खोलने, अरगड्डा में केंद्रीय विद्यालय खोलने आदि बातों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से आजसू के केन्द्रीय महासचिव तिवारी महतो उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रेमचंद शर्मा व संचालन सत्येंद्र महतो ने किया। मौके पर देव कुमार बेदिया, नरेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र महतो, किशोर महतो, सत्येंद्र कुमार, विनोद, एस, महतो, राजा, रूपलाल महतो, बिरजू साव, विनोद किस्कू, अजय सिंह, हरविन्दर महतो, तुलेश्वर महतो, जुगल बेदिया, शांता कुमार, राजीव कुमार, प्रेम कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वकल्याणक महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय मे रविवार को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वकल्याणक महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम श्री जी का जलाभिषेक एवं शांतिधारा किया गया। भगवान पारसनाथ को पालना मे झूला या गया आइए जानें । जलाभिषेक पदम सेठी , योगेश कुमार, शांतिधारा सुरेश सेठी, डा. शरद जैन, अरूणा जैन भगवान पारसनाथ के माता पिता बनने का शोभाग्य कमल पाटनी कविता पाटनी को मिला। मंदिर जी में भगवान पारसनाथ स्वामी का पालना झुलाने का प्रोग्राम आयोजन किया गया।छोटे बच्चे के द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत डांस किया गया।वही राहगीरों के बीच मीठी बूंदी वितरण किया गया। भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर हैं। उनकी मूर्ति के दर्शन मात्र से ही जीवन में शांति का अहसास होता है। पार्श्वनाथ वास्तव में ऐतिहासिक व्यक्ति थे। उनसे पूर्व श्रमण धर्म की धारा को आम जनता में पहचाना नहीं जाता था। पार्श्वनाथ से ही श्रमणों को पहचान मिली। वे श्रमणों के प्रारंभिक आइकॉन बनकर उभरे। पार्श्वनाथ के प्रमुख चिह्न- सर्प, चैत्यवृक्ष- धव, यक्ष- मातंग, यक्षिणी- कुष्माडी आदि है। समाज अध्यक्ष माणिक जैन, अरविंद सेठी, जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, पदम सेठी, राजू सेठी, नीरज सेठी, देवेंद्र गंगवाल, राजू पाटनी, ललीत चूरीवाल प्रोग्राम संयोजक संदीप सेठी , रितेश सेठी एवं सकल दिगंबर जैन समाज उपस्थित थे।

## रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार में अयोध्या धाम मंदिर से आए अक्षत कलश का विधिवत पूजा अर्चना कराया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिग्वार काली मंदिर के प्रांगण से अयोध्या धाम मंदिर से आए हुए अक्षत कलश का विधिवत पूजा अर्चना ईश्वर पांडा के द्वारा कराया गया। इस अक्षत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा को माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कलश का वितरण करते हुए ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं को पूरा करने का भरोसा दिलाया साथी कहा की देश मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है बाद में पूरे बजे गाजे के साथ कलश का नगर भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा रंजय कुमार उर्फ पिंटू बाबू हीरोधार प्रसाद साहू जागेश्वर प्रजापति मनोज सिन्हा दिलीप सिंह हरिनारायण कुशवाहा अर्जुन कुशवाहा डॉक्टर रोहन लाल वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा व्हाट परसेंट अर्जुन यादव विनोद कुशवाहा खेमलाल महतो दिवाकर गिरी अजय कुशवाहा रवि कुशवाहा नारायण यादव तेतरी देवी बीना देवी किरण देवी सीताराम कुशवाहा राजेश कुशवाहा बबलू कुशवाहा अरुण कुशवाहा उमेश कुशवाहा शहीद दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## भेदभाव व हिंसा को समाप्त करने को लेकर जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा को समाप्त करने को लेकर महुदा के पंचायत सचिवालय तेतुलिया 2 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोरी मण्डल के सदस्य, सहिया, एवं महिला मण्डल के सदस्यों ने भाग लिया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुजा कुमारी ने कहा कि आज भी समाज में लिंग आधारित भेद भाव किया जाता है, लड़का लड़की के भेद भाव किया जाता है, समाज से लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा को समाप्त करने की आवश्यकता है, आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषो के साथ समान रूप से कार्य कर रही है, उन्होंने किशोरियों को आगे आकर काम सभी क्षेत्रों में कार्य करने की अपील किया। सामाजिक कार्यकर्ता नईमुद्दीन अंसारी ने घरेलू हिंसा, लिंग भेद भाव को समाप्त करने की कानूनी पहल की जानकारी दिया।

## एक साथ भरे पूरे परिवार को छोड़ गए वृद्ध पति व पत्नी

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के माखमरगो पंचायत के पूर्व उप मुखिया मुबारक अंसारी एवं समाज सेवी फरीद अंसारी के पिता कादिर अंसारी और उनकी मां का निधन एक दिन हो गया, जो चर्चा का विषय है। लोग उनके नेक कर्म की मिशाल दे रहे हैं। आपको बता दें कि 90 वर्षीय पति और पत्नी दोनों रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गए थे। जब सुबह परिजनों ने देखा तो दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। इस बीच जीप सदस्य प्रतिनिधि सीताराम पासवान ने कहा कि उनके नेक कर्म का नतीजा है जो पति पत्नी की मृत्यु एक साथ हुआ है।

## पूजीत अक्षत का घर घर हुआ वितरण

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवम विश्व हिन्दू



परिषद के संयुक्त तत्वावधान में देवी मण्डप प्रांगण कोयरीडीह से अक्षत वितरण कार्यक्रम शुरु हुआ अक्षत वितरण कार्यक्रम में डीजे के साथ कोयरीडीह, कंचनपुर, किरतोडीह, मायापुर, ताराटांड़ चौक तक भ्रमण हुआ । जिसमें राम भक्त जय श्री राम के नारों के साथ ग्राम भ्रमण किया गया और 22 जनवरी 24 को हर घर में दीप जलाकर खुशियां मनाने के लिए निवेदन किया गया। उस दिन धार्मिक स्थल में 501 दीप प्रज्वलित किया गया। कार्य क्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जन संपर्क प्रमुख जय प्रकाश कुमार वर्मा, विहिप के खंड अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद वर्मा, पंसस अनिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन पांडेय, शिक्षाविद् रामशंकर ठाकुर, रमेश पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रामदेव ठाकुर, राजेश वर्मा भाजयुमोके महामंत्री, अमरनाथ सिंह, डा रीतलाल प्रसाद वर्मा, द्वारिका वर्मा, सुरेश साव, संदीप कुमार, सुभम वर्मा, द्वारिका महतो, चेतलाल साव, पिंटू साव, कुलदीप राम, गुरु गोविंद कुशवाहा समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया ।

## टुंडी : भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार भारतीय जनता पार्टी टुंडी मंडल की बैठक मंडल उपाध्यक्ष तिलक मंडल के अध्यक्षता में लच्छुरायडीह पंचायत सचिवालय परिसर संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से पीएम विश्वकर्म योजना के विधानसभा संयोजक मनीष कुमार साव उपस्थित थे उन्होंने कहा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है18 प्रकार के परंपरागत शिल्पकार एवं कौशल व्यापार से जुड़े लोगों के आर्थिक उन्नयन हेतु यह योजना लाई गई है इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्तियों को मिले यह सुनिश्चित करना भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का दायित्व है देश में पहली बार ऐसी सरकार आई है जो इस तबके के बारे में सोच रही है बैठक का संचालन महामंत्री संदीप मंडल ने किया।

# धनबाद रेलवे स्टेशन के नो पार्किंग जोन में रेलवे ठेकेदार का 25 वर्षों से है कब्जा

## नो पार्किंग जोन में गुजरने वाले वाहनों से ठेकेदार के कर्मी जबरन वसूलते हैं पार्किंग चार्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर के पोर्टिको में नो पार्किंग जोन में 25 वर्षों से रेलवे ठेकेदार का कब्जा है। वहां खड़ी गाड़ियों और उधर से गुजरने वाले वाहनों से ठेकेदार के कर्मी जबरन पार्किंग चार्ज वसूलते हैं। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। यहां तक कि गोली मारने की भी धमकी देते हैं। पार्किंग को लेकर कई बार मारपीट व चाकूबाजी की घटनाएं हो चुकी हैं। इतना ही नहीं रेलवे अधिकारियों से शिकायत के बाद जांच में दोषी पाए जाने और नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों से पार्किंग चार्ज लेते समय पकड़े जाने पर दस-दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। इसके बावजूद ठेकेदार के कर्मी खड़ी गाड़ियों से जबरन



वसूली करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे ठेकेदार को रोजाना हजारों रुपए की अवैध कमाई हो रही है। धनबाद रेलवे स्टेशन भवन के सामने कार, ऑटो, बाइक, रिक्शा व बस के लिए अलग-अलग वाहन पड़ाव है। जहां गाड़ियां खड़ी करने पर ठेकेदार के कर्मी पार्किंग चार्ज लेते हैं। ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए प्रवेश व निकास द्वार के बगल से थ्रू लेन बनाया गया है, लेकिन उस लेन से कोई व्यक्ति कार लेकर जाता है और ट्रेन में बैठाने के लिए परिजनों को उतारता है, तो उसे 30 रुपये देना पड़ता है। जबकि थ्रू लेन में न तो गाड़ी पार्क करना है और ना ही उस गाड़ी चालक से पार्किंग चार्ज लेना है। नो पार्किंग जोन से रोजाना लगभग 500 गाड़ियों से प्रति गाड़ी 30 रुपये के हिसाब 15 हजार रुपये की अवैध वसूली हो रही है। कोई व्यक्ति किसी यात्री को कार से उतार कर एक मिनट में निकास द्वार से निकल जाए या फिर 24 घंटे खड़ी करे, उसे ठेकेदार के कर्मी को 30 रुपये देना होगा। विरोध करने या सवाल-जवाब करने पर मारपीट तय है। लोग झंझट से बचने के लिए 30 रुपये देकर निकल जाते हैं। टैक्सी ड्राइवरों ने बताया कि धनबाद रेवले स्टेशन परिसर में 200 टैक्सी ड्राइवर हैं, जो पिछले कई वर्षो से टैक्सी लगा रहे हैं। वे लोग दिसंबर 2023 तक हर महीने ठेकेदार के कर्मियों को 1000 रुपये देते थे, लेकिन ठेकेदार का नया फरमान जारी हुआ है कि अब हर माह प्रति टैक्सी 2000 रुपये देना पड़ेगा।

## गिरिडीह पहुंचें विश्व विजेता बॉडीबिल्डर अनुज तालियान, सोनू ने किया भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह के लिए गर्व की बात है कि गिरिडीह में बॉडीबिल्डिंग की दुनियां में जाने-माने बॉडीबिल्डर विश्व विजेता अनुज तालियान का गिरिडीह के धरती आगमन हुआ। वे रेड बुल जिम में आए और यहां मिस्टर झारखंड रह चुके संजीत उर्फ सोनू ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान युवाओं में भरपुर उत्साह दिखा बता दें कि पहले अनुज तालियान को गिरिडीह कॉलेज के पास युवाओं ने रेली निकल रेड बुल जिम लें आए और परंपरागत रूप से स्वागत किया। सोनू कुमार की माता ने अनुज तालियान को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं विक्रम सिन्हा ने शॉल पहनाकर उनका मान बढ़ाया। पंचम बर्मन ने भी अनुज को शॉल पहनाया और मान बढ़ाया। मोनू कुमार ने किशोर कुमार को बुके देके स्वागत किया और रूपेश कुमार ने शॉल पहनाया। प्रोग्राम को सफल बनाने में अभिषेक, नंदू, सागर, राकेश, विशाल, विशाल यादव, प्रेम टाइगर, अंकुश, समीर, आदित्य, रवि, खुशी, अमित एमजे, राज सिन्हा, हनी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## झारखंड पुलिस महानिदेशक से पारा शिक्षक ने अपने ऊपर हुए अत्याचार की न्यायिक जांच की लगाई



प्रभात मंत्र सवांददाता

**टुंडी :** झारखंड पुलिस महानिदेशक से विगत दिनों अपने ऊपर हुए अत्याचार की न्यायिक जांच कराने की मांग किया है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के नीमटांड मधुरसा निवासी पारा शिक्षक लीलानाथ मंडल पिता स्व लालमनी मंडल ने झारखंड पुलिस महानिदेशक को एक लिखित आवेदन देकर विगत दिनों गिरिडीह साईबर पुलिस के द्वारा किए गए बर्बरता पूर्ण व्यवहार का न्यायिक जांच कराने की मांग किया है। बताया जाता है कि गिरिडीह साईबर डी एस पी संदीप सुमन अपने सभी सदलबल के साथ मेरे टुंडी के नीमटांड स्थित निवास स्थान आये और बिना कुछ बोले बड़े बेहरमी से कहर बरपाने लगे पूरे परिवार को बारी बारी से पीटा एवं भदी भदी गालियां देने लगे । एवं जाते समय अपने साथ दो मंहगे मोबाईल जिसका नं 9123140274, 9905309935 है भी लेते गए एवं मेरे पाकेट से जबरन नौ हजार रुपए निकाल लिए । आगे पारा शिक्षक लीलानाथ मंडल ने बताया कि आलमीरा में रखे एक सोने का चैन तथा एक जोड़ा सोने का कंगन भी साथ लेते गए।

लीलानाथ ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक, रांची, डी आई जी, रांची,आई जी, बोकारो, उपायुक्त गिरिडीह को लिखित आवेदन देकर उपरोक्त घटना की न्यायिक जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कारवाई करने की गुहार लगाई है।

## ज्ञान विज्ञान समिति की 11वीं राष्ट्रीय सम्मेलन की सफलता को लेकर छठी बैठक

### राष्ट्रीय सम्मेलन 19 जनवरी से 21 जनवरी तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार 7 जनवरी को बी.एस.एस.आर यूनियन कार्यालय, झारखंड मैदान के समीप धनबाद में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के 11 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 19 जनवरी से 21 जनवरी को सफलता पूर्वक आयोजन के लिए ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा रिसेप्सन कमेटी की छठी बैठक सह उपसमितियों के साथियों का उन्मुखीकरण रिसेप्सन कमेटी के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में की गई। तथा संचालन सचिव भोला नाथ राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंचासीन में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी, ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के राज्य महासचिव विश्वनाथ सिंह, उपाध्यक्ष असीम सरकार, मुमताज आलम, सरमिष्ठा




सरकार, असीम हलधर आदि लोग उपस्थित थे। बैठक में सभी साथियों को संबोधित करते हुए डॉ. काशी नाथ चटर्जी कहा कि भारत ज्ञान विज्ञान समिति की 11 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन झारखंड में तीसरी बार आगामी 19 जनवरी से 21 जनवरी तक धनबाद के अग्रसेन भवन हीरापुर धनबाद में आयोजित है। भारत ज्ञान विज्ञान समिति की स्थापना का 22 दिसंबर 1989 में देश में साक्षरता आंदोलन के शुरुआत करने के लिए किया गया। इस संगठन का देन है, कि पूरे देश में 15 करोड़ असाक्षर साक्षरता केंद्र में आए व डेढ़ करोड़ स्वयं सेवकों ने उन्हें पढ़ाया यही कारण है कि 2001 के सेंसस रिपोर्ट में साक्षरता दर में 14 त्न वृद्धि हुई।धनबाद जिले में जिसमे 4 लाख 89 हजार असाक्षर जुड़े, भारत ज्ञान विज्ञान समिति जन हित में शिक्षा अधिकार कानून आदि में सहयोग रहा।अभी तक शिक्षा नीति पर आंदोलन व स्वास्थ्य सुविधा को लेकर आंदोलन करते आ रही है। इस 11वीं राष्ट्रीय सम्मेलन में देश व दुनिया के जाने-माने 24 राज्य के वैज्ञानिक, बुद्धिजीवी, शिक्षा विद भाग लेंगे। पहला दिन पद यात्रा कला जत्था के साथ जिला परिषद धनबाद से लिंडसे क्लब धनबाद तक आयेगी, उद्घाटन सत्र यहीं से की जा रही है। मुख्य वक्ता में प्रो. प्रभात पटनायक आदि होंगे। राज्य महा सचिव विश्वनाथ सिंह द्वारा कहा गया की 11 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन धनबाद में आयोजित है। इसे सफलता पूर्वक करने के लिए आज छठी बैठक की गई, ये हम सभी के लिए गर्व की बात है की भारत ज्ञान विज्ञान समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन झारखंड राज्य के धनबाद जिले में आयोजित है, गर्व की बात है।

## सरिया : अबुआ आवास योजना के लिया बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के पुरनीडीह पंचायत मे अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्णिडीह पंचायत की मुखिया सुनीता कुमारी व पंचायत समिती सदस्य अनिल शर्मा की उपस्थिति मे संचालन पंचायत सेवक योगेंद्र पासवान ने किया, बैठक मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आवास योजना के लिये दीये गये लगभग 700 आवेदनों मे से 315 लाभुकों का चयन बनाई गई टीम के द्वारा किया इन्ही सभी लाभुकों के चयन को लेकर बैठक मे चर्चा किया गया, वहीं कई लोगो ने इस सूची का विरोध किया और कहा की इस सूची मे योग्य लोगो को नजरअंदाज किया गया है जो सरकार के द्वारा दीये गये निर्देश है उन्हें ताक पर रख कर मन मौजी तरीके से



लाभुकों का चयन किया गया है, वहीं मुखिया सुनीता कुमारी ने कहा की सरकार के द्वारा दीये गये निर्देश के अनुसार चयन किया गया है अगर कोई योग्य लाभुक छुट गये है तो उन्हें इसका आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करुँगी।

**वार्ड सदस्यों को किया गया नजरअंदाज : उपमुखिया**

पूर्णिडीह की उपमुखिया दीपिका कुमारी ने अबुआ आवास योजना मे मुखिया और पंचायत सेवक पर मन मौजी करने का आरोप लगाया है, इस बाबत इन्होने कहा की कई अयोग्य लोगो को इस सूची मे शामिल किया गया है और योग्य लोगो का नाम इस सूची मे नहीं है, इस बैठक की सुचना भी नहीं दी गई जिससे साफ प्रतीत होता है की मुखिया के द्वारा मन मौजी तरीके से सूची बनाई गई है।

**सरकार के द्वारा दीये गये गाइडलाइन के तहत की गई चुनाव : शर्मा**

पंचायत समिति सदस्य अनिल शर्मा ने बताया की सरकार के द्वारा जो निर्देश प्राप्त थे उसी के तहत लाभार्थियों का चयन किया गया है, इसमें कही भी किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरती गई है अगर कोई योग्य लाभुक छुट गये है तो अगली सूची मे लाभान्वित करने का प्रयास करेंगे।

## एससी, एसटी व ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** रविवार को वार्ड नंबर 42, जोड़ापोखर के आठ नंबर में एससी-एसटी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग का एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक का संचालन गोपाल यादव एवं अमित भगत ने किया। इस बैठक का उद्देश्य एससी एसटी ओबीसी एवं संख्या का वर्ग के उत्थान युक्त तथ्य के संबंध में उपस्थित वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा।

## मिर्जाचैकी स्टेशन पर दो अतिरिक्त इंटरसिटी एक्सप्रेस का होगा ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 13023/13024 हावड़ा-गया-हावड़ा एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं. 13235/13236 साहिबगंज-दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस का मालदा मंडल के मिर्जाचैकी स्टेशन पर 02 मिनट का प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

दिनांक 07.01.2024 से गाड़ी संख्या 13023 हावड़ा-गया एक्सप्रेस 02.54 बजे मिर्जाचैकी स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 02.56 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 13024 गया-हावड़ा एक्सप्रेस 19.31 बजे मिर्जाचैकी स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 19.33 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह, दिनांक 08.01.2024 से गाड़ी संख्या 13235 साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी 14.59 बजे मिर्जाचैकी स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 15.01 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 13236 दानापुर- साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस 12.30 बजे मिर्जाचैकी स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 12.32 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

## ग्रामीणों के शिकायत पर मुखिया ने सड़क निर्माण कार्य को रोका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम कपिलो के कोठतरी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए जा रहे सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता से क्षुब्ध ग्रामीणों ने कपिलो पंचायत के मुखिया मुकेश यादव शिकायत किया। इस पर मुखिया मुकेश यादव ने कार्यस्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस बीच मुखिया मुकेश यादव ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत के पश्चात मैने पाया कि संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। स्टीमिट को ताक पर रखकर संवेदक सड़क निर्माण में घोर लापरवाही बरती जा रही है। वहीं मुखिया ने कार्यस्थल से हीं कनीय अभियंता को दूरभाष पर शिकायत करते हुए कहा कि स्टीमिट लेकर आइए और ग्रामिणों को संतुष्ट करें तभी कार्य शुरू किया जायेगा। विदित हो कि इस योजना का कूल प्राक्कलित राशि एक करोड़ उन्नतीस लाख रुपए है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सूरज कुमार मोदी, ग्रामीण शहादत अंसारी, जैनुल अंसारी, गुलाम रसूल, गुलाम मोइउद्दीन समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत बेंगाबाद-गिरीडीह मार्ग पर शनिवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि इस दुर्घटना में उसकी पत्नी को मामूली चोट पहुंची है। मृतक कृष्णा यादव (40 वर्ष लगभग) बेंगाबाद पंचायत के मंगरोडीह का रहने वाला था। घटना दामोदरडीह गांव के समीप की है। घटना के सम्बंध में बताया गया कि मृतक अपनी पत्नी को बाइक से लेकर बेंगाबाद बाजार से अपने घर वापस लौट रहा था।

इसी दौरान दामोदरडीह गांव से आगे बढ़ने पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। हादसे में मृतक के सर पर गंभीर चोट पहुंची ।



स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बेंगाबाद सामुदायिक अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सक ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रेफर कर दिया।

बताया गया कि गिरीडीह ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई । घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गया है । मृतक की तीन छोटी बच्चियां हैं और एक लड़का है। घटना से परिवार वालों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## पुलिस ने दो ट्रकों को किया जब्त, 8 को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र सवांददाता

**बिरनी :** रविवार को मवेशी तस्करी के खिलाफ बिरनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर दो मवेशी लदे ट्रक संख्या जे एच 09 बी डी 9223 पर सवार चालक नन्दे कुमार 21 वर्ष, उपचालक कुन्दन कुमार 20 वर्ष, सरफराज आलम 32 वर्ष, मो शम्स तरवेज 38 वर्ष एवं ट्रक संख्या जे एच् 04 एल 9967 पर सवार चालक छोटू यादव 37वर्ष श्रवण यादव 35वर्ष इन्द्रदेव प्रसाद 35वर्ष शैलेन्द्र कुमार 32 वर्ष को बिरनी थाना कांड संश 04/34 दिनांक 07,01,2024 धारा 414/34 भाश्वश विश एवं क्रुएली एनिमल



एक्ट 1960 एवं झारखंड बोवाइन एनिमल प्रिवेंशन ऑफ स्लेटर एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आपको बता दें कि दोनों ट्रक में लगभग 85 मवेशी लोड थे। इसके अलावा पुलिस ने मवेशी तस्करी के आरोप में 10 लोगों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि बिरनी के रास्ते ट्रक के माध्यम से तस्करी के लिए मवेशियों को लोड कर बंगाल ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद एसपी ने बिरनी थाना प्रभारी को नाकेबंदी कर ट्रक को पकड़ने का निर्देश दिया। इसी के आलोक में थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने बिरनी कोवाड़ मार्ग पर नाकेबंदी कर जांच पड़ताल शुरू की। पड़ताल के दौरान मखमरगो के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने खदेड़ कर दोनों ट्रकों को पकड़ लिया। जांच में दोनों ट्रक में मवेशियों से भरा पाया गया। पुलिस द्वारा कागजात मांग करने पर नहीं दिखा सका। जिसके बाद ट्रक को जप्त करते हुए। हिरासत में लिए गए दस लोगों को थाना ले आई और आगे की करवाई में जुट गई है।

## राष्ट्रीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में धनबाद के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

# दो स्वर्ण पदक व एक रजत पदक जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ओडिशा के कटक जिला के श्रीखेत्र पैलेस में 6 और 7 जनवरी को दो दिवसीय नौवां ऑल इंडिया ओपन ट्रेडिशनल शोतोकान कराटे फेडरेशन इंडिया कराटे चैम्पियनशिप का अयोजन किया गया। राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में धनबाद के 3 खिलाड़ियों ने सब जूनियर वर्ग कुमिते में हिस्सा लिया। डीएवी पब्लिक स्कूल, कोयला नगर, कक्षा 5 का छात्र अभिराज तथा जुही रानी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, कक्षा 4



और दर्पण कुमारी बांसफोर लिटिल सिस्टर्स स्कूल कक्षा 2 की विद्यार्थी है। इन तीनों खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड, महाराष्ट्र, उड़ीसा, असम छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश तथा देश के अन्य स्थानों से प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी पहुंचे थे। कुमिते की सभी वर्ग के स्वर्ण पदक,रजत पदक विजेताओं में जुही रानी, दर्पण कुमारी बांसफोर एवं अभी राज रहे। इनके कराटे प्रशिक्षक कुंदन बांसफ़ोर ने बताया कि कटक में दमदार प्रदर्शन कर पदक जीतकर तीनों खिलाड़ीयो ने धनबाद का ही नहीं झारखंड का नाम रौशन किया।

**संक्षिप्त खबरें**

### प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन को किया गया सम्मानित

**लोहरदगा :** प्रेस क्लब के कार्यालय मे अग्रवाल सभा,राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ एवं सामाजिक कार्यकर्ता नीरज भट्ट ने प्रेस क्लब रांची के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर संजय सर्राफ ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन एवं पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस टीम से प्रेस क्लब को एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2 वर्ष के कार्यकाल में प्रेस क्लब और अधिक सुदृढ़ एवं समृद्ध बनकर सामाजिक एवं जन सेवा के कार्यों में भी तेजी से कार्य करेगी।

### मुर्की में ग्रामीण युवक ने फांसी लगा कर किया आत्महत्या

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्की गांव निवासी स्व कैलाश उरांव के पुत्र बहादुर उरांव ने अपने घर के छत के लकड़ी मे रस्सी से फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। बताया जाता है की मृतक युवक अधिक शराब की सेवन करता था और शारीरिक रूप से कमजोर था घर में कोई नही था दरवाजा अंदर से बंद था तो परिजनों ने गांव के लोगों को जानकारी दिया तो दरवाजा खोल कर देखा तो मृतक बहादुर उरांव छत के लकड़ी में लटका हुआ था इसकी सूचना परिजनों ने सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार को रविवार को सुबह दिया सेन्हा थाना प्रभारी के निर्देश पर सअनि बीरेंद्र बखला ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

# लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## रांची से पंजाब जा रहा 74 बोरा मादक पदार्थ डोडा कुडू में पुलिस ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा पुलिस को फिर से एक बार बड़ी सफलता मिली है। रांची से पंजाब भेजा जा रहा 74 बोरा मादक पदार्थ को कुडू में पुलिस के द्वारा जब्त किया गया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा द्वारा कुडू थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस जारी कर बताया गया कि लोहरदगा एसपी को मिली गुप्त सूचना पर करवाई करते हुए,कुडू थाना पुलिस ने पंजाब भेजा जा रहा मादक पदार्थ जब्त कर लिया है। चावल लदे ट्रक में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ राँची की तरफ से कुडू-पलामू के रास्ते पंजाब भेजा जा रहा था।सूचना मिलते पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां द्वारा थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह कुडू के साथ एक छापामारी दल का गठन कर राँची - कुडू मार्ग पर चेकिंग करने का निर्देश दिया गया था, थाना प्रभारी कुडू एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी द्वारा कोकर पतरा के पास चेकिंग करना शुरु किया गया। शनिवार दोपहर 12.30 बजे एक पंजाब नम्बर का ट्रक त्रिपाल से ढका हुआ दिखाई दिया जिसको रोकने का इसारा कर ट्रक को रुकवाया गया। तत्पश्चात ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक पर लदे चावल के बोरा के बीच में कुल 74 बोरा मादक द्रव्य अवैध डोडा (अफीम) बरामद किया गया। बरामद डोडा का कोई कागजात नहीं रहने पर 74 बोरा अवैध डोडा को पुलिस जप्त करते हुए करवाई शुरू कर दी गई है। मौके पर ट्रक संख्या- पीबी 11 सीबी - 5370 के चालक सह मालिक एवं उसपर सवार सहकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में बताया गया कि अवैध मादक पदार्थ डोडा को राँची से तस्करी कर पंजाब बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।इस मामले में कुडू थाने में कांड संख्या 04/24 दर्ज कर धारा 15/18/22/27/27 ( ) / 29 NDPS एक्ट के तहत करवाई शुरू कर दी गई है। पकड़े गए ट्रक से 74 बोरा अवैध डोडा, जिसका कुल वजन 1491.450 केजी (चौदह सौ एक्यान्चे किलो चार सौ पच्चास ग्राम) लगभग डेढ़ टन, इस घटना क्रम में प्रयुक्त पाँच विभिन्न कम्पनियों का मोबाईल को भी जब्त कर लिया गया है। वहीं अभियुक्त रामश्रेष्ठ पासवान उम्र करीब 40 वर्ष, स्व0 अमृत पासवान, सा0-रामनगर मंडी गोविन्दनगर, थाना- मंडी गोविन्दनगर, जिला-फतेहगढ़ (पंजाब) तथा इन्द्रजीत कुमार उम्र करीब 26 वर्ष, पिता- मनोज पासवान पता- बरियातु थाना- बरियातु जिला-लातेहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस छापामारी दल में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, पुनि मंटू कुमार, पुअनि विश्वजीत कुमार सिंह, सअनि लवकुश सिंह,सुकु सोरेन, मनोज प्रजापति, गौतम कुमार, संदीप कुमार सिंह, प्रभुदास कुजूर, पवन कुमार सिंह, जावेद अख्तर, राजू महतो, मैकसेन किण्डो, गृहरक्षक नीरज कुमार मिश्र, चालक एवं सअनि बिनोद कुमार सिंह, चालक निर्मल मार्शल मिंज आदि पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू :** रविवार को ग्राम बड़की चापि गोपी टोला में डायन प्रथा के जागरूकता को लेकर बड़की चापि पंचायत के मुखिया राजधन भगत के अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही कहा गया कि यह डायन शब्द मनगढ़ंत विषय है इस पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है, ना ही किसी को डायन शब्द से संबोधित करना है और यह सब अंधविश्वास है इसलिए अंधविश्वास से दूर रहना है। इस मौके पर जेएसएलपीएस के पीएलवी जेंडर सीआरपी अणिमा एक्का,मीना उरांव, पूपेन तिग्गा ने उपस्थित होकर लोगों को डायन प्रथा के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्होंने कहा कि डायन जो कहते हैं उस पर कानूनी कार्रवाई संभव है, इसीलिए किसी को डायन शब्द से संबोधित नहीं करना है और इस अंधविश्वास में ध्यान नहीं देना है। गांव के लोग सभी कोई मिलजुल कर रहीये।

## अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक आनंद दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा के दिन भंडरा प्रखंड के सभी मंदिर में भजन-कीर्तन के निमित्त कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के आनंद दुबे ने कहा कि अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत लेकर निमंत्रण स्वीकार करने को लेकर भक्तों में उत्साह चरम पर है। इस दौरान उन्होंने भंडरा प्रखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के बीच पूजित अक्षत वितरण की समीक्षा के पश्चात कहा कि आगामी 22 जनवरी के दिन भंडरा के ठाकुरबाड़ी मंदिर में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा भजन-कीर्तन, महाआरती, नगर भ्रमण, सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अयोध्या में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण एलईडी व ग्रामीण क्षेत्रों में टीवी के माध्यम से लोगों को दिखाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कई जगहों पर सनातन धर्मावलंबियों द्वारा भव्य भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी सरना-सनातन धर्मावलंबियों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लें। मौके पर चंदन लहेरी, श्रीकांत गुप्ता, विशाल सोनी, अमर साहू, विवेक यादव, राजेश भगत, संजीत साहू, पंकज यादव, मोनू गुप्ता, सीता देवी, प्रमिला देवी, संगीता देवी, बसंती देवी, सुधा कुमारी, सीमा देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## नारी शक्ति के बिना हर काम अधूरा, मिशन 2024 को लेकर तैयारी तेज करें महिला-बहनें : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा खुंटी में महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को खुंटी लोकसभा स्तरीय मैत्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, प्रदेश से आए सेवादल के प्रभारी सुभाष जी, फ्रैंकलिन समद, लोकसभा प्रभारी सुंदरी तिर्की, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थी। गुंजन सिंह, प्रदेश से आए सेवादल के प्रभारी सुभाष जी, फ्रैंकलिन समद, लोकसभा प्रभारी सुंदरी तिर्की ने महिलाओं को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जोर शोर से जुट जाने का आह्वान किया। मौके पर लोकसभा आमचुनाव-2024 को लेकर विमर्श किया गया। साथ ही अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जोसिमा खाखा ने कहा कि मैत्री सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला-बहनों को मिशन 2024 को लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए काम करने की जरूरत है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़कर आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी विजयी बनाने के लिए पहल करनी है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के बिना कोई भी कार्य अधूरा है। खुंटी लोकसभा कांग्रेस पार्टी के सभी विंग एवं डिपार्टमेंट एकजुट होकर कार्य कर रही है। निश्चित रूप से आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। उन्होंने राहुल गांधी एवं सोनिया गंदगी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए राहुल गांधी के पदयात्रा को देश को एकसूत्र में जोड़ने के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पिंकी कुमारी, खुंटी जिला अध्यक्ष ख्रीस्तीना, सिमडेगा जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का, मंजू, सविता, दिब्या, महिमा, हेलेना लकड़ा, ज्योति तिर्की आदि उपस्थित थी।

## हर्षोल्लाष के साथ वितरण किया गया पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत रविवार को बरही व चटकपुर ग्राम में ढोल नगाड़ा बाजा गाजा के साथ अयोद्या से पूजित अक्षत और पत्रिका का वितरण करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लाला के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सम्मलित होने के आम जनों को निमंत्रण दिया गया। वही समज्ज सेवी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में हजारों की संख्या में राम भक्तों ने श्री राम का जयकारा लगते हुए हर्षोल्लाष के साथ पूजित अक्षत चावल व निमंत्रण का वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आग्रह भी किया गया। वही अक्षत वितरण कार्यक्रम के उपरान्त भंडरा का आयोजन किया गया। मौके पर श्री कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी, केशव चंद्र मौर्य, पूर्व जिप सदस्य रामलखन पतझड़, मुखिया शोभा देवी, ग्राम प्रधान शिवलाल उराँव, सतीश पाण्डेय, विश्वनाथ विश्वकर्मा, सीताराम महतो, महावीर प्रसाद, राजकुमार महतो, हरेश महतो, भीम महतो, शंकर ठाकुर, संतोष ठाकुर विद्यानंद पाठक त्रिपेश्वर पाठक अंजू ठाकुर, जन्मजय महतो, नितेश महतो, रजनीकांत महतो छतरपुर महतो बहादुर महतो निर्मला देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## राम नाम की धूम, महिलाएं घर की दहलीज लांघ कर घर-घर दे रहीं हैं निमंत्रण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई प्रखंड में अयोध्या में पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य अब अभियान का रूप ले चुका है। आज साहू चौक की मातृशक्ति पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र को लेकर घर की दहलीज लांघ कर घर-घर पहुंची और लोगों को 22 तारीख के राम मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भाग लेने का निमंत्रण दिया महिलाएं जय श्री राम जय सियाराम के नारे लगाते हुए उत्साह के साथ घर-घर जाकर निमंत्रण दे रही थी साथ ही उन्होंने बताया की 22 जनवरी को केरसई को ही अयोध्या बना दिया जाएगा,दुर्गा मंडप में एलइडी टीवी स्क्रीन पर अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया जाएगा साथ ही भजन कीर्तन पूजन भंडारा का भी आयोजन होगा जिसमें सभी राम भक्त आमंत्रित हैं। मौके पर नीलम देवी रानी देवी निर्मला देवी नीलू देवी मेनका देवी रसमणि देवी रीना देवी वसुधा देवी रिंकी देवी पूजा देवी गुड़िया देवी मौमिता साहू सुनीता देवी मीना देवी हेमलता देवी पार्वती देवी आकांक्षा सृष्टि सोनम कुमारी प्रेम देवी प्रियंका देवी शिवांश सृष्टि सोनम सिल्की रौनक उत्कर्ष तन्वी पवन कुमार मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय अंजुमन चुनाव सम्पन्न, जमील सदर व समीद अंसारी बने सेक्रेटरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड स्तरीय अंजुमन स्लामिया का चुनाव 07 जनवरी रविवार को कैरो नयाटोली मदरसा में चुनाव कमिटी के देख रेख में सम्पन्न हुई। चुनाव में प्रखंड क्षेत्र के 23 अंजुमन के कुल 155 मतदातावो ने मतदान किया। चुनाव में सदर पद पर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीद अंसारी, खजांची सनाउल्लाह अंसारी, उप सचिव महबूब आलम, उप सदर मोजेबुल अंसारी रहे। चुनाव के दौरान चुनाव में पूर्णरूप से प्रखंड के सभी अंजुमन के सदर, सेक्रेटरी, खजांची के द्वारा नियम संगत चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह पर अपना मोहर लगाया वही मतदान पर्ची का गिनती मौलाना हाफिज आलिम के द्वारा किया गया। चुनाव कमिटी में संयोजक अलीरजा अंसारी, फरीद खान, नजीर आलम खान, अतिकुर रहमान, महताब आलम, कलीम अंसारी, मतदान कर्मी के रूप में रिजवान अंसारी, नयूम अंसारी, तबारक अंसारी, मंजूर अंसारी थे साथ ही चुनाव के क्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी उपरोक्त लोंगो ने नव चयनित ओहदेदारो को बधाई दी है।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा घर-घर जाकर अक्षत चावल के माध्यम से निमंत्रण पत्र दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सोमवार को प्रखंड के भैंसमुंदो मे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं गांव की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर नेवता अक्षत चावल के माध्यम से निमंत्रण पत्र दिया गया और आमंत्रित किया गया कि 21 जनवरी को अपने घर देवालय की साफ सफाई करें, 22 जनवरी को सभी अपने गांव के देवालय में जाकर 11:00 बजे से पूजन, कीर्तन, भजन करना है, तत्पश्चात 2:00 बजे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आरती गांव गांव के लोगों को साथ साथ आरती में सम्मिलित होना है। इसके लिए नेवता घर-घर अक्षत एवं पत्रक के साथ-साथ चित्र दिया गया, घर घर नेवता देने कार्यक्रम में आनंद सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, कांति देवी, गीता देवी, प्रिंस महतो, आर्यन सिंह, अखलेश सिंह, करमचंद यादव, संध्या कुमारी रूपेश सिंह, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, बिनीता देवी, निर्मला देवी सहित अन्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर नेवता देने का कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## थाना परिसर में आयोजित हुआ विदाई समारोह कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना में कार्यरत चौकीदार का सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एस आई गणेश कुमार यादव, कुलदीप राम, ए एस आई विरेन्द्र बाखला,अलवीना लकड़ा तथा दफादार चौकीदार संघ के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी सहित अन्य पुलिसकर्मी और चौकीदार मौजूद थे। इस सेवानिवृत्त दौरान चौकीदार रंगनाथ ठाकुरा को पति पत्नी सहित उपहार व अंग वस्त्र देकर सम्मान के साथ विदाई दी गई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि आज आप सरकरी सेवा से निरवृत हो रहे हैं। जीवन से नही आपकी जीवन सफलता पूर्वक दीर्घायु रहे और स्वस्थ्य रहे। साथ ही कहा कि आपको जब इच्छा तब थाना आकर मिले और हम सभी का सहयोग करें। वही विदाई समारोह को एस आई गणेश कुमार यादव व कुलदीप राम सहित अन्य लोगो ने भी सम्बोधित करते हुए सेवा निरवृत चौकीदार रंगनाथ ठाकुर का कार्यकाल को सराहना करते हुए बाकी समय परिवार के साथ स्वस्थ्य रह कर खुशियों के साथ बिताने की कामना किया गया। वहीं रंगनाथ ठाकुरा ने कहा कि बहुत समय बाद सेन्हा थाना को सुयोग्य थाना प्रभारी के रूप में अभिनव कुमार जैसे गार्जियन मिला है। जो एक परिवार के सदस्य जैसा सभी को मान सम्मान देते हैं। इनसे आज बिछुड़ना मेरे लिये बहुत ही दुःखदाई का पल है। मौके पर दफादार चौकीदार संघ के जिला सचिव नेजवत अन्सारी, दुर्गा महली, रामचन्द्र महतो, बिफई उराँव, प्रतिमा देवी, प्रभु मिंज, सत्यनारायण, परमेश्वर लोहरा, बिना देवी, वासुदेव उराँव, रामेश्वर उराँव, सरस्वती कुमारी के अलावे पुलिसकर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## पीडीएस दुकानदारों ने बैठक कर हड़ताल का किया समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय के समक्ष पीडीएस दुकानदार संघ का बैठक नवलकिशोर नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में पीडीएस संचालकों द्वारा सभी दुकानदारों को 50 हजार महीना,पीएम जेकेएवाई का बकाया कमीशन,5 प्रतिशत सौटेज माल का बराबरी और डीलर के लिये अनुकम्पा में उम्र सीमा का बाध्यता को समाप्त करने जैसा अपने विभिन्न मांगों को लेकर फेयर प्राइस एसोसिएशन झारखण्ड प्रदेश के तत्वाधान में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहते हुए बैठक कर आगामी कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श किया गया। वही पीडीएस दुकान संचालक संघ के जिला प्रवक्ता नन्दकिशोर शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि जब तक सरकार पीडीएस दुकानदारों की मांग पर विचार नही करती है और मांगों को पूरा नही करती है।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 82 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। ठंड पर बोरसीदाग की चिंतामणि आदि को कंबल दिया गया,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है, और कहा कि अब तक 4000 से ज्यादा लोगों ने शिविर से लाभान्वित हुए, डॉ कुमुद ने कहा की ठंड के मौसम में गर्म पानी का सेवन करें, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, सचिव जयप्रकाश शर्मा एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, अशोक अग्रवाल, अतुल सर्राफ, सुधांशु मिश्रा, केश्वर महतो, अफरोज आलम, सोनू खान, गीता देवी, शिमला देवी, कमला देवी, डोमन चंद्र कर्मकार, जुगल प्रसाद, मनमोहन प्रसाद,प्राण महतो, सुरेंद्र प्रसाद, गोपाल महतो, चंपा देवी, रामचंद्र गिरी, सोनिया पोद्दार, मीना देवी, सुरेंद्र महतो, नवल कास्यंकार, तीर्थ महतो, चिंतामणि देवी, उदय प्रसाद कास्यंकार, रामपाल प्रसाद आदि थे।

## हेठगद्दी गोंड महासभा का 25 वां वार्षिक सम्मेलन सफलता पूर्वक हुआ सम्पन्न

➲ गोंड समाज के विकास के लिए भौगोलिक दूरी को दूर कर सामाजिक भावना को बढ़ाना होगा : तरुण नेताम

➲ आत्मनिर्भर समाज बनाने के लिए नशापान को त्याग कर गोटूल व्यवस्था को मजबूत करना होगा : कमलेश्वर मांझी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हेठगद्दी परिक्षेत्र में हेठगद्दी गोंड महसभा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन 25वा वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर किया गया। वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ समाज के ही बुजुर्ग पाहन - पुजारी के माध्यम से पांच कुली देवी - देवताओं के पूजा अर्चना के साथ किया गया। संध्याकालीन सत्र में सर्वप्रथम विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के महिला-पुरुषों के अगुवाई में मरदानी झूमर नृत्य के साथ नाचते गाते हुए किया गया और उन्हें सम्मानपूर्वक मुख्य आयोजन स्थल तक लाया गया। जहां अतिथियों ने दीप जलाकर मुख्य कार्यक्रम का शुरूआत किया। आयोजन समिति के महिलाओं द्वारा स्वागत गान के बाद फूल माला पहनाकर, बैज लगाकर और शॉल ओढ़ाकर अतिथियों का सम्मान किया गया। उत्तरप्रदेश से आए मुख्य अतिथि तरुण नेताम ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गोंड समाज के विकास के लिए अब भौगोलिक दूरी को कम करके सामाजिक अपनत्व की भावना को बढ़ाना होगा। छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश जैसे गोंड बहुल राज्य के लोगों के साथ भी रोटी- बेटी का संबंध को बढ़ाते हुए भाषा, संस्कृति और परंपरा को आदान -प्रदान करना होगा। गांव के युवाओं को आधुनिक समयानुसार स्कील्ड होना होगा और समाज के बागडोर को अपने हाथों पर लेना होगा। विशिष्ट अतिथि कमलेश्वर मांझी ने कहा कि हमें आत्मनिर्भर समाज की स्थापना करना है। हर समस्या का समाधान समाज के अंदर ही ढूंढना होगा। गोटूल व्यवस्था जैसे हमारे प्राचीन व्यवस्था को पुनर्जीवित करना होगा ताकि हमारे बच्चे आधुनिक समय के अनुसार ढलते हुए अपने पुराने संस्कृति और व्यवस्था को भी आगे ले चलने में अपनी भूमिका निभा सकें। नशापन को त्याग कर एक स्वच्छ, सशक्त और सुंदर समाज की स्थापना करना ही मेरा उद्देश्य है। देवनंदन प्रधान ने गोंडी भाषा, संस्कृति और इतिहास के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। इसके अलावा सुशांत कुमार नायक, राजू नायक, कमल ठाकुर, सुनीता देवी, अनुज बेसरा, देवसिंह मांझी, दलमति बेसरा, राजेश्वर प्रधान, बंधु मांझी,शांति देवी, माधुरी देवी, रुक्मिणी देवी ने भी अपने विचार समाज के बीच रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर श्रीरामनवमी पूजा महासामिति जेनरल द्वारा निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रभु श्रीरामलला के होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता दौलत सोनी के द्वारा किया गया। बैठक में शहर के विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारी एवं कार्यकता उपस्थित थे। बैठक में सभी अखाड़ों के लोगों ने प्रभु श्रीरामलला के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अपने-अपने स्तर से भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम करने एवं शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया। साथ ही साथ समस्त रामभक्तों से 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में संध्या में दीप जलाने एवं घर के छत पर महावीरी झंडा लगाने का आग्रह किया गया। श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि शोभायात्रा दोपहर के 2 बजे काली स्थान मंदिर के प्रांगण से निकलेगी जो मुख्य पथ होते हुए रामलला मंदिर में समापन होगी। बैठक का संचालन महामंत्री उमेश कश्यप ने किया। बैठक में महामंत्री आचार्य आशिष वैद्य, संरक्षक मोहन स्वर्णकार, संगठन मंत्री पिंटू कुमार ओला, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार छोटू, विवेक सिन्हा, दीनदयाल पासवान, सोनू सिंह, मिलन सोनी, विशाल जायसवाल, मनोज महतो, नमन केसरी, अशोक मधेसिया, शुभम् केसरी, विमल केसरी, शुभम् चौबे, लक्ष्मण उपाध्याय, करण चन्द्रवंशी, संजय केसरी, राहुल मोदनवाल, अविनास पासवान, बलवंत सोनी, पवन सोनी, मयंक सोनी आदि उपस्थित थे।

### बभंडी को हराकर पतरिया ने जमाया कर्नल कप पर कब्जा

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप 2023 की विजेता पतरिया की टीम बनी। फाइनल मुकाबले में पतरिया की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में बभंडी को 3-0 से हराकर कप पर कब्जा जमाया। मैच की समाप्ति के उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीम के बीच पुरस्कार एवं ट्राफी का वितरण फाइनल मैच के मुख्य अतिथि छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार भाजपा नेता जवाहर पासवान ओवरा के पूर्व विधायक सोमप्रकाश यादव क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा एवं राम प्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। तथा मैच के प्रारंभ में खिलाड़ियों से परिचय व किक मारकर फाइनल मैच का शुरुआत छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने की। मौके पर हीरा कुमार ने कहा कि वर्तमान दौर में खेल में भी बेहतर कैरियर बनाने का अवसर है। ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आयोजन समिति के संरक्षक कर्नल डॉक्टर संजय सिंह ने कर्नल कप 2023 के आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डाला और कहा कि ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ी प्रतिभागी करें इसलिए हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जा रहा है हमारे झारखंड के गुमला और खूंटी जैसे इलाकों से गरीब आदिवासी के बच्चे बिना संसाधन के इंडियन टीम में खेल रहे हैं।फाइनल मैच में निर्णायक के रूप में धीरेंद्र कुमार बैठा, नेहाल मिर्जा, सुदय सिंह, लालकेश्वर पासवान, कविन्दर पासवान, सगीर अहमद व विनय सिंह ने अहम योगदान दिया। इस मौके पर हुसैनाबाद पुर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान अखिलेश मेहता समाजसेवी भुवनेश प्रसाद सिंह, क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह, भाजपा नेता मोनु सिंह, लालबहादुर सिंह मुखिया ओमप्रकाश कुमार नरेंद्र ठाकुर विकास सिंह क्लब के सदस्य मनोज शर्मा, जयकुश सिंह, सुधीर कुमार सिंह, लाल धन ठाकुर, सुभाष कुमार, ताकि रिजवी, इसरार अहमद, अमित सिंह, भानु सिंह आदि मौजूद थे।

# स्कूल ब्राइट फ्यूचर पहुंचा सेमी फाइनल में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल को 42 रनो से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार स्कूल ब्राइट फ्यूचर के हम्माद को सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज के डॉ. उमेश सहाय, गोविंद हाई स्कूल के प्राचार्य विश्वविजय सिंह, संजीत सिन्हा, शिक्षक अभिषेक रंजन, मनोज कुमार मौर्य, शिव कुमार, नीतीश कुमार, शशि कुमार ने प्रदान किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने हम्माद के 41 रनो के सहयोग से छह विकेट खोकर 135 रन का स्कोर खड़ा किया। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की और से आरिफ ने दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल ने निर्धारित ओवर में ऋतिक के 36 रन के सहारे आठ विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। स्कूल ब्राइट फ्यूचर की और से नीरज ने दो विकेट झटके। मौके पर डॉ. उमेश सहाय ने कहा की खेल से बच्चों का शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, संवेगात्मक विकास, सामाजिक विकास एवं नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है। यह काम आयोजन समिति के लोग कर रहे हैं। प्राचार्य विश्वविजय सिंह ने कहा की खेल से शरीर में फुर्ती बनी रहती हैं। साथ ही खेल से हम स्वस्थ जिंदगी जी सकते हैं। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार दुबे, विशाल कुमार, मनोज तिवारी, रोहन तिवारी, प्रबीण मिश्रा, आलोक, प्रिंस खान, मनीष उपाध्याय, हार्दिक तिवारी, प्रिंस दुबे, नैतिक कुमार, निपुण, अर्णव आदि शामिल थे।

### हार जीत की परवाह किए बिना जन सेवा में लगे रहते हैं मंत्री मिथिलेश : नितेश सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रंका :** रंका प्रखंड के खपरो पंचायत में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन महाजुटान सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खपरो परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर की ओर से पंचायत के लगभग 500 वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर 100 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि हम गरीबों के सेवा में हमेशा से लगे रहते हैं। मंत्री श्री ठाकुर हार जीत का परवाह किए बिना दिन रात असहाय, वंचितों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यको के लिए काम करते रहते हैं। आज गढ़वा जिला पूरे झारखंड में सबसे अग्रणी जिला के रूप में स्थापित हो रहा है जो पूर्व के जन प्रतिनिधियों के गाल पर एक जोरदार तमाचा है। जो वर्षों तक इस क्षेत्र का विधायक, मंत्री रहे और गढ़वा को हिंदुस्तान का सबसे पिछड़ा जिला बनाकर रखा था। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब अब हेमंत सोरेन की सरकार में अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी को चैलेंज करते हुए कहा कि यदि पूर्व विधायक में दम है तो वे अपने 10 साल के केवल विधायक निधि का कार्य भर जनता को बता दें तो उन्हें नेता मानूंगा।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों के बीच किया गर्म कपडों का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** ठंड के लगातार बढ़ते प्रकोप को देखते हुए वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ईकाई कपड़ा बैंक मेदिनीनगर द्वारा लगातार सुदूरवर्ती गांवों में अति जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े और कंबल का वितरण जारी है। इसी क्रम में आज टीम वरदान रामगढ़, नावाडीह, पिपराही के करवन, बिरजिया और परहिया जनजातियों के बीच पहुंची और लोगों को ग्रम कपड़े, डेली युज के कपड़े और कंबल देकर राहत प्रदान की। इस टीम के लोगों को गांववालों ने बहुत दुआएं दीं और कहा कि ÷नाम के अनुरूप आप सब सचमुच हमारे जैसे लोगों के लिए वरदान है।

टीम वरदान से आज वितरण कार्य में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा विवेक वर्मा, ज्योति भाटिया, दूरदर्शन के इंजीनियर श्री अनुज कुमार सिंह और लक्ष्य श्रेष्ठ उपस्थित थे। कंबल वितरण के अलावा वहां के लोगों स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। बता दें कि वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर जाड़े की सीजन में गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया जाता है।

## पर्यावरणविद कौशल ने क्रिकेट मैच का किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** जिले के छत्तरपुर अनुमंडल के चराई पंचायत में कोस्को क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित मैच का औपचारिक शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने टॉस के उपरांत बैटिंग कर किया। वहीं उन्होंने क्षेत्र के अलग अलग दो श्राद्धकर्मो में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण भी किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई । उन्होंने कहा कि युवा कला व संस्कृति वन पर्यावरण के प्रमुख अंग और राष्ट्र का धरोहर होते है। उसकी हिफाजत करना समाज के सभी लोगों का परम दायित्व होता है। क्योंकि विश्व का विकास का बुनियाद उस देश का युवा होते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में खिलाड़ियों और प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उस ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को निकाल कर देश स्तर तक पहुंचने के लिए उचित प्लेटफार्म की व्यवस्था करने की। मैच के आयोजक व कमेंट्रेटर उपेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होने पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।उद्घाटन मैच सिलदाग और कुम्मी खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें सिलदाग की टीम विजयी हुआ पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने अपने जन्म भूमि डाली के स्व रौशन अंसारी और स्व ठाकुर मनिया देवी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उनके परिजनों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि यदि घर में गार्जियन के सिर से साया हट जाए तो उनके नाम से पौधरोपण करने से न सिर्फ उनकी यादें अमिट हो जाती है बल्कि उन्हें उनका कई लाभ भी उससे मिलते रहता है। मौके पर प्रमुख लोगों में क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष संदीप यादव, सचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष चंचल सिंह,पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, राजेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, दरोगा सिंह, और डाली में स्व रोशन अंसारी के भाई जमीर अंसारी, पुत्र नसरुद्दीन अंसारी, गोल्डन अंसारी,उप मुखिया अफजाल अंसारी, स्व ठाकुर मनिया देवी के पुत्र बचेस यादव, राज्य किशोर यादव, मिथिलेश यादव, कमलेश यादव, प्रेम शंकर यादव, रवि शंकर यादव, जमुना यादव ,सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, नंदू विश्वकर्मा, वासुदेव यादव,जहरु अंसारी, करीमन अंसारी, सुरेश सिंह, मंटू सिंह, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह अनिल सिंह,आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ की ऑनलाईन बैठक संपन्न

## विश्वविद्यालय को छह सूत्री मांग पत्र सौंपने का निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय इकाई की बैठक रविवार को महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय की अध्यक्षता में जूम एप्प के माध्यम से ऑनलाईन संपन्न हुई। बैठक में महासंघ की ओर से 22 जनवरी 2019 को सौंपे गए 11 सूत्री मांग पत्र पर विश्वविद्यालय द्वारा अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने तथा मूल्यांकन कार्य के दौरान ठहराव भत्ता 160 रुपए से घटाकर 135 रुपए किए जाने पर असंतोष जताया गया। उल्लेखनीय है कि महासंघ की ओर से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को 22 जनवरी 2019 को संबद्ध डिग्री महाविद्यालय से संबंधित समस्या से जुड़ी 11 सूत्री मांग पत्र सौंपी गई थी। साथ ही कई मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति, कुल सचिव एवं प्रतिकूलपति के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर महासंघ के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने असंतोष जताते हुए एक स्वर से कहा कि विश्वविद्यालय संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के साथ निरंतर सौतेला पूर्ण व्यवहार कर रहा है जो निंदनीय है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महासंघ की ओर से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अधिकारियों को पुनः 6 सूत्री मांग पत्र महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा दिया जाएगा जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित एक्ट 18 (16) तथा 20 के तहत स्थाई संबद्ध कॉलेजों को सीनेट में प्रतिनिधित्व देने समेत पूर्व में दिए गए आश्वासन के आलोक में 11 सूत्री मांग पत्र पूरा किए जाने, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से जो भी परीक्षा संबंधित कार्य संपन्न कराया जाता है उसका तथा ठहराव भत्ता में महंगाई को देखते हुए वृद्धि करने, मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा एवं प्रश्न पत्र चयन जैसे मामले की बकाया राशि का यथाशीघ्र भुगतान कराने, संगठन को सशक्त बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अधीनस्थ सभी अस्थायी तथा स्थायी कॉलेजों का विजिटकर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

**मांग पत्र सौंपने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया**

विश्वविद्यालय के पदाधिकारी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया। जिसमें महासंघ के संरक्षक तथा एके सिंह कॉलेज जपला के प्राचार्य डा. सूर्यमणि सिंह, बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार के प्राचार्य एवं महासंघ के संरक्षक प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी, महासंघ के अध्यक्ष तथा एसपीडी कॉलेज गढ़वा के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष महासंघ के वरीय उपाध्यक्ष प्रो. बीबी सिंह, एमके कॉलेज डंडार कला पांकी के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा महासंघ के महासचिव प्रो. बंशीधर सिंह तथा गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय के उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष तथा महासंघ के प्रवक्ता प्रो. मकबूल मंजर को शामिल किया गया।

**15 जनवरी से 30 जनवरी के बीच चलेगा सदस्य अभियान**

बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अधीनस्थ सभी स्थायी तथा अस्थायी संबद्ध महाविद्यालयों का 15 जनवरी से 30 जनवरी के बीच संघ के द्वारा विजिट कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य के लिए महासंघ के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, महासंघ के महासचिव प्रो. बंशीधर सिंह, कोषाध्यक्ष डा. आलोक कुमार पाठक को जिम्मेवारी सौंपी गया जो आवश्यकता अनुसार महासंघ के अधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से 30 जनवरी तक सदस्यता अभियान का कार्य संपन्न करेंगे।

### अबुआ आवास योजना के छूटे आवेदनों की अब ऑनलाइन इंट्री नौ तक होगी

रांची : राज्य में संचालित अबुआ आवास योजना के लिए छूटे हुए आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री नौ जनवरी तक होगी। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने सभी जिलों के डीसी, डीडीसी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि अलग-अलग स्रोतों के जरिये यह सूचना मिल रही है कि कतिपय जिलों में अबुआ आवास योजना अंतर्गत अनेक लाभुकों के आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्टि प्रखंड, पंचायत स्तर पर अबतक लंबित है।इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अंतिम अवसर के तौर पर आठ और नो जनवरी 2024 तक अबुआ आवास योजना के लाभुकों द्वारा समर्पित लंबित आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री की जाये। इस अवधि के बाद भी यदि प्रखंड, पंचायत स्तर पर आवेदन लंबित रहे तो इससे संबंधित दोषी पदाधिकारी, कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि को चिन्हित कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाये।

## सीएम योगी ने कराया अन्नप्राशन



एजेंसी

**गोरखपुर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के रविवार के दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत की। उनकी बातें सुनाई और खुद भी कुछ सलाह दी। इस दौरान बच्चों का अन्नप्राशन भी हुआ। एक मुस्लिम बच्चे का अन्नप्राशन केंद्र बिंदु में रहा। सबकी निगाहें मुस्लिम बच्चे के अन्नप्राशन की ओर टिकी रहीं। योगी मुस्कुराकर इस संस्कार को पूरा करते रहे। कार्यक्रम के दौरान ही सीएम योगी के हाथों में एक मुस्लिम महिला के बच्चे का अन्नप्राशन हुआ। यह क्षण, सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा। अपने बच्चे को मुख्यमंत्री के हाथों में खेलता देख महिला बेहद प्रफुल्लित थी। अन्नप्राशन कराने के बाद सीएम ने बच्चे को उपहार दिया और उसे काफी देर तक दुलारा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रविवार के दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं यथा पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बीसी सखी, उज्ज्वला, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। उनकी बातों और दिक्कतों को महसूस करने की कोशिश की तो कुछ सुझाव देकर उनके जीवन की डगर को आसान करने का प्रयास भी किया। इधर, लाभार्थियों ने अपने अनुभव सुनाते हुए मोदी-योगी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देना ही मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वह अन्य लोगों को भी जागरूक कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं।

**लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, कंबल व मिष्ठान वितरण:** मुख्यमंत्री योगी ने पीएम आवास योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, कंबल व मिष्ठान वितरित किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सबको विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागो द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टालों पर भी कंबल वितरण किया।

## सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा जिला वॉलीबॉल टीम डालटनगंज रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** झारखंड वालीबाल संघ के तत्वावधान में पलामू जिला वालीबाल संघ द्वारा 7 से 12 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा जिला वॉलीबॉल (पुरुष और महिला) टीम रविवार को डाल्टनगंज के लिए रवाना हुई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि सीनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए महिला वर्ग में प्रिया कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, रश्मि कुमारी, वैष्णवी कुमारी चौहान, सिमल कुमारी, अंजली कुमारी, कशिश कुमारी तथा मुस्कान कुमारी, पुरुष टीम में संजय कुमार, निखिल कुमार, पवन कुमार, मोहित कुमार, आलोक विश्वकर्मा, शुभम पांडेय, उपेंद्र विश्वकर्मा, शमशेर अंसारी, सौरभ कुमार चौबे, कविकांत कुमार, प्रियांशु गुप्ता, अभिनव श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। महिला टीम का टीम मैनेजर एके सिंह तथा पुरुष टीम का टीम मैनेजर ओमप्रकाश तिवारी को बनाया गया है। जिला हाई स्कूल डाल्टनगंज के मैदान में यह प्रतियोगिता आयोजित है। मौके पर वालीबाल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार पाठक, सचिव ओमप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे, विधायक खेल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, रामप्रवेश तिवारी उपस्थित थे। सभी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामना दी।

### हिमाचल में एक साल में लगे 102 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने की कवायद कर रही है। डेयरी क्षेत्र को विस्तार प्रदान कर प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। दुग्ध उत्पादन में पारदर्शिता लाने के लिए राज्य में पिछले एक साल में 102 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट (एएमसीयू) में स्थापित किए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 455 स्वचालित मिल्क कलेक्शन यूनिट कार्यशील हैं।एक सरकारी प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुग्ध उत्पादकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से दूध का खरीद मूल्य 6 रुपये बढ़ाने की घोषणा की है। यह निर्णय दुग्ध उत्पादकों की खुशहाली और समृद्धि की दिशा में सहायक सिद्ध होगा।प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए कसी कमर

*** इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा के सफलतापूर्वक समापन के बाद अब कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आरंभ कर रही है। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के चलते कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने समस्त देश के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की। बैठक की शीर्षक हैं तैयार हम रखा गया। इस बैठक में अपनी कमियों और आगे की रणनीति पर विचार और चर्चा की गई। इस राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कामयाब बनाने तथा जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया। कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि हमारे पास 100 दिन का समय शेष है। इस दौरान हमें जनता से संपर्क करना है।

राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी ने न केवल कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में जान फूंकी है बल्कि इस विभाग को हर स्तर पर विस्तार देने का काम किया है।कांग्रेस महासचिव तारीक अनवर ने कहां कांग्रेस ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का एक इतिहास रचा है। अल्पसंख्यकों को मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें सामान्य दर्ज देना कांग्रेस का उद्देश्य रहा है जबकि भारतीय जनता पार्टी इसका उलट करती चली आ रही है। महिला विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा देश में एक नई जागरूकता पैदा करेगी और इसके द्वारा जो पैगाम समाज में जाएगा। यदि हम इसे पहचाने में कामयाब हो गए तो देश का भाग्य बदल सकता है। कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी एवं अल्पसंख्यकों के प्रभारी के राजू ने इस मौके पर कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी ने जिस तेजी से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचा है और समय-समय पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने कांग्रेस के हर सम्मेलन धरने प्रदर्शन भारत जोड़ो यात्रा भारत जोड़ो मुशायरा भारत जोड़ो बुनकर सम्मेलन देश के कोने-कोने में आयोजित किया है। इससे पूरे देश से नए लोगों ने कांग्रेस की तरफ एक नई उम्मीद के साथ देखा है। बैठक को संबोधित करते हुए कर्नाटक सरकार मंत्री जमीर अहमद ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होते हुए कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी के कार्यकाल में जिस तरह से सभी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को राष्ट्रीय कमेटी में जगह दी गई है इसे देखकर मालूम होता है कि अल्पसंख्यक विभाग पहले सिर्फ



मुसलमानो का विभाग समझा जाता था। लेकिन आज इस विभाग में सिख जैन बौद्ध ईसाई महिलाओं की भागीदारी देखकर मालूम होता है कि आज यह कांग्रेस पार्टी का सबसे ज्यादा मजबूत और ताकतवर विभाग है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने अल्पसंख्यक विभाग पर कहा कि मेरा बीते 35 साल से ज्यादा का समय कांग्रेस के साथ हो गया है। इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में कांग्रेस का तेज गति से विकास हो रहा है। इस अवसर पर इमरान प्रतापगढ़ी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया किया और अल्पसंख्यक विभाग के सभी पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी।